रविवारीय
लखनऊ, रविवार
14 जून, 2026
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष 14
सं. 2083 वि.
वर्ष 79, अंक - 292 पृष्ठ 16
संस्करण : नगर
मूल्य : 4 रुपये

स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी
लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित
# स्वतंत्र भारत
epaper : epaper.swatantrabharat.net


भारत के खिलाफ मैच से पहले चोटिल हुईं पाकिस्तान की कप्तान फातिमा



## अब युद्ध का चेहरा बदल चुका : रक्षा मंत्री

**हैदराबाद।** आधुनिक युद्ध के बदलते स्वरूप और नई तकनीकों से पैदा हो रही चुनौतियों के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय वायुसेना के नए अधिकारियों को भविष्य के युद्ध के लिए तैयार रहने

- वायुसेना के नए योद्धाओं को रक्षा मंत्री ने दिया ट्रिपल ए का मंत्र



का संदेश दिया है। तेलंगाना के हैदराबाद स्थित एयर फोर्स अकादमी में 217वें कोर्स की संयुक्त स्नातक परेड (सीजीपी) को संबोधित करते हुए उन्होंने कैडेट्स को एडाप्ट, अडॉप्ट और अमेंड का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि आज की लड़ाइयां केवल सैनिकों और हथियारों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि ड्रोन, सैटेलाइट, सेंसर, रोबोटिक्स और साइबर तकनीकें युद्ध का स्वरूप बदल रही हैं।

रक्षा मंत्री ने प्रशिक्षण पूरा करने वाले कैडेट्स को बधाई देते हुए कहा कि उनके जीवन का एक महत्वपूर्ण चरण समाप्त हुआ है, लेकिन असली जिम्मेदारी अब शुरू होने जा रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय वायुसेना हमेशा देश की सुरक्षा की ढाल और तलवार दोनों रही है। उन्होंने कैडेट्स से कहा कि बदलती परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढालें, नई तकनीकों को अपनाएं और जरूरत पड़ने पर अपनी रणनीतियों में बदलाव भी करें। उन्होंने यह भी कहा कि केवल मेहनत ही नहीं, बल्कि स्मार्ट वर्क और नवाचार भी भविष्य की सफलता की कुंजी होंगे। राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन में भारतीय वायुसेना की ऐतिहासिक भूमिका को भी याद किया। उन्होंने कहा कि 1947-48 के कश्मीर युद्ध के दौरान श्रीनगर एयरलिफ्ट ने युद्ध की दिशा बदल दी थी।

## आकाश और समुद्र में देश की रणनीतिक ताकत का सफल प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** बदलते वैश्विक सुरक्षा माहौल और लगातार उभरते मिसाइल खतरों के बीच भारत ने अपनी रक्षा क्षमता को नई ऊंचाई पर पहुंचाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। रक्षा

- अब आसमान से आने वाले खतरे और समुद्र में छिपे दुश्मन के लिए तैयार है भारत

अनुसंधान एवं विकास संगठन ने बहुस्तरीय बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस प्रणाली और नई नौसैनिक एंटी-शिप मिसाइल का सफल परीक्षण कर देश की रणनीतिक ताकत का प्रदर्शन किया है। इन सफल परीक्षणों ने न केवल भारत की सुरक्षा तैयारियों को मजबूत किया है, बल्कि स्वदेशी रक्षा तकनीक के क्षेत्र में भी बड़ी उपलब्धि दर्ज कराई है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार 10 और 11 जून को लगातार तीन उड़ान परीक्षण किए गए। इन परीक्षणों में बहुस्तरीय बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस प्रणाली का सफल प्रदर्शन किया गया। परीक्षण के दौरान इंटरसेप्टर मिसाइलों ने



अपने निर्धारित लक्ष्यों को सटीकता के साथ निशाना बनाकर नष्ट किया। यह प्रणाली आधुनिक तकनीकों से विकसित की गई है, जिसका उद्देश्य भविष्य में सामने आने वाले जटिल मिसाइल खतरों का मुकाबला करना है। रक्षा विशेषज्ञ इसे भारत की सामरिक सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि मान रहे हैं।

इन सफल परीक्षणों के बाद भारत उन चुनिंदा देशों की श्रेणी में शामिल हो गया है, जिनके पास बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस क्षमता मौजूद है। रक्षा मंत्रालय का कहना है कि यह प्रणाली इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल श्रेणी तक के खतरों से निपटने की क्षमता रखती है। इसका मतलब यह है कि लंबी दूरी से दागी जाने वाली मिसाइलों को भी भारतीय सुरक्षा तंत्र हवा में ही रोक सकता है। यह उपलब्धि भारत की प्रतिरोधक क्षमता और राष्ट्रीय सुरक्षा ढांचे को नई मजबूती देती है।

मिसाइल रक्षा प्रणाली के अलावा डीआरडीओ ने पहली बार नेवल एंटी-शिप मिसाइल-मीडियम रेंज का भी सफल उड़ान परीक्षण किया। यह मिसाइल भारतीय सशस्त्र बलों, विशेषकर नौसेना की समुद्री मारक क्षमता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। आधुनिक युद्ध में समुद्री सुरक्षा का महत्व लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में यह मिसाइल दुश्मन के युद्धपोतों और समुद्री लक्ष्यों को प्रभावी ढंग से निशाना बनाने में मदद करेगी। इससे हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की रणनीतिक स्थिति और मजबूत होगी।

## असम में कार्गो प्लेन क्रैश, पांच जवान शहीद

**नई दिल्ली।** भारतीय वायु सेना की तरफ से बताया गया है कि असम के जोरहाट में एएन-32 विमान दुर्घटना में पांच जवान बलिदान हो गए हैं। वायुसेना की तरफ से जवानों के बलिदान पर गहरा दुख जताया गया है। वायुसेना का कहना है कि स्क्वाड्रन

- लैंडिंग के तुरंत बाद आग की चपेट में आ गया था विमान
- कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश



लीडर प्रशांत सिंह, फ्लाइट लेफ्टिनेंट शुभम कुमार, सार्जेंट जितेंद्र शर्मा, अग्निवीरवायु खेमाराम कुमावत और अग्निवीरवायु दानिश आलम ने ड्यूटी के दौरान सर्वोच्च बलिदान दिया।

**जोरहाट एयर फोर्स स्टेशन पर हादसा**

बता दें कि, असम के जोरहाट एयर फोर्स स्टेशन पर शनिवार को भारतीय वायुसेना का एएन-32 मालवाहक विमान लैंडिंग के तुरंत बाद आग की चपेट में आ गया था। इस घटना के बाद एयरबेस पर अफरा-तफरी मच गई और तुरंत इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम ने अपना काम शुरू कर दिया। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, जैसे ही विमान रनवे पर उतरा, उसमें अचानक आग लग गई और उससे घना धुआं उठने लगा। यह नजारा काफी भयावह था, जिसे देखते ही एयरपोर्ट और वायुसेना की फायर और रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंच गई। उन्होंने तुरंत आग बुझाने का अभियान शुरू किया। प्रारंभिक रिपोर्टों के मुताबिक हादसा उस समय हुआ जब एएन-32 विमान जोरहाट हवाई पट्टी पर उतरने का प्रयास कर रहा था। हालांकि भारतीय वायुसेना की ओर से अभी तक इस घटना को लेकर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। सूत्रों के अनुसार दुर्घटना के कारणों की जांच कराई जाएगी और आधिकारिक पुष्टि के बाद ही विस्तृत जानकारी सामने आने की संभावना है।

### सोवियत दौर में बना था विमान

एएन-32 विमान, जो सोवियत दौर में बना था, भारतीय वायुसेना के लिए कई दशकों से एक अहम ट्रांसपोर्ट विमान रहा है। खासतौर पर पूर्वोत्तर और पहाड़ी इलाकों में सामान और जवानों को पहुंचाने में इसका बड़ा योगदान रहा है। लेकिन इसके साथ पहले भी कई हादसे जुड़े रहे हैं, जिससे इसकी सुरक्षा को लेकर समय-समय पर सवाल उठते रहे हैं।

## 8वें वेतन आयोग की शर्तों को मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने 8वें वेतन आयोग के नियम और शर्तों यानी टर्म्स ऑफ रेफरेंस को मंजूरी दे दी है। इसके बाद अब करीब 55 लाख सेवारत कर्मचारियों और 69 लाख पेंशनर्स की सैलरी, पेंशन और

- फिटमेंट फैक्टर 3 होने पर 45 हजार हो जाएगी बेसिक सैलरी
- 1.24 करोड़ कर्मचारियों-पेंशनर्स को फायदा

भत्तों में बड़े बदलाव की उम्मीद है। वहीं आयोग को अपनी सिफारिशें सौंपने के लिए 18 महीने का समय दिया गया है। फिटमेंट फैक्टर वह गुणांक यानी मल्टीप्लायर है जिसका इस्तेमाल केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनर्स की बेसिक सैलरी को रिवाइज करने के लिए किया जाता है। नया सैलरी स्ट्रक्चर तय करने में इसकी भूमिका सबसे जरूरी होती है। 7वें वेतन आयोग में 2.57 का फिटमेंट फैक्टर लागू किया गया था, जो 2016 से प्रभावी हुआ था। इसके तहत अगर किसी कर्मचारी की बेसिक सैलरी 15,000 थी, तो वह बढ़कर 38,550 हो गई थी।

## लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ होंगे अगले आर्मी चीफ

**नई दिल्ली।** लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ देश के अगले आर्मी चीफ (चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ) होंगे। केंद्र सरकार ने शनिवार को उनकी नियुक्ति की। सेठ अभी उप सेना प्रमुख (वाइस चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ) के पद पर कार्यरत

- जनरल उपेंद्र द्विवेदी की जगह लेंगे
- दो महीने पहले उप सेना प्रमुख बने थे




हैं। वे 30 जून को 31वें आर्मी चीफ का पद संभालेंगे। सेठ मौजूदा आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी की जगह लेंगे।

जनरल उपेंद्र द्विवेदी का कार्यकाल 30 जून को खत्म होगा। उन्होंने 30 जून 2024 को आर्मी चीफ का पद संभाला था। आर्मी चीफ का कार्यकाल 3 साल या 62 साल की उम्र (दोनों में जो भी पहले पूरा हो) तक होता है।

दिसंबर 1986 में आर्मर्ड कोर में कमीशन हासिल करने वाले धीरज सेठ को करीब 40 साल का सैन्य अनुभव है। उन्होंने रेगिस्तान, जम्मू-कश्मीर और पश्चिमी मोर्चे सहित कई संवेदनशील क्षेत्रों में कमान संभाली है। धीरज सेठ दक्षिण-पश्चिमी कमान और दक्षिणी कमान के जीओसी-इन-सी भी रह चुके हैं। वे पश्चिमी मोर्चे पर दो ऑपरेशनल कमानों का नेतृत्व करने वाले चुनिंदा अधिकारियों में शामिल हैं। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र मिशन (अंगोला), सेना मुख्यालय और क्षमता विकास से जुड़े कई अहम पदों पर भी काम किया है। वे नेशनल डिफेंस एकेडमी (एनडीए) खड़कवासला, इंडियन मिलिट्री एकेडमी (आईएमए जूनियर कमांड कोर्स में फर्स्ट रैंक और डीएसएससी में बेस्ट ऑल राउंड स्टूडेंट ऑफिसर मेडल हासिल कर चुके हैं।

## प्रयागराज : मार्निंग वॉक पर निकले बुजुर्ग की गोली मारकर हत्या

**प्रयागराज।** कर्नलगंज थाना क्षेत्र के लल्ला चुंगी के पास शनिवार को एक बुजुर्ग की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बाइक सवार दो बदमाशों ने

- भरण पोषण के विवाद में बेटे ने उतारा मौत के घाट

घटना को अंजाम दिया। घटनास्थल से इलाहाबाद विश्वविद्यालय पुलिस चौकी से थोड़ी दूर पर स्थित है। शिवकुटी थाना क्षेत्र के लाला की सराय मोहल्ले के रहने वाले राम दुलारे कोरी शनिवार को मार्निंग वॉक पर निकले थे। लल्ला चुंगी के पास वह लहूलुहान अवस्था में सड़क पर पड़े मिले। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस उन्हें अस्पताल ले गई, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार बुजुर्ग के सीने में गोली मारी गई है। इसके बाद पुलिस हरकत में आ गई। आईट्रिपलसी कैमरों को खंगालने पर पता चला कि घटना को किसी और ने नहीं बल्कि बुजुर्ग के सबसे छोटे बेटे अखिलेश उर्फ शिवा ने ही अंजाम दिया है।

## राम जन्मभूमि ट्रस्ट के अनुरोध पर योगी सरकार ने गठित की एसआईटी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट में दान राशि के कथित गबन और उससे जुड़े सुरक्षा तंत्र में संभावित चूक के मामले में अब जांच प्रक्रिया को और गति मिल गई है।

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुरोध पर शासन ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन कर दिया है। तीन सदस्यीय इस समिति में लखनऊ मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत, आईएएस को अध्यक्ष बनाया गया है, जबकि आईजी रेंज किरन एस, आईपीएस और वित्त विभाग के विशेष सचिव नील रतन को सदस्य नामित किया गया है। मामले का सबसे गंभीर पहलू यह माना जा रहा है कि कथित रूप से दानपात्र की धनराशि लंबे समय तक मंदिर परिसर से बाहर जाती रही, लेकिन

- सीएम के निर्देश पर बनी तीन सदस्यीय समिति, दान राशि गबन और सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े पहलुओं की होगी जांच

सुरक्षा व्यवस्था को इसकी भनक तक नहीं लगी। ऐसे में एसआईटी वित्तीय अनियमितताओं के साथ-साथ सुरक्षा जांच, निगरानी व्यवस्था और प्रवेश-निकास नियंत्रण प्रणाली में संभावित खामियों की भी पड़ताल करेगी। सीसीटीवी कवरेज, सुरक्षा कर्मियों की ड्यूटी और संपूर्ण निगरानी तंत्र की प्रभावशीलता भी जांच के दायरे में रहेगी। यदि किसी स्तर पर लापरवाही या मिलीभगत सामने आती है तो संबंधित कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। गौरतलब है कि राम मंदिर के दानपात्र से चढ़ावे की धनराशि के कथित गबन के आरोप में रुदौली क्षेत्र के मीनापुर ठकुरन, फगौली गांव में छापेमारी कर 10 से 12 लाख रुपये बरामद किए गए थे। यह कार्रवाई श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में की गई। बरामदगी आरोपी लवकुश मिश्रा के घर से हुई, जो मंदिर में कर्मी के रूप में कार्यरत रहा है। आरोपी के पिता बच्चूलाल ने बताया कि ट्रस्ट से जुड़े तीन-चार लोग उनके घर पहुंचे और ताला तोड़कर नकदी अपने साथ ले गए। उन्होंने दावा किया कि उन्हें इस धनराशि की कोई जानकारी नहीं थी, क्योंकि वह गाजियाबाद में रह रहे थे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अयोध्या में बन रहे मकान का उनके बेटे से कोई संबंध नहीं है और उसके निर्माण के लिए उन्होंने अपनी 10 से 12 बीघा जमीन गिरवी रखी है।

## ईरान से आज होगा समझौता

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि ईरान के साथ रविवार को शांति समझौते पर हस्ताक्षर होने वाले हैं। इसके तुरंत बाद होर्मुज स्ट्रेट सभी जहाजों के लिए खोल दिया जाएगा।

- उसे कोई पैसा भी नहीं देंगे, डील के बाद होर्मुज सभी के लिए खुल जाएगा

ट्रम्प ने यह भी कहा कि इस समझौते के तहत अमेरिका ईरान को कोई पैसा नहीं देगा। उन्होंने ओबामा प्रशासन पर आरोप लगाया कि उसने ईरान को अरबों डॉलर दिए थे, जिनमें 1.7 अरब डॉलर नकद भी शामिल थे। ट्रम्प ने कहा कि हालात सामान्य होने के बाद अमेरिका ईरान का न्यूक्लियर डस्ट निकालकर तबाह करेगा। उनके मुताबिक, यह काम ईरान में या अमेरिका में किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अमेरिका भविष्य में ईरान और पूरे मिडिल ईस्ट के साथ बेहतर संबंध चाहता है। हालांकि उन्होंने चेतावनी भी दी कि अगर यह प्रोसेस सफल नहीं हुई तो अमेरिका के पास आखिरी विकल्प भी मौजूद है, जिसे वह दोबारा इस्तेमाल नहीं करना चाहता।

## स्टडी : पहले जन्मे बच्चे अक्सर फायदे में

**न्यूयॉर्क।** आम धारणा है कि छोटे बच्चों को माता-पिता के बढ़ते अनुभव और आर्थिक स्थिरता का लाभ मिलता है, जबकि बड़े बच्चों पर जिम्मेदारी अधिक होती है, लेकिन वैज्ञानिक आंकड़े बताते हैं कि असल फायदा पहले जन्मे यानी फर्स्ट बॉर्न बच्चों को ही मिलता है।



- छोटे बच्चों के साथ अनजाने में होता है भेदभाव
- इसका असर पढ़ाई से कमाई तक पर

अमेरिकी इकोनॉमिक रिव्यू' में प्रकाशित होने जा रही स्टडी में इसके पीछे दो सबसे बड़े कारण बताए हैं। पहला कारण क्वालिटी टाइम की कमी है...। स्टडी के अनुसार छोटे बच्चों को माता-पिता से लगभग 3 हजार घंटे कम समय मिलता है। बड़े बच्चे को रोजाना 20-30 मिनट ज्यादा ध्यान मिलता है, जो किताबें पढ़ने, बातचीत और खेलने में खर्च होता है। यह अंतर शुरुआती शिक्षा के एक पूरे साल के बराबर है। दूसरा कारण है बड़े भाई-बहनों से आए कीटाणु...। डेनमार्क के 12 लाख बच्चों पर की गई स्टडी में सामने आया कि छोटे बच्चों को जीवन के पहले साल में फ्लू जैसी बीमारियों के कारण 2-3 गुना ज्यादा अस्पताल जाना पड़ता है। नवजात का इम्यून सिस्टम कमजोर होता है और बीमारी के दौरान उसकी ऊर्जा दिमागी विकास के बजाय संक्रमण से लड़ने में खर्च होती है।

## अभिषेक पर कल्याण बनर्जी के बदले सुर

**कोलकाता।** हाल ही में कल्याण बनर्जी ने ममता बनर्जी को अल्टीमेटम दिया था कि वे अपने भतीजे अभिषेक बनर्जी और उनमें से किसी एक को चुन लें। हालांकि अब कल्याण बनर्जी के सुर बदले नजर आ रहे हैं और ताजा बयान में उन्होंने कहा कि अभिषेक बनर्जी उनके बेटे के समान हैं और पिता होने के नाते उन्हें माफ करना उनका कर्तव्य है। कल्याण बनर्जी ने कहा, वह मेरे बेटा जैसा है। पिता का कर्तव्य है कि वह बेटे की सभी गलतियों को माफ कर दे। देश में लोकतंत्र खतरे में है। पश्चिम बंगाल में पहले कभी ऐसी स्थिति नहीं आई, जहां विपक्ष का पूरी तरह से सफाया हो गया हो। यह मुख्यमंत्री प्रतिशोध की भावना से ग्रस्त है।

## राजस्थान के स्वास्थ्य मंत्री की फिसली जुबान

**जयपुर।** राजस्थान के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह अपने बयानों को लेकर चर्चा में हैं। क्या ये गर्भवती महिलाएँ पीबीएम अस्पताल में गंभीर हालत में पहुँची थीं, या नाचते-गाते हुए आई थीं? स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह की इस टिप्पणी ने राजस्थान में राजनीतिक बवाल खड़ा कर दिया है। बीकानेर के पीबीएम अस्पताल में हाल ही में माँ बनी छह महिलाओं की बिगड़ती हालत के बारे में पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए की गई यह टिप्पणी असंवेदनशील मानी जा रही है, जिससे राज्य की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली पर सवाल और तेज़ हो गए हैं। यह टिप्पणी गुरुवार को मंत्री के बीकानेर के सबसे बड़े सरकारी मेडिकल सेंटर, अस्पताल के दौरे के दौरान की गई।

## शरजील इमाम ने लगाई दूसरी जमानत अर्जी

**नई दिल्ली।** दिल्ली दंगों की बड़ी साज़िश के मामले में आरोपी शरजील इमाम ने कड़कड़डूमा कोर्ट में ज़मानत के लिए दूसरी अर्ज़ी दाखिल की है। इससे पहले, 5 जनवरी 2026 को सुप्रीम कोर्ट ने उनकी ज़मानत अर्ज़ी खारिज कर दी थी। नई ज़मानत अर्ज़ी में कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट के फ़ैसले के 6 महीने बाद भी मामले में कोई खास प्रगति नहीं हुई है और वह पिछले 6 सालों से हिरासत में हैं। उमर खालिद की ओर से भी रेगुलर ज़मानत के लिए एक और अर्ज़ी दाखिल की गई है। एडिशनल सेशंस जज समीर बाजपेयी ने शुक्रवार को दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर शरजील इमाम की ज़मानत अर्ज़ी पर जवाब मांगा।

अध्ययन

### स्मार्टफोन युग के बाद अमेरिका में तेजी से गिरी जन्मदर


## डिजिटल संवाद ने ली मिलने-जुलने और डेटिंग की जगह

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में पिछले दो दशकों से लगातार घट रही जन्मदर को लेकर एक ताजा अध्ययन में दावा किया गया है कि 2007 में स्मार्टफोन युग की शुरुआत के बाद जन्मदर में आई तेज गिरावट केवल आर्थिक कारणों का परिणाम नहीं हो सकती, बल्कि स्मार्टफोन के तेजी से प्रसार ने भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। शोधकर्ताओं के अनुसार 2007 से 2011 के बीच अमेरिका की कुल प्रजनन दर में आई गिरावट का लगभग एक-तिहाई से आधा हिस्सा स्मार्टफोन के शुरुआती प्रसार से जुड़ा हो सकता है। मिडलबरी कॉलेज और नेशनल ब्यूरो ऑफ इकोनॉमिक रिसर्च से जुड़े शोधकर्ताओं कैटलिन मायर्स और एजेकियल हूपर द्वारा तैयार इस अध्ययन में



वर्ष 2007 को एक महत्वपूर्ण मोड़ बताया गया है। इसी वर्ष एप्पल ने पहला आईफोन लॉन्च किया था। अध्ययन में 2007 से 2011 के बीच एटी एंड टी मोबाइल ब्रॉडबैंड नेटवर्क के विस्तार का विश्लेषण किया गया। शुरुआती वर्षों में आईफोन केवल इसी नेटवर्क पर उपलब्ध था, इसलिए शोधकर्ताओं ने नेटवर्क कवरेज को स्मार्टफोन पहुंच का संकेतक माना। शोधकर्ताओं ने विभिन्न अमेरिकी काउंटियों में मोबाइल ब्रॉडबैंड की उपलब्धता और जन्मदर में हुए बदलावों की तुलना की। परिणामों में पाया गया कि जिन क्षेत्रों में 90 प्रतिशत से अधिक आबादी को शुरुआती दौर में स्मार्टफोन नेटवर्क की पहुंच मिली, वहां जन्मदर में गिरावट उन क्षेत्रों की तुलना में कहीं अधिक थी जहां 10 प्रतिशत से कम आबादी तक यह सुविधा पहुंची थी। अध्ययन स्मार्टफोन और जन्मदर के बीच प्रत्यक्ष कारण-परिणाम संबंध स्थापित नहीं करता, लेकिन शोधकर्ताओं का मानना है कि स्मार्टफोन ने लोगों के समय, ध्यान और सामाजिक संपर्क के तरीकों को बदल दिया। उनके अनुसार आमने-सामने मिलने-जुलने, डेटिंग और सामाजिक गतिविधियों की जगह धीरे-धीरे डिजिटल संवाद ने ले ली। इससे व्यक्तिगत संबंधों और यौन गतिविधियों की आवृत्ति पर असर पड़ा है।

अध्ययन में यह भी कहा गया है कि ऑनलाइन मनोरंजन और इंटरनेट आधारित गतिविधियों के बढ़ते उपयोग ने युवाओं के सामाजिक व्यवहार में बदलाव लाया, जिससे अनियोजित गर्भधारण की घटनाएं कम हुईं।





# ग्रेट निकोबार परियोजना के विरोध में कांग्रेस का हस्ताक्षर अभियान

## शहर कांग्रेस कमेटी (उत्तरी) ने विभिन्न वार्डों में चलाया जनजागरण अभियान




**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** केंद्रीय एवं प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व के निर्देश पर शहर कांग्रेस कमेटी लखनऊ (उत्तरी) की ओर से ग्रेट निकोबार द्वीप समूह से जुड़े मुद्दों को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। शहर कांग्रेस कमेटी (उत्तरी) के अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी के नेतृत्व में यह अभियान लखनऊ मध्य विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत गोलागंज वार्ड, यहियागंज नेताजी सुभाष चंद्र बोस वार्ड तथा राजा बाजार वार्ड में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ग्रेट निकोबार द्वीप समूह के विशाल वन क्षेत्र को निजी हितों के लिए उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य कर रही है, जिससे पर्यावरण तथा वहां निवास करने वाले जनजातीय समुदायों के हित प्रभावित होंगे। अभियान के माध्यम से लोगों से पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा के समर्थन में हस्ताक्षर करने की अपील की गई। शहर कांग्रेस कमेटी लखनऊ (उत्तरी) के अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस इस परियोजना के विरोध में अपनी आवाज बुलंद कर रही है। उन्होंने कहा कि देश की प्राकृतिक धरोहरों और पर्यावरण की रक्षा के लिए कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर हस्ताक्षर अभियान चलाएगा और इस मुद्दे को व्यापक स्तर पर उठाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी का मानना है कि विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बनाए रखना आवश्यक है तथा स्थानीय समुदायों के हितों की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए। इसी उद्देश्य से प्रदेश भर में जनजागरण अभियान चलाकर लोगों को इस विषय से अवगत कराया जा रहा है। हस्ताक्षर अभियान में शहर कांग्रेस कमेटी लखनऊ के उपाध्यक्ष नकी रजा, तीरथ राज मिश्रा, मोहम्मद उबेद खान, फैजान अली, इशरत अली, हसीन सिद्दीकी, संध्या, मोहम्मद मेराज, इरफान मीनू, अब्दुल कबीर, मोहम्मद इलियास और अब्दुल कादिर सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विश्व रक्तदान दिवस पर निकली जागरूकता रैली

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** विश्व रक्तदान दिवस पर शनिवार को आलमबाग चंदन नगर स्थित 50 सैय्या अस्पताल प्रशासन एवं अखिल भारतीय हेमवती नन्दन बहुगुणा स्मृति समिति द्वारा संयुक्त रूप से रक्तदान जागरूकता के लिए पैदल मार्च का आयोजन किया गया। यह पैदल मार्च अस्पताल से शुरू होकर आलमबाग चौराहे तक पहुंचा जहां समापन किया गया । यह रैली कार्यक्रम के संयोजक अंकित पाण्डेय के नेतृत्व में निकाली गई रैली में अस्पताल प्रशासन, ब्लड बैंक कर्मियों और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान 50 सैया चन्दरनगर अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ डी सिंह एवं अधीक्षक ए के दीक्षित, प्रांतीय ब्लड बैंक से सुबेदार तिवारी, जितेन्द्र सिंह तथा अखिल भारतीय हेमवती नन्दन बहुगुणा स्मृति समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे और रैली के माध्यम से लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान के महत्व और जरूरतमंद मरीजों की सहायता के लिए आगे आने का संदेश दिया गया।

# टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतिम चरण में पांच जिलों पर विशेष फोकस

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित कुमार घोष ने प्रदेश में चल रहे 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान की समीक्षा करते हुए उच्च जोखिम वाले गांवों में अभियान की रफ्तार तेज करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अभियान के समापन में केवल 18 दिन शेष हैं, ऐसे में सभी गांवों तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए आयुष्मान आरोग्य शिविरों और अन्य गतिविधियों को युद्धस्तर पर चलाया जाए।समीक्षा में सामने आया कि आजमगढ़, जौनपुर, बस्ती और सिद्धार्थनगर में उच्च जोखिम वाले गांवों का कवरेज लगभग 36 प्रतिशत ही हो पाया है। देवरिया और कुशीनगर का प्रदर्शन भी औसत से कम पाया गया। वहीं 600 से अधिक हाईरिस्क गांव वाले जिलों में प्रयागराज, गोरखपुर और बिजनौर बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं, जबकि आजमगढ़, जौनपुर, बस्ती, सिद्धार्थनगर और गाजीपुर में विशेष



अभियान चलाने की आवश्यकता बताई गई। अपर मुख्य सचिव ने इन जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों (सीएमओ) को जिला क्षय रोग अधिकारियों (डीटीओ) के साथ प्रतिदिन शाम समीक्षा करने के निर्देश दिए। अमित कुमार घोष ने सभी टीबी मरीजों को पोषण पोटली उपलब्ध कराने के निर्देश देते हुए स्थानीय उद्योगपतियों, व्यापारियों और कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) फंड का उपयोग करने पर बल दिया। उन्होंने टीबी प्रिवेंटिव ट्रीटमेंट (टीपीटी) और डिफ्रेंशिएटेड टीबी केयर को भी बढ़ावा देने के निर्देश दिए। साथ ही करीब एक हजार टीबी विजेताओं और फ्रंटलाइन वर्करों से संवाद करते हुए मरीजों को टीबी मुक्त भारत एप डाउनलोड कराने की अपील की। राज्य क्षय रोग अधिकारी डॉ. ऋषि कुमार सक्सेना ने बताया कि प्रदेश में कुल 26,722 हाईरिस्क गांव चिन्हित किए गए हैं, जिनमें से 17,741 गांवों में आरोग्य शिविर लगाए जा चुके हैं। गौतमबुद्ध नगर, बागपत, गाजियाबाद, हापुड़, शामली, मेरठ, झांसी, रामपुर, कन्नौज, आगरा, कानपुर नगर, बुलंदशहर और सहारनपुर में स्वास्थ्य विभाग की टीमें शत-प्रतिशत गांवों में पहुंचकर जांच कर चुकी हैं। समीक्षा बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवेल, स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. पवन कुमार अरुण, महानिदेशक परिवार कल्याण डॉ. एच.डी. अग्रवाल सहित सभी जिलों के सीएमओ और डीटीओ मौजूद रहे।

## खबर एक नज़र

### सुंदरकांड पाठ व भंडारे का आयोजन



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** अग्रवाल सभा भवन में संगीतमय सुंदरकांड पाठ, हवन और भंडारे का आयोजन किया गया। सुबह शुरू हुए सुंदरकांड पाठ से वातावरण भक्तिमय हो गया। इसके बाद हनुमान जी और प्रभु श्रीराम के बाल स्वरूप की झांकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। हवन के उपरांत भगवान को भोग लगाकर भंडारे का शुभारंभ किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर आशीष पाण्डेय, राम छबीले पाण्डेय, शिवम वैश्य, प्रशांत शुक्ला, अक्षय शुक्ला, सागर शुक्ला, अभिनव श्रीवास्तव, प्रतुल गौड़ समेत अग्रवाल सभा छावनी सदर के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### सुशांत गोल्फ सिटी में विशेष वाहन चेकिंग अभियान

**स्वतंत्र भारत निलमथा।** दक्षिणी जोन के डीसीपी अमित कुमार आनंद के निर्देश पर थाना सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया। अलकनंदा चौकी प्रभारी सुबोध कुमार, उपनिरीक्षक रणधीर कुमार, सुनील कुमार गुप्ता, पंकज जायसवाल, अवध विहार चौकी प्रभारी कनक कुमार तथा हेड कांस्टेबल अर्जुन कुमार की टीम ने दोपहिया और चारपहिया वाहनों की जांच की। अभियान के दौरान हेलमेट और वाहन संबंधी दस्तावेज नहीं मिलने पर दोपहिया चालकों के चालान किए गए, जबकि कुछ लोगों को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। वहीं चारपहिया वाहनों में काली फिल्म लगे शीशों की भी जांच की गई। पुलिस ने करीब 50 वाहनों के चालान किए। अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था और सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए यह अभियान आगे भी नियमित रूप से जारी रहेगा।

### श्रीराम कथा में जन्मोत्सव प्रसंग पर झूमे श्रद्धालु



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** देवभूमि वृंदावन जनसरोकार समिति के तत्वावधान में सेक्टर-11 बी स्थित श्री सिद्ध संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित श्रीराम कथा में शनिवार को प्रभु श्रीराम के जन्म प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथा वाचक डॉ. ओम प्रकाश मानस रसिक महाराज की ओजस्वी वाणी और भजनों ने श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। समिति के अध्यक्ष महेंद्र सिंह राणा, उपाध्यक्ष प्रदीप सिन्हा, सचिव प्रेम सिंह विष्ट तथा दिनेश तिवारी व उनकी धर्मपत्नी ने व्यास गद्दी और कथा वाचक का माल्यार्पण कर सम्मान किया। कथा के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य संरक्षक भवान सिंह रावत, संरक्षक प्रताप सिंह जंगलिया, कोषाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद जुयाल, महिला अध्यक्ष नीलम जुयाल, महिला सचिव द्रौपदी मेहर सहित समिति के पदाधिकारी, मातृशक्ति और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### योग और नेचुरोपैथी के क्षेत्र में योगदान पर किया सम्मानित



**स्वतंत्र भारत संवाददाता,लखनऊ।** मेडिटेक ट्रेनिंग एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट के सीएमडी एवं इंटरनेशनल नेचुरोपैथी ऑर्गेनाइजेशन के यूपी एडवायजरी बोर्ड सदस्य डॉ. अरुण कुमार भरारी को विधान भवन में आयोजित योग चेतना सेमिनार एवं सम्मान समारोह में ट्रैवल टाइकून इंडिया अवार्ड-2026 से सम्मानित किया गया। उन्हें योग एवं वेलनेस के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए विशेष सम्मान भी प्रदान किया गया। पिछले दो दशकों से योग, नेचुरोपैथी, रोड सेफ्टी और पारंपरिक स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में सक्रिय डॉ. भरारी को योग-नेचुरोपैथी, स्वच्छ पर्यावरण और सामाजिक एकता के संदेश के लिए की गई साहसिक मोटर बाइक यात्राओं के लिए यह सम्मान दिया गया। उन्होंने वर्ष 2018 में राजीव कुमार के साथ लखनऊ से लेह-लद्दाख तक तथा डॉ. विनोद कुमार यादव के साथ लखनऊ से दिल्ली तक नेचुरोपैथी जागरूकता यात्रा की थी। कार्यक्रम में यू.पी. एग्रो के अध्यक्ष जगदीश मिश्रा उर्फ बाल्टी बाबा, पद्मश्री डॉ. के.के. ठकराल, संजय श्री हर्ष और गोविंद जांगिड़ समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# यूपी के साढ़े तीन लाख शिक्षकों और कर्मचारियों को मिलेगा कैशलेस इलाज

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रदेश सरकार प्रदेश के शिक्षकों और शिक्षा विभाग से जुड़े कर्मचारियों के लिए बड़ी स्वास्थ्य सुविधा शुरू करने की तैयारी में है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार जल्द ही मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना लागू करने जा रही है। इसके तहत पात्र शिक्षकों, कर्मचारियों और उनके आश्रित परिवार के सदस्यों को प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये तक के कैशलेस उपचार की सुविधा मिलेगी। स्टेट हेल्थ एजेंसी (साचीज़) की मुख्य कार्यकारी अधिकारी अर्चना वर्मा के अनुसार, योजना के शुभारंभ से पहले पात्र कर्मचारियों का डेटा एकत्र कर उसे त्रुटिरहित बनाया जा रहा है। नाम, जन्मतिथि, आधार और पारिवारिक विवरण में गड़बड़ियों के कारण पहले कार्ड जारी करने में समस्याएं आती थीं। इसी वजह से इस बार डेटा सैनेटाइजेशन पर विशेष जोर दिया जा रहा है। साचीज़ द्वारा विकसित डेटा कलेक्शन पोर्टल के माध्यम से अब तक 3.5 लाख से अधिक कर्मचारियों का विवरण संकलित किया जा चुका है। योजना के तहत जारी होने वाले मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा कार्ड के जरिए लाभार्थी सूचीबद्ध सरकारी और निजी अस्पतालों में उपचार करा सकेंगे। इलाज का खर्च निर्धारित सीमा तक सीधे योजना के माध्यम से वहन किया जाएगा, जिससे गंभीर बीमारी या आकस्मिक चिकित्सा खर्च के समय कर्मचारियों को आर्थिक दबाव का सामना नहीं करना पड़ेगा। फिलहाल पोर्टल के बीटा संस्करण का परीक्षण चल रहा है। परीक्षण सफल होने के बाद योजना का औपचारिक शुभारंभ किया जाएगा, जिससे प्रदेश के लाखों शिक्षक, कर्मचारी और उनके परिवार बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ आसानी से उठा सकेंगे।

# पढ़ाई में पीछे नहीं छूटेगा कोई बच्चा

## यूपी में जुलाई से शुरू होगा कैच-अप शिक्षण अभियान

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रदेश सरकार परिषदीय विद्यालयों और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों के सीखने के स्तर में सुधार के लिए जुलाई से विशेष 'कैच-अप शिक्षण' अभियान शुरू करने जा रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति और नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क फॉर स्कूल एजुकेशन के अनुरूप तैयार इस पहल का उद्देश्य उन विद्यार्थियों के सीखने के अंतर को कम करना है, जो नियमित कक्षाओं के बावजूद अपेक्षित अधिगम स्तर तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। इस संबंध में अपर मुख्य सचिव बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा ने सभी जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) के प्राचार्यों तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत जुलाई में सभी विद्यालयों में 15 दिवसीय पुनरावृत्ति शिक्षण अभियान संचालित किया जाएगा। इसके बाद अगस्त 2026 से जनवरी 2027 तक प्रतिदिन 20 से 30 मिनट का अतिरिक्त कैच-अप शिक्षण कराया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों की बुनियादी समझ को मजबूत किया जा सके। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों का फॉर्मेटिव असेसमेंट किया जाएगा और उसके आधार पर उनकी आवश्यकताओं के अनुसार समूह बनाकर अलग-अलग शिक्षण योजनाएं तैयार की जाएंगी। नई अवधारणाओं को बच्चों के दैनिक जीवन और स्थानीय अनुभवों से जोड़कर पढ़ाया जाएगा, जिससे सीखना अधिक सरल और प्रभावी हो सके। विद्यालयों में बिग बुक, वार्तालाप कार्ड, पोस्टर, पुस्तकालय की पुस्तकों, गणित किट तथा स्थानीय स्तर पर तैयार शिक्षण सामग्री का व्यापक उपयोग किया जाएगा। भाषा शिक्षण के लिए पहले दो अक्षरों वाले शब्द, फिर छोटे वाक्य और उसके बाद अनुच्छेद पढ़ाने की रणनीति अपनाई जाएगी, जबकि गणित को खेल आधारित गतिविधियों के माध्यम से रोचक बनाया जाएगा। शिक्षण प्रक्रिया में शिक्षक पहले उदाहरण प्रस्तुत करेंगे, फिर विद्यार्थियों के साथ अभ्यास करेंगे और अंत में बच्चों को स्वयं कार्य करने के लिए प्रेरित करेंगे। इसके साथ ही पीयर लर्निंग, पेयर लर्निंग और कोऑपरेटिव लर्निंग जैसी विधियों का भी उपयोग किया जाएगा। पढ़ाई को अधिक रुचिकर बनाने के लिए भाषा खेल, कहानी, चित्र आधारित गतिविधियां, रोल प्ले, स्किट और प्रतियोगिताओं का सहारा लिया जाएगा। सरकार ने स्पष्ट किया है कि किसी भी विद्यार्थी को कमजोर या पिछड़ा होने का एहसास नहीं कराया जाएगा। अतिरिक्त कक्षाओं को सकारात्मक शैक्षिक सहयोग के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा और बच्चों की गलतियों को दंड का आधार नहीं बल्कि सीखने के अवसर के रूप में देखा जाएगा। इसके साथ ही कार्य पुस्तिकाओं और नोटबुक की नियमित जांच भी सुनिश्चित की जाएगी।

## सीएमएस की त्रिशा वर्मा को अमेरिका में 64 हजार डॉलर की स्कॉलरशिप

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** सिटी मॉन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर प्रथम कैम्पस की छात्रा त्रिशा वर्मा को अमेरिका की प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी ऑफ मैसाचुसेट्स, एमहर्स्ट द्वारा उच्च शिक्षा के लिए 64,000 अमेरिकी डॉलर की स्कॉलरशिप प्रदान की गई है। सीएमएस के हेड कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने बताया कि चार वर्षीय अध्ययन अवधि के दौरान मिलने वाली इस स्कॉलरशिप के साथ त्रिशा ने लखनऊ का गौरव बढ़ाया है। त्रिशा को अमेरिका, इंग्लैंड और कनाडा के कई प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों से भी स्कॉलरशिप के साथ प्रवेश के प्रस्ताव मिले हैं। सीएमएस संस्थापिका-निदेशिका डॉ. भारती गांधी ने छात्रा की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

# अभाविप की राष्ट्रीय बैठक में शिक्षा, महिला सुरक्षा और शहरी माओवाद पर चार अहम प्रस्ताव पारित

## पेपर लीक पर कठोर कार्रवाई और पारदर्शी परीक्षा प्रणाली की मांग

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) की भुवनेश्वर में 29 से 31 मई तक आयोजित राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद की बैठक में शिक्षा, महिला सुरक्षा, शहरी माओवाद और वैश्विक परिदृश्य से जुड़े चार महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। इसकी जानकारी परिषद के प्रदेश मंत्री अर्पण कुशवाहा ने शुक्रवार को अवध प्रांत कार्यालय, कैसरबाग में आयोजित प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने बताया कि परिषद इन विषयों को लेकर जल्द ही राष्ट्रव्यापी अभियान चलाएगी। अर्पण कुशवाहा ने बताया कि राष्ट्रीय बैठक में 'स्क्रीन टाइम टू एक्टिविटी टाइम', 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष, आपातकाल निषेध के 50 वर्ष, श्री गुरु तेगबहादुर के 350वें बलिदान वर्ष और संत रविदास के 650वें प्राकट्योत्सव के अवसर पर पूरे देश में वर्षभर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि युवाओं को सामाजिक और राष्ट्रीय विषयों से जोड़ने के उद्देश्य से इन अभियानों को व्यापक स्तर पर संचालित किया जाएगा। परिषद ने नीट-यूजी, सीयूईटी और सीबीएसई सहित विभिन्न राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में सामने आए पेपर लीक के मामलों को विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करार दिया है। बैठक में दोषियों के खिलाफ त्वरित और कठोर कार्रवाई की मांग की गई। साथ ही राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की भूमिका की निष्पक्ष जांच कराने तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए पूरी तरह पारदर्शी और मजबूत परीक्षा प्रणाली विकसित करने पर जोर दिया गया। बैठक में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की त्रिभाषा नीति की सराहना करते हुए इसके प्रभावी क्रियान्वयन पर भी चर्चा की गई। परिषद की केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य शीतल कुमारी ने कहा कि त्रिभाषा नीति भारतीय ज्ञान परंपरा, भाषाई विविधता और राष्ट्रीय एकात्मता को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने भारतीय भाषाओं में शोध पत्र लेखन को बढ़ावा देने के लिए विशेष पुरस्कार, अनुदान और प्रोत्साहन योजनाएं शुरू करने की मांग की। अभाविप ने विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों में अनुसंधान, नवाचार, स्टार्टअप और पेटेंट संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए उद्योग जगत, शिक्षण संस्थानों और शोध संगठनों के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया। परिषद ने केंद्रीय विश्वविद्यालयों में रिक्त कुलपति पदों पर शीघ्र नियुक्ति की मांग दोहराते हुए राष्ट्रपति से इस संबंध में आवश्यक हस्तक्षेप करने का आग्रह भी किया।

# लखनऊ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स सोसायटी ने आयोजित किया 'ओरेटर्स एज' वक्ता विकास कार्यक्रम

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** लखनऊ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स सोसायटी (एलसीएएस) की ओर से शनिवार को अपने सदस्यों के लिए 'एलसीएएस ओरेटर्स एज वक्ता विकास कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। विधान सभा मार्ग स्थित होटल मायरियड में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को प्रभावी वक्ता के रूप में विकसित करना तथा स्थानीय प्रतिभाओं को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने के लिए उपयुक्त मंच उपलब्ध कराना रहा। कार्यक्रम के विभिन्न सत्रों को प्रतिष्ठित वक्ताओं ने अपने अनुभव और ज्ञान से समृद्ध किया। इस अवसर पर सीए आशुतोष गुप्ता, सीए मनीष गोयल, सीए मोहम्मद मुजीब, सीए उमा अरोरा, सीए लविश बंसल, सीए वैभव सक्सेना, सीए अर्चना अग्रवाल तथा सीए नवनीता मिश्रा ने संवाद कौशल, प्रस्तुतीकरण की कला और पेशेवर जीवन में प्रभावी अभिव्यक्ति के महत्व



पर अपने विचार साझा किए। वक्ताओं ने प्रतिभागियों को व्यावहारिक अनुभवों के माध्यम से बेहतर संप्रेषण क्षमता विकसित करने के विभिन्न पहलुओं से भी अवगत कराया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धी परिवेश में तकनीकी दक्षता के साथ-साथ प्रभावी संवाद क्षमता भी सफलता का महत्वपूर्ण आधार बन चुकी है। ऐसे कार्यक्रम न केवल पेशेवर आत्मविश्वास को बढ़ाने में सहायक होते हैं, बल्कि विभिन्न दायित्वों और कार्यों के प्रभावी निष्पादन के लिए स्पष्ट दृष्टिकोण भी प्रदान करते हैं। कार्यक्रम ने एक बार फिर चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को व्यावहारिक ज्ञान, आत्मविश्वास और पेशेवर उत्कृष्टता की दिशा में आगे बढ़ाने के प्रति एलसीएएस की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। इस अवसर पर संस्था की प्रबंध समिति के अध्यक्ष सीए चेतन अग्रवाल, उपाध्यक्ष सीए सिद्धार्थ गुप्ता, सचिव सीए रजत दुबे, कोषाध्यक्ष सीए ऋषभ सिंघल, सीए हेमंत कुमार, सीए दीपक आनंद, सीए साहिल दुआ, सीए हर्ष श्रीवास्तव तथा सीए आकाश अग्रवाल ने सभी वक्ताओं और प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके सहयोग और सक्रिय सहभागिता के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# युवाओं को लखनऊ की समृद्ध पाक विरासत से जोड़ने की पहल

## एमकेआईटीएम में 22 जून 2026 से चार दिवसीय कुलिनरी एवं लाइफ-स्किल्स प्रोग्राम का आयोजन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** यूनेस्को क्रिएटिव सिटी ऑफ़ गैस्ट्रोनॉमी के रूप में वैश्विक पहचान बना चुके लखनऊ की पाक विरासत अब नई पीढ़ी तक पहुंचेगी। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग 'विजिट माई स्टेट' अभियान के तहत युवाओं को शहर की समृद्ध खानपान संस्कृति से जोड़ने की पहल कर रहा है। इसी क्रम में पर्यटन विभाग द्वारा संचालित मान्यवर कांशीराम इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म मैनेजमेंट (एमकेआईटीएम), लखनऊ 22 जून 2026 से चार दिवसीय कुलिनरी एंड लाइफ-स्किल्स कार्यक्रम आयोजित करने जा रहा है। इस प्रोग्राम में प्रतिभागियों को पाक कला के साथ आत्मनिर्भर जीवन कौशल का भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। सीमित सीटों वाले कार्यक्रम के लिए रजिस्ट्रेशन 20 जून 2026 तक होंगे। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि स्वावलंबी जीवन के साथ प्रगति की ओर थीम पर आयोजित यह विशेष कोर्स युवाओं को आत्मनिर्भर जीवन के लिए तैयार करेगा। चार दिनों तक प्रतिभागी पाक कला, घरेलू प्रबंधन और दैनिक जीवन से जुड़े व्यावहारिक कौशल सीखेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में आत्मविश्वास और स्वावलंबन की भावना विकसित करना है। निर्भरता से आत्मविश्वास की ओर की अवधारणा पर आधारित यह पहल उन्हें जीवन की छोटी-बड़ी चुनौतियों का सामना करने के लिए सक्षम बनाएगी। उन्होंने बताया कि चार दिवसीय इस प्रशिक्षण में युवा स्वाद, सेहत और आत्मनिर्भरता का संगम सीखेंगे। सुबह के पौष्टिक नाश्ते से लेकर लोकप्रिय देशी और अंतरराष्ट्रीय व्यंजनों तक, प्रतिभागियों को कई तरह के व्यंजन बनाने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। वेजी ऑमलेट, सनी साइड अप एग्स, पीनट बटर एवं बनाना टोस्ट, फ्रूट एंड नट सलाद, अमेरिकन रैप्स और अर्राबियाटा पास्ता जैसे व्यंजनों के साथ हेल्दी लाइफस्टाइल पर भी विशेष जोर रहेगा। प्रशिक्षण के दौरान स्प्राउट एवं पीनट सलाद, मल्टीग्रेन प्रोटीन पैनकेक और स्क्रैम्बल्ड एग्स विद म्यूसली जैसे पौष्टिक विकल्प तैयार करना सिखाया जाएगा। वहीं बनारसी दाल फरा, बॉम्बे स्टाइल पाव भाजी और घरेलू शैली की वेजिटेबल खिचड़ी जैसे पारंपरिक भारतीय व्यंजन भी पाठ्यक्रम का हिस्सा होंगे। पाक कला ही नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर जीवन के अन्य जरूरी कौशल भी प्रशिक्षण का हिस्सा होंगे। प्रतिभागियों को दैनिक जरूरतों के प्रबंधन, कपड़ों की देखभाल, रूममेट्स के साथ बेहतर संवाद और विवाद समाधान की व्यावहारिक जानकारी दी जाएगी। सामूहिक भोजन, टेबल सेटिंग, फिटनेस, स्थान प्रबंधन और बिस्तर व्यवस्थित करने जैसे विषयों पर भी विशेष सत्र आयोजित होंगे। साथ ही बजट प्रबंधन, छोटे घरेलू मरम्मत कार्य और भोजन के अवशेषों के प्रभावी उपयोग की तकनीकें भी सिखाई जाएंगी। कार्यक्रम को पोषण, स्वास्थ्य, सामाजिक जीवन, समय प्रबंधन और स्वतंत्र निर्णय लेने जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, ताकि युवा आत्मविश्वास के साथ स्वतंत्र जीवन की चुनौतियों का सामना कर सकें। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि लखनऊ की खाद्य संस्कृति और पाक विरासत उत्तर प्रदेश की पर्यटन पहचान का महत्वपूर्ण आधार है। विजिट माई स्टेट अभियान के माध्यम से युवाओं को स्थानीय खान-पान, आतिथ्य परंपराओं और व्यावहारिक जीवन कौशल से जोड़ा जा रहा है।

# मंदिर परिसर में जनसेवा सुविधाएं जारी



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** राम मोहन राय वार्ड स्थित संत गुरु रविदास नगर के प्राचीन 10 महाविद्या मंदिर को लेकर सार्वजनिक पार्क पर कब्जे के लगाए जा रहे आरोपों को स्थानीय निवासियों और मंदिर प्रबंधन ने निराधार बताया है। उनका कहना है कि मंदिर क्षेत्र की आस्था का केंद्र है और यहां नियमित रूप से धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होते हैं। मंदिर से जुड़े समाजसेवी रितेश चौधरी ने बताया कि श्रद्धालुओं और आमजन की सुविधा के लिए परिसर में प्याऊ, आरओ वाटर कूलर तथा निःशुल्क कुर्सी, मेज और जनरेटर की व्यवस्था की गई है। मंदिर प्रबंधन ने क्षेत्रवासियों से इन सुविधाओं का लाभ उठाने और किसी भी प्रकार की भ्रामक जानकारी पर विश्वास न करने की अपील की है।





# हाई रिस्क गांवों में प्राथमिकता से लगें आयुष्मान आरोग्य शिविर

## अपर मुख्य सचिव ने 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान की समीक्षा कर दिए सख्त निर्देश

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रदेश में चल रहे 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान की समीक्षा करते हुए अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित कुमार घोष ने उच्च जोखिम वाले गांवों में

■ **टीबी मुक्त भारत अभियान में तेजी लाने के निर्देश**

प्राथमिकता के आधार पर आयुष्मान आरोग्य शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिन जिलों में टीबी के लिहाज से अधिक संख्या में हाई रिस्क गांव हैं, वहां अगले 18 दिनों में विशेष गंभीरता के साथ काम करते हुए सभी गांवों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई जाएं। समीक्षा के दौरान पाया गया कि आजमगढ़, जौनपुर, बस्ती और सिद्धार्थनगर में उच्च जोखिम वाले गांवों का कवरेज करीब 36 प्रतिशत ही हो पाया है। इसके अलावा देवरिया और कुशीनगर में भी प्रगति औसत से कम रही है। इस पर अपर मुख्य सचिव ने संबंधित जिलों के अधिकारियों को आयुष्मान आरोग्य शिविरों की संख्या बढ़ाकर सभी गांवों को अभियान के दायरे में लाने के निर्देश दिए, ताकि 100 दिवसीय अभियान की समाप्ति तक प्रत्येक गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंचकर लोगों की जांच कर सके। अमित कुमार घोष ने टीबी मरीजों को पोषण पोटली उपलब्ध कराने पर विशेष जोर देते हुए इसके लिए स्थानीय उद्योगपतियों, व्यापारियों और कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) फंड का उपयोग करने के निर्देश दिए।



उन्होंने टीबी प्रिवेंटिव ट्रीटमेंट और डिफ्रेंशिएटेड टीबी केयर को भी बढ़ावा देने पर बल दिया। साथ ही प्रदेश के लगभग एक हजार टीबी विजेताओं और फ्रंटलाइन वर्करों से संवाद करते हुए कहा कि सभी मरीजों को टीबी मुक्त भारत एप डाउनलोड कराया जाए, जिससे वे अपनी दैनिक स्थिति की जानकारी दर्ज कर सकें। राज्य क्षय रोग अधिकारी डॉ. ऋषि कुमार सक्सेना ने बताया कि प्रदेश में कुल 26,722 हाई रिस्क गांव चिह्नित किए गए हैं, जिनमें से 17,741 गांवों में आरोग्य शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि 600 से अधिक हाई रिस्क गांव वाले आठ जिलों में प्रयागराज, गोरखपुर और बिजनौर का प्रदर्शन बेहतर रहा है, जबकि आजमगढ़, जौनपुर, बस्ती, सिद्धार्थनगर और गाजीपुर में गतिविधियां तेज करने की आवश्यकता है। इस पर अपर मुख्य सचिव ने संबंधित जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को जिला क्षय रोग अधिकारियों के साथ प्रतिदिन समीक्षा करने के निर्देश दिए। बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवेल, स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. पवन कुमार अरुण, महानिदेशक परिवार कल्याण डॉ. एच.डी. अग्रवाल सहित सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारी और जिला क्षय रोग अधिकारी उपस्थित रहे।

# सीएम योगी 15 को करेंगे बिजली विभाग की समीक्षा

■ **ईंधन अधिभार और संविदा कर्मियों से जुड़े मामलों पर हो सकता है अहम फैसला, उपभोक्ताओं को सिक्योरिटी राशि पर मिलने लगा 6.50 प्रतिशत ब्याज**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रदेश के बिजली विभाग में चल रहे विवाद के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 15 जून को ऊर्जा विभाग की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक करेंगे। ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा द्वारा पावर कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल पर लगाए गए गंभीर आरोपों के बाद शक्ति भवन में गतिविधियां तेज हो गई हैं और विभागीय स्तर पर विभिन्न मुद्दों से संबंधित फाइलों को तैयार किया जा रहा है। माना जा रहा है कि बैठक में बिजली उपभोक्ताओं पर लगाए गए 10 प्रतिशत ईंधन अधिभार के मुद्दे पर भी महत्वपूर्ण निर्णय लिया जा सकता है। ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने हाल ही में बिजली बिलों में लगाए गए 10 प्रतिशत ईंधन अधिभार पर कड़ी आपत्ति जताई थी। उन्होंने स्पष्ट कहा था कि इस संबंध में उनसे कोई राय नहीं ली गई और यह फैसला नियमों के अनुरूप नहीं है। राज्य विद्युत नियामक आयोग भी इस अधिभार को नियमों के विपरीत बता चुका है। सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठक के बाद इस अतिरिक्त अधिभार को वापस लेने पर विचार किया जा सकता है। ऊर्जा मंत्री ने स्वयं स्वीकार किया है कि इस फैसले को लेकर उपभोक्ताओं में व्यापक असंतोष है। ऊर्जा मंत्री और पावर कॉर्पोरेशन के बीच चल रहा मतभेद पिछले दिनों खुलकर सामने आया था। मंत्री ने पावर कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष और विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. आशीष कुमार गोयल को पत्र लिखकर जाति और धर्म के आधार पर नियुक्तियों तथा कुशल कर्मचारियों को हटाकर अकुशल लोगों को अवसर देने जैसे गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने यह भी कहा था कि विभाग से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियां उन्हें टीवी चैनलों के माध्यम से मिलती हैं। पत्र में उन्होंने भविष्य में ऐसी स्थितियों से बचने के निर्देश भी दिए थे।



# पेपर लीक के विरोध में एनएसयूआई का राजभवन मार्च आज

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** नीट, लेखपाल और उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक (एसआई) परीक्षा सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक के विरोध में आवाज उठाने वाले एनएसयूआई कार्यकर्ताओं आशुतोष पाण्डेय और पंकज पाण्डेय की गिरफ्तारी के विरोध में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन

■ **गिरफ्तारी के विरोध में करेंगे प्रदर्शन**

(एनएसयूआई) रविवार को राजभवन मार्च करेगा। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ और उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय छात्र संगठन मध्य के अध्यक्ष अनस रहमान के नेतृत्व में यह प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। एनएसयूआई के अनुसार, 14 जून को दोपहर एक बजे उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्यालय नेहरू भवन, 10 माल एवेन्यू से कार्यकर्ता पैदल मार्च शुरू करेंगे और राजभवन की ओर कूच कर राज्यपाल के समक्ष अपना विरोध दर्ज कराएंगे। संगठन का कहना है कि प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार सामने आ रहे पेपर लीक के मामलों ने लाखों युवाओं के भविष्य को प्रभावित किया है और इन मुद्दों को उठाने वाले छात्र नेताओं के खिलाफ की गई कार्रवाई लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है। संगठन ने आरोप लगाया कि शांतिपूर्ण तरीके से युवाओं की आवाज बुलंद करने वाले कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर प्रशासन ने छात्र समुदाय की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अंकुश लगाने का प्रयास किया है। एनएसयूआई नेताओं ने कहा कि परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर आंदोलन जारी रहेगा। राजभवन मार्च में प्रदेश भर से बड़ी संख्या में छात्र नेताओं और कार्यकर्ताओं के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। संगठन ने छात्र-युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर परीक्षा घोटालों और कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करने की अपील की है।

# यूपी के डीजीपी राजीव कृष्ण समेत 5 आईपीएस केंद्र के लिए इम्पैनल

**स्वतंत्र भारत ब्यरो लखनऊ।** केंद्र सरकार की कैबिनेट नियुक्ति समिति ने 33 वरिष्ठ आईपीएस अफसरों को महानिदेशक और समकक्ष स्तर के पदों के लिए इम्पैनल किया है। इस सूची में उत्तर प्रदेश के 5 दिग्गज आईपीएस

■ **बीएसएफ, सीआरपीएफ, सीआईएसएफ के डीजी पद की दौड़ में शामिल**

शामिल हैं। केंद्र द्वारा जारी सूची के मुताबिक इम्पैनल हुए यूपी कैडर के अफसर, इसमें जो अफसर शामिल किये गये है उसमे राजीव कृष्ण, 1991 बैच - वर्तमान डीजीपी उत्तर प्रदेश, अमरेंद्र कुमार सेंगर, 1995 बैच - वर्तमान पुलिस कमिश्नर, लखनऊ, अनुपम कुलश्रेष्ठ*, 1995 बैच - वर्तमान एडीजी जोन, कानपुर व अशोक कुमार सिंह, 1995 बैच, विजय भाटिया, 1995 बैच के अफसर है। इम्पैनलमेंट के बाद अब ये सभी अफसर केंद्र सरकार के अधीन बीएसएफ, सीआरपीएफ, सीआईएसएफ और आईटीबीपी जैसे प्रमुख केंद्रीय सुरक्षा और कानून प्रवर्तन संगठनों के महानिदेशक या समकक्ष पद का नेतृत्व करने के पात्र हो गए हैं। इम्पैनल होने का मतलब है कि केंद्र सरकार अब इन अफसरों को देश की अर्धसैनिक बलों और केंद्रीय एजेंसियों में टॉप पोस्ट पर तैनात कर सकती है।यूपी कैडर के लिए यह बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।



# बेसिक-माध्यमिक स्कूलों में सरप्लस शिक्षक सूची जारी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रदेश के बेसिक और माध्यमिक विद्यालयों में अतिरिक्त शिक्षकों की सूची जारी की जा रही है। आपत्तियों के निस्तारण के बाद तबादले होंगे ताकि जरूरत वाले स्कूलों में शिक्षक उपलब्ध हो सकें। साथ ही स्कूल चलो अभियान के दूसरे चरण के तहत सभी पात्र बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करने और नियमित उपस्थिति पर जोर दिया गया है। प्रदेश के बेसिक व माध्यमिक विद्यालयों में चल रही तबादला

■ **आपत्तियों के बाद होंगे तबादले**

प्रक्रिया के तहत सरप्लस शिक्षकों की सूची जारी की जाने लगी है। राजकीय विद्यालयों में सरप्लस शिक्षकों की कुछ मंडल की सूची शुक्रवार देर शाम जारी की गई। जबकि कुछ मंडलों में इसकी प्रक्रिया चल रही है। विभाग की ओर से इस पर शिक्षकों की आपत्तियां ली जाएंगी और उसके बाद उनका निस्तारण करते हुए तबादला किया जाएगा। इससे जरूरत वाले विद्यालयों को पर्याप्त शिक्षक मिलेंगे। इसके अगले चरण में कैंसर पीडित, दिव्यांग आदि शिक्षकों के तबादले किए जाएंगे। तबादले नया सत्र शुरू होने से पहले पूरे किए जाएंगे। अपर शिक्षा निदेशक राजकीय अजय द्विवेदी ने बताया कि इसकी प्रक्रिया तेजी से चल रही है। दूसरी तरफ प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में भी सरप्लस शिक्षकों की सूची तबादले के लिए जारी की जाने लगी है। किंतु इसमें शिक्षकों की वरिष्ठता के लिए अलग-अलग मानक लिए गए हैं। इसके लेकर शिक्षक संगठन सवाल उठा रहे हैं। उन्होंने बताया कि ललितपुर की वरिष्ठता के क्रम में जारी सूची में छात्र संख्या 20 मई 2026 के आधार पर तैयार की गई है। वहीं औरैया में इसके लिए छात्र संख्या 30 अप्रैल 2026 के आधार पर ली गई है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार छात्र संख्या 30 अप्रैल 2026 को ही लेना है। उन्होंने बताया कि शिक्षकों से आपत्तियां लेकर तबादले की आगे की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में 1 जुलाई से शुरू होने वाले स्कूल चलो अभियान के दूसरे चरण को लेकर शासन ने कड़े निर्देश जारी किए हैं। बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने कहा है कि स्कूल जाने योग्य प्रत्येक बच्चे का नामांकन सुनिश्चित किया जाए, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक की होगी। निर्देशों के अनुसार कक्षा पांच उत्तीर्ण छात्र का कक्षा 6, कक्षा 8 उत्तीर्ण छात्र का कक्षा 9 तथा कक्षा 10 उत्तीर्ण छात्र का कक्षा 11 में नामांकन सुनिश्चित करना संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक का दायित्व होगा। अपर मुख्य सचिव ने नए शैक्षिक सत्र के लिए जारी एकेडमिक कैलेंडर के अनुसार पठन-पाठन और नियमित मूल्यांकन कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही माध्यमिक शिक्षा परिषद के पोर्टल पर छात्रों और शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने तथा अनुपस्थित छात्रों के अभिभावकों से संपर्क करने को कहा है। अधिकारियों को विद्यालयों से नियमित संवाद बनाए रखने और सत्र की तैयारियां समय से पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं।

शिक्षा मंत्रालय
MINISTRY OF
EDUCATION

" मैं पूरे विश्व के लीडर्स, सीईओज़, निवेशकों और विश्वविद्यालयों को आमंत्रित करता हूं, भारत के साथ मिलकर ऐसा भविष्य बनाएं जहां प्रौद्योगिकी मानवता की सेवा करे और प्रगति समावेशी हो। "

- नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री



bharat
INNOVATES
NICE, FRANCE 14-16 JUNE, 2026

भारत के इनोवेशन को दुनिया से जोड़ने का मंच

भारत के डीप-टेक स्टार्टअप्स, उद्योगों, निवेशकों और संस्थानों को एक साथ लाने की पहल

भारत के उभरते इनोवेशन का ग्लोबल प्रदर्शन

120+ डीप-टेक स्टार्टअप्स | 15+ प्रमुख भारतीय संस्थान | 13 उभरते प्रौद्योगिकी क्षेत्र

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उद्घाटन

14 जून 2026 को दोपहर 1 बजे (IST) डीडी न्यूज़ पर लाइव कार्यक्रम से जुड़ें।

'भारत इनोवेट्स कॉफी टेबल बुक' देखने के लिए स्कैन करें

CBC 21201/13/0010/2627

# 14 नगरीय पीएचसी बने सिटी पॉलीक्लिनिक

## डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने किया लोकार्पण, 63 प्रकार की जांच और 195 दवाओं की सुविधा मिलेगी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** राजधानी के 14 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को उच्चीकृत कर सिटी पॉलीक्लिनिक का दर्जा दिया

■ **विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवाएं होंगी उपलब्ध**

गया है। इन केंद्रों पर अब प्राथमिक उपचार के साथ विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं भी उपलब्ध होंगी। शुक्रवार को उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने औरंगाबाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में फीता काटकर इन सिटी पॉलीक्लिनिक का लोकार्पण किया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत शुरू की गई इस योजना के अंतर्गत नगरीय स्वास्थ्य केंद्रों को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया गया है। ब्रजेश पाठक ने कहा कि इस पहल से मरीजों को सामान्य बीमारियों के इलाज के लिए बड़े अस्पतालों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। फिलहाल यह व्यवस्था शहरी क्षेत्रों में लागू की गई है और भविष्य में सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तक इसका विस्तार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि निर्धारित रोस्टर के अनुसार विशेषज्ञ चिकित्सक विभिन्न दिनों में सेवाएं देंगे और उन्हें मानदेय भी प्रदान किया जाएगा। सिटी पॉलीक्लिनिक में स्त्री एवं प्रसूति रोग, बाल रोग, अस्थि रोग, कान-नाक-गला, त्वचा रोग, सामान्य चिकित्सा, नेत्र रोग और मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।इसके अलावा टेलीमेडिसिन सुविधा, 63 प्रकार की डायग्नोस्टिक जांच तथा 195 प्रकार की आवश्यक दवाओं की उपलब्धता भी सुनिश्चित की गई है। मरीजों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए स्टाफ नर्स, ऑप्टोमेट्रिस्ट, फिजियोथैरेपिस्ट और इंटीग्रेटेड काउंसलर की सेवाएं भी मिलेंगी। उच्चीकृत किए गए केंद्रों में बरावन कलां, वृंदावन, भरवारा, जियामऊ, पिपराघाट, जानकीपुरम, आईआईएम रोड, खड़गापुर, जरहरा, औरंगाबाद, नादरगंज, नाका, न्यू हैदरगंज और छितवापुर शहरी परिवार कल्याण केंद्र शामिल हैं। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए तथा 50 टीबी मरीजों को पोषण पोटली भी प्रदान की। उन्होंने राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम और राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम से जुड़े स्टॉलों का निरीक्षण भी किया। कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित कुमार घोष, स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. पवन कुमार अरुण, परिवार कल्याण महानिदेशक डॉ. एचडी अग्रवाल, सीएमओ डॉ. एन.बी. सिंह सहित कई अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## राज काज

### प्रदर्शनी में तस्वीरें नजरें भविष्य पर

लोकभवन में सुशासन प्रदर्शनी का उद्घाटन हुआ तो अफसरों और नेताओं की भी अच्छी-खासी मौजूदगी रही। प्रदर्शनी में पिछले 12 वर्षों की उपलब्धियां दिखाई गई, लेकिन चर्चा इस बात की ज्यादा रही कि 2027 की तैयारी में कौन कितना सक्रिय दिख रहा है। एक अधिकारी ने मुस्कुराते हुए कहा, तस्वीरें भले अतीत की हों, निगाहें सबकी भविष्य पर हैं।

### संगठन में हलचल, भाजपा खेमे में मुस्कान

राजधानी के राजनीतिक गलियारों में इन दिनों सहयोगी दलों की गतिविधियां चर्चा में हैं। एक प्रमुख सहयोगी दल ने अपनी प्रदेश इकाई भंग कर नई टीम बनाने की कवायद शुरू की है। इसके बाद सत्ता पक्ष के दफ्तरों में यह चर्चा छिड़ गई कि 2027 का चुनावी शंखनाद समय से पहले ही सुनाई देने लगा है। राजनीतिक जानकार कह रहे हैं कि अभी से संगठन मजबूत करने की होड़ शुरू हो चुकी है।

### फाइलों में शिकायतें, अफसरों में प्रतिस्पर्धा

आईजीआरएस रैंकिंग आने के बाद कई जिलों के अफसरों की नजरें सीधे सूची पर टिक गईं। राजधानी में बैठे अधिकारी यह हिसाब लगाने में जुटे रहे कि किस जिले ने बाजी मारी और कौन पीछे रह गया। मजाक में एक वरिष्ठ अफसर बोले, अब शिकायतें भी प्रतिष्ठा का सवाल बन गई हैं, जितनी जल्दी निस्तारण उतनी ऊंची पहचान।

### तबादलों से ज्यादा चर्चा विभागों की

सचिवालय के गलियारों में इन दिनों एक विभाग से दूसरे विभाग के अधीन होने वाली संस्थाओं की खूब चर्चा है। हाल ही में एक महत्वपूर्ण प्राधिकरण को मुख्यमंत्री के अधीन विभाग में लाने के फैसले के बाद अफसरों के बीच नई समीकरणों पर कानाफूसी शुरू हो गई है। एक बाबू की टिप्पणी थी, सरकार में इमारतें वहीं रहती हैं, लेकिन महत्व का पता विभाग बदलने से चलता है।

# बेटी तो बेटी होती है, सीएम योगी ने एफआईआर का किया जिक्र

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को आजमगढ़ दौरे के दौरान समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव की बेटी के खिलाफ की गई अपमानजनक टिप्पणियों पर सख्त रुख अपनाया। उन्होंने स्पष्ट किया कि बेटियों के प्रति

■ **अखिलेश को दी नसीहत**

किसी भी प्रकार की अभद्र या अपमानजनक भाषा को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि जैसे ही यह मामला उनके संज्ञान में आया, उन्होंने तुरंत पुलिस को एफआईआर दर्ज करने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। सीएम योगी ने भारतीय संस्कृति और संस्कारों का हवाला देते हुए कहा, बेटी तो बेटी होती है। हम उस परंपरा में पले-बढ़े हैं जहां गांव की बेटी सबकी बेटी और गांव की बहन सबकी बहन मानी जाती है। विकास और सुरक्षा के मामले में हमने कभी कोई भेदभाव नहीं किया। उन्होंने अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि दूसरों को उपदेश देने से पहले सपा नेताओं को अपने समर्थकों को भाषा की मर्यादा और संस्कार सिखाने चाहिए। सीएम योगी ने कड़े लहजे में चेतावनी दी, अच्छा होगा कि अखिलेश जी अपने %चेले-चपाटों% को समझा लें। अगर वे नहीं समझा पाते, तो उन्हें हमारे हवाले कर दें, हम उन्हें अच्छी तरह समझा देंगे। उन्होंने सपा नेताओं से बुजुर्गों, दिवंगत हस्तियों और वरिष्ठ नेताओं के प्रति भी अपनी भाषा संयमित रखने की अपील की। सीएम के इस बयान को महिला सुरक्षा और सम्मान के प्रति सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के रूप में देखा जा रहा है।

# साथियों के साथ मिलकर सिपाही करता था लूटपाट

## कम समय में निवेश का पैसा दोगुना करने का लालच देकर लोगों को बुलाते

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** कम समय में निवेश का पैसा दोगुना करने का लालच देकर लोगों को बुलाते थे, फिर खुद को पुलिस अफसर बताकर धमकाकर लूट लेते थे। लखनऊ पुलिस ने ऐसे ही शातिर गैंग के 4 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक तैनात पुलिस आरक्षी भी शामिल है। आरोपियों के पास से 1.25 लाख रुपये नगद और लूट में इस्तेमाल 2 कारें बरामद हुई हैं।

डीसीपी पूर्वी डाक्टर दीक्षा शर्मा नें बताया कि थाना चिनहट में 11 जून को वृंदावन कॉलोनी, तेलीबाग निवासी प्रभाकर सिंह ने शिकायत दी थी। उनका आरोप था कि आरोपियों ने उनके भाई और दोस्त को एक कंपनी में निवेश करवाया और 2 गुना मुनाफे का वादा किया। बाद में ये लोग खुद को पुलिस की अलग-अलग शाखाओं का अधिकारी बताकर फोन करने लगे और डरा-



धमकाकर उनसे लूटपाट कर ली। शिकायत पर धारा 318(4)/140(1)/115(2)/351(3)/310(2)/317(3) बीएनएस दर्ज कर जांच शुरू हुई। डीसीपी पूर्वी डाक्टर दीक्षा शर्मा नें बताया कि पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर पूर्वी जोन सर्विलांस और चिनहट थाना पुलिस की संयुक्त टीम बनाई गई। मुखबिर की सूचना पर टीम ने 13 जून को हरदाशी खेड़ा नहर पुलिया के पास घेराबंदी कर 4 आरोपियों को पकड़ लिया। जावेद हुसैन - गोरखपुर निवासी, उम्र 33 साल व आसिफ - गोरखपुर निवासी, उम्र 34 साल व प्रवेश त्रिपाठी - संतकबीरनगर निवासी, उम्र 34 साल व पूरन सिंह - अलवर राजस्थान निवासी, उम्र 29 साल। डीसीपी पूर्वी डाक्टर दीक्षा शर्मा नें बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि ये सिंडिकेट बनाकर काम करते थे। पहले निवेश के नाम पर लोगों को फंसाते, फिर फर्जी पुलिस बनकर फोन करते और डरा-धमकाकर पैसा ऐंठ लेते थे। डीसीपी पूर्वी डाक्टर दीक्षा शर्मा नें बताया कि आरोपियों से 1,25,000 रुपये नगद और 2 कारें बरामद की गई हैं। आरक्षी पूरन सिंह की संलिप्तता मिलने पर उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया। बाकी अज्ञात साथियों की तलाश जारी है। आरोपियों का आपराधिक इतिहास अन्य जिलों से मंगाया जा रहा है।

### जल्दी पैसा डबल’ करने वाली कोई भी स्कीम 100 प्रतिशत फ्रॉड : दीक्षा शर्मा

डीसीपी पूर्वी डाक्टर दीक्षा शर्मा नें बताया कि यह कार्रवाई अतिरिक्त निरीक्षक अमित कुमार सिंह, उप निरीक्षक कपिल कुमार, उप निरीक्षक बिट्टू, उप निरीक्षक विशाल यादव और सर्विलांस टीम के उप निरीक्षक अमर नाथ चौरसिया समेत पूरी टीम ने की।डीसीपी पूर्वी डाक्टर दीक्षा शर्मा नें बताया कि लोगों से अपील की है कि ‘जल्दी पैसा डबल’ करने वाली कोई भी स्कीम 100 प्रतिशत फ्रॉड है। फोन पर खुद को पुलिस/सीबीआई /ईडी बताकर डराने वाले से सतर्क रहें। ठगी की सूचना तुरंत 112 या 1930 पर दें।

# जर्जर दीवार गिरने से 6 साल की मासूम की मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** शनिवार को सुबह के समय आंधी के दौरान जर्जर दीवार गिर गई। जिसकी चपेट में आने से दूध लेने जा रही 6 साल की मासूम व उसकी दादी दब गई। दोनों को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया गया। जहां बच्ची को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं बुजुर्ग का इलाज चल रहा है। पूरा मामला देयगंज थाना क्षेत्र का है। वहीं बच्ची के पिता का कहना है कि दीवार करीब 25 साल पुरानी थी। समय रहते दीवार की मरम्मत नहीं कराई गई थी, जिससे ये हादसा हुआ। घटना की जानकारी मिलने पर सपा नेता पूजा शुक्ला भी मौके पर पहुंचीं और पीड़ित परिवार से मुलाकात की। भाण्डुटोला की पुरानी बांस मंडी इलाके एक खाली प्लॉट की जर्जर बाउंड्री वॉल अचानक भरभराकर गिर गई। दीवार के मलबे की चपेट में आकर मासूम जोया (6) और



उसकी दादी नाजों (80) दब गईं। पिता छोटू ने बताया बेटी सुबह के समय दादी के साथ दूध लेने जा रही थी।

तभी आंधी के दौरान घर के सामने खाली प्लॉट की जर्जर दीवार गिर गई। जिसकी चपेट मां और बेटी आ गई। हादसे की सूचना मिलते ही मदेयगंज पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को मलबे से बाहर निकाला गया। गंभीर रूप से घायल जोया को पहले खदरा स्थित राजधानी हॉस्पिटल ले जाया गया। हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने उसे बलरामपुर अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं जांच के बाद डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। वहीं हादसे में घायल नाजों को बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने बच्ची के शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरने की कार्रवाई की। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पिता छोटू चाय का ढेला लगते हैं। परिवार में एक बेटा अरमान (3) और बेटी जोया (6) थी। घटना के बाद से मां हसरतून का रो-रोकर बुरा हाल है। पिता का कहना है प्लॉट की दीवार लगभग 25 साल पुरानी थी। अगर मरम्मत हुई होती तो घटना नहीं होती।

## खबर एक नजर

### तेज रफ्तार डंपर ने महिला को कुचला, मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** बंथरा थाना क्षेत्र में शनिवार को एक तेज रफ्तार डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी की बुजुर्ग महिला की इस हादसे में मौत हो गई। महिला की पहचान 65 वर्षीय शिवनाथा के रुप में हुई है। डंपर चालक वाहन सहित फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है। यह घटना शनिवार शाम करीब 3:45 बजे कानपुर रोड पर रमाडा होटल के सामने जुनाबगंज चौराहा पार करते समय हुई। शिवनाथा अपने बेटे राजेश के साथ बाइक से घर लौट रही थीं। वे बंथरा के जुनाबगंज स्थित प्रसाद हॉस्पिटल में भर्ती अपनी नातिन को देखकर आ रही थीं। बताया जा रहा है कि पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से शिवनाथा बाइक से नीचे गिर गईं और डंपर उन्हें रौंदता हुआ निकल गया। चालक मौके से फरार हो गया। मृतका शिवनाथा उन्नाव जिले के असोहा थाना अंतर्गत शाहाबाद ग्रांट, बड़ा लाल खेड़ा की निवासी थीं। उनके पति का निधन करीब 15 वर्ष पहले हो चुका था। उनके परिवार में तीन बेटे राजेश, बुधकरन और रामकरन हैं।

### पीआरवी जवानों ने तोड़ा दरवाजा, व्यक्ति की बचाई जान

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** ‘सेवा, सुरक्षा और शांति’ का नारा जमीन पर उतारते हुए यूपी 112 की पीआरवी 5344 ने अमेठी में एक व्यक्ति की जान बचा ली। फंदे पर लटके व्यक्ति को समय रहते उतारकर जवानों ने बड़ा हादसा टाल दिया। इस तत्परता के लिए पुलिस महानिदेशक, यूपी 112 विनोद कुमार सिंह ने पूरी टीम को सम्मानित किया। दोपहर 1:36 बजे यूपी 112 कंट्रोल रूम को अमेठी के थाना जगदीशपुर अंतर्गत ग्राम सरेसर से विवाद की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पीआरवी 5344 मौके पर पहुंची।टीम ने देखा कि एक व्यक्ति ने घर का दरवाजा अंदर से बंद कर रखा है और खोल नहीं रहा। अनहोनी की आशंका पर जवानों ने एक पल गंवाए बिना पड़ोसी की छत से घर में प्रवेश किया। अंदर का नजारा देख सब सन्न रह गए - व्यक्ति गमछे का फंदा बनाकर फांसी पर लटक चुका था। कमांडर हरिओम उपाध्याय के नेतृत्व में टीम ने तुरंत गमछा काटा और उसे सुरक्षित नीचे उतार लिया। समय पर मिली मदद से व्यक्ति की जान बच गई। इस सराहनीय कार्य के लिए डीजी यूपी 112 ने पीआरवी- 5344 के जवानों को पुरस्कृत किया। जिसमें कमांडर हरिओम उपाध्याय और सब कमांडर प्रमिला तिवारी, कौशिक सिंह और पायलट पवन कुमार सरोज शामिल है। डीजी विनोद कुमार सिंह ने कहा कि ‘पीआरवी निरंतर अच्छा कार्य कर रही है। अपने कर्तव्य निर्वहन से उत्तर प्रदेश पुलिस का मान बढ़ा रही है।पीआरवी कर्मियों की त्वरित कार्रवाई पूरे विभाग के लिए गर्व का विषय है। यूपी 112 की पीआरवी टीमें समय-समय पर सड़क हादसे, घरेलू विवाद और आत्महत्या के मामलों में जान बचाकर मानवीय चेहरा दिखा रही हैं। 112 पर कॉल करते ही मिनटों में मदद पहुंच रही है।

### मुर्गा चोरी का आरोप लगाकर मजदूर को बेरहमी से पीटा

**स्वतंत्र भारत निगोहां।** निगोहां क्षेत्र में मुर्गा चोरी के आरोप को लेकर दो भाइयों ने एक मजदूर की बेरहमी से पिटाई कर दी। हमले में मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया और उसका सिर फट गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक निगोहां थानाक्षेत्र के करनपुर गांव निवासी रामानंद मजदूरी करता है। मजदूर का आरोप है कि शुक्रवार की रात गांव के ही प्रदीप और उसके भाई दुर्गेश ने उस पर मुर्गा चोरी करने का आरोप लगाकर उसे पकड़ लिया और बिना किसी पुष्टि के लाठी-डंडों से हमला कर दिया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आरोपितों ने मजदूर को जमकर पीटा, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई और वह लहूलुहान होकर मौके पर गिर पड़ा। मारपीट के दौरान आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई, जिसके बाद आरोपी मौके से चले गए। घायल अवस्था में मजदूर थाने पहुंचा और पुलिस को घटना की लिखित शिकायत दी। पुलिस ने तत्काल उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहनलालगंज भेजा। पीड़ित रामानंद का कहना है कि उसने किसी प्रकार की चोरी नहीं की है और उस पर झूठा आरोप लगाकर उसके साथ मारपीट की गई।मामले में उपनिरीक्षक अनूप तिवारी ने बताया कि पीड़ित से तहरीर प्राप्त हुई है। आरोपों की जांच कर तत्काल विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** सरोजनी नगर पुलिस ने एक महीने पहले 17 वर्षीय किशोरी के अपहरण और दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी विशाल शर्मा को शनिवार को न्यू गुड़ौरा अंडरपास के पास से पकड़ा गया और उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, सरोजनी नगर थाना क्षेत्र की रहने वाली 17 वर्षीय किशोरी 11 मई को लापता हो गई थी। किशोरी के परिजनों ने पारा थाना क्षेत्र के पूर्वी दीन खेड़ा निवासी विशाल शर्मा पर उसे बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। परिजनों ने बताया कि विशाल उनके घर के सामने स्थित बर्तन की दुकान में काम करता था और उनकी बेटी से बातचीत करता था। उन्होंने आशंका जताई थी कि विशाल ही उनकी बेटी को अपने साथ भगा ले गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी और किशोरी की तलाश शुरू की। 12 मई को किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया गया। उसके बयान दर्ज किए गए और मेडिकल परीक्षण कराया गया। बाद में मामले में दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की धाराएं बढ़ाई गईं। इसके बाद से आरोपी विशाल शर्मा की तलाश जारी थी। शनिवार को उसे सरोजनी नगर थाना क्षेत्र में न्यू गुड़ौरा अंडरपास के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने उसके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया है।

# बार के बाहर हवाई फायरिंग करने वाले तीन गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके के जन्नत बार एंड रेस्टोरेंट में बर्थडे पार्टी के दौरान फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने तीन शातिर युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। मुख्य आरोपी सौरभ सिंह चौहान फरार है, जिसकी तलाश में दबिश दी जा रही है। घटना में इस्तेमाल एक्सयूवी को सीज कर दिया गया है।पुलिस आयुक्त अमरेन्द्र कुमार सेंगर और संयुक्त सीपी अपराध अपर्णा कुमार के निर्देश पर चल रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई हुई।डीसीपी दक्षिणी अमित कुमार आनंद के पर्यवेक्षण में एसीपी गोसाईगंज ऋषभ यादव और प्रभारी निरीक्षक राजीव रंजन उपाध्याय की टीम ने आरोपियों को पकड़ा। 12/13 जून की रात ड्बू सिंह की बर्थडे पार्टी मनाने आए युवक नशे की हालत में डीजे कंसोल पर बार-बार चढ़ रहे थे। बाउंसर द्वारा रोकने पर सौरभ सिंह चौहान व साथियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। क्लब से बाहर निकालने पर गेट पर हाथापाई हुई। इसी दौरान सौरभ



ने अपनी काली स्कॉर्पियो से असलहा निकालकर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया और फरार हो गया। इस मामले को लेकर दिलीप कुमार, निवासी जगनपुर, कानपुर देहात की तहरीर पर थाना सुशान्त गोल्फ सिटी में मुकदमा दर्ज कराया था।पुलिस ने मौके से ही घटना में शामिल तीन आरोपियों को हिरासत में ले लिया। सभी ने जुर्म कबूल किया। पकड़े गये अमन यादव, 20 वर्ष, निवासी कासिमखेड़ा, बिजनौर व विनायक यादव, 22 वर्ष, निवासी मीरानपुर पिनवट, सरोजनी नगर व सुधांशु यादव, 21 वर्ष, निवासी कासिमखेड़ा, बिजनौर तीनों छात्र हैं। इनके खिलाफ बीएनएस की संगीन धाराओं में केस दर्ज है। घटना में प्रयुक्त महिंद्रा को सीज कर दिया गया। मुख्य आरोपी सौरभ सिंह चौहान और 2 अन्य अज्ञात की गिरफ्तारी के लिए टीमों ने दबिश शुरू कर दी है पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ ने साफ किया है कि बार/क्लब में नशे में हंगामा और फायरिंग बर्दाश्त नहीं होगी। पकड़े गए आरोपियों को कोर्ट में पेश किया जा रहा है।

## संदिग्धावस्था में युवती का शव नाले में मिला, हत्या की आशंका

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में स्थित कौंधियारा थाना क्षेत्र के पास मिश्रा बांध के पास शनिवार को एक युवती का शव नाले में पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल पर फोरेंसिक टीम भी पहुंची। पुलिस कहना है कि अब तक युवती की शिनाख्त नहीं हो पाई है। उसकी मौत का स्पष्ट कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम कराया जाएगा। पुलिस उपायुक्त यमुनानगर विवेक चन्द्र यादव ने बताया कि जिले के कौंधियारा थाने में पुलिस को सूचना मिली कि शनिवार दोपहर कौंधियारा थाना क्षेत्र के मिश्रा बांध के पास नाले में एक 22 वर्षीय युवती का शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई। इस सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। युवती की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। उसकी पहचान के लिए पुलिस की टीमें लगातार प्रयास कर रही है। मृत्यु का स्पष्ट कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

# हिस्ट्रीशीटर तारा सिंह बिष्ट दिल्ली से गिरफ्तार

## आरोपी पर दर्ज हैं जमीन हेरा फेरी के कई दर्जन मुकदमे

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** गोमतीनगर विस्तार पुलिस ने धोखाधड़ी के एक मामले में वांछित हिस्ट्रीशीटर और शातिर आरोपी तारा सिंह बिष्ट (55) को नई दिल्ली के चाणक्यपुरी क्षेत्र से गिरफ्तार किया है।



आरोपी को ट्रांजिट रिमांड पर लाकर शनिवार को लखनऊ में न्यायालय में पेश किया जाएगा। पुलिस के मुताबिक, विरामखंड निवासी वीरेंद्र कुमार सिंह की शिकायत पर जांच के बाद जनवरी 2026 में गोमतीनगर विस्तार थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस अधिकारियों के अनुसार आरोपी गोमतीनगर थाने का हिस्ट्रीशीटर है और उसके खिलाफ लखनऊ के कई थानों में 30 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। आरोप है कि तारा सिंह बिष्ट और उसके सहयोगियों ने आपराधिक षड्यंत्र के तहत एक अनरजिस्टर्ड प्लांट को रजिस्टर्ड दिखाते हुए बिजली विभाग से तथ्य छिपाकर फर्जी और कूटरचित दस्तावेज तैयार किए तथा उसी के आधार पर बिजली कनेक्शन हासिल कर उसका उपयोग किया। मामले में धारा जालसाजी, धोखाधड़ी समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान आरोपी की तलाश की जा रही थी। इसके बाद गोमतीनगर विस्तार पुलिस टीम ने आवश्यक अनुमति प्राप्त कर दिल्ली पुलिस के सहयोग और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर चाणक्यपुरी स्थित उत्तराखंड निवास के रिसेप्शन से तारा सिंह बिष्ट को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार तारा सिंह बिष्ट गोमतीनगर थाने का हिस्ट्रीशीटर है और उसके खिलाफ लखनऊ के विभिन्न थानों में धोखाधड़ी, जालसाजी, कब्जा, गैंगस्टर एक्ट, गुंडा एक्ट, एससी-एसटी एक्ट और अन्य धाराओं में 30 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। इनमें गोमतीनगर, चिनहट, वजीरगंज, महानगर, हुसैनगंज और गोमतीनगर विस्तार थाने के मामले शामिल हैं।

# निगोहां क्षेत्र में पेड़ से लटका मिला बदायूं के युवक का शव

## पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए

**स्वतंत्र भारत निगोहां।** निगोहां थाना क्षेत्र के ब्रम्हदासपुर गांव के पास शनिवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटका मिला। सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल पुलिस आत्महत्या और अन्य संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान अमन (20) पुत्र राजेश निवासी ग्राम हरगनपुर, पोस्ट सिरासौल, थाना बिल्सी, जनपद बदायूं के रूप में हुई है। युवक का शव ब्रम्हदासपुर गांव के पास रेलवे क्रॉसिंग के निकट एक पेड़ से दुपट्टे के सहारे लटका मिला। ग्रामीणों ने शव देख तत्काल निगोहां पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक के पास मिले आधार कार्ड और मोबाइल फोन के आधार पर उसकी शिनाख्त कर परिजनों को सूचना दी। घटनास्थल पर एक बैग भी मिला, जिसमें कपड़े और एक डायरी रखी हुई थी। पुलिस ने बैग और अन्य सामान को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

### रोहतक में करता था मजदूरी.......

मृतक के पिता राजेश ने बताया कि अमन हरियाणा के रोहतक में मजदूरी करता था। शुक्रवार शाम करीब आठ बजे बेटे से फोन पर उनकी बात हुई थी। बातचीत के दौरान वह काफी परेशान लग रहा था। पिता ने उसे घर वापस आने की सलाह दी, लेकिन उसने इनकार कर दिया। इसके बाद शनिवार सुबह उसके शव मिलने की सूचना मिली। फिलहाल पुलिस हर पहलू को गंभीरता से जांच रही है। फॉरेंसिक टीम ने मौके से आवश्यक साक्ष्य संकलित किए हैं, जबकि पुलिस, युवक के मोबाइल डेटा, कॉल डिटेल और अन्य साक्ष्यों की पड़ताल कर रही है।मामले की जांच कर रहे एसआई संदीप मिश्रा ने बताया कि युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# एलडीए में नौकरी-दिलाने के नाम पर 30 लाख ठगे

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) में नौकरी और सरकारी ठेका दिलाने का झांसा देकर मां-बेटे ने 30 लाख रुपए ठग लिए। पीड़ित ने धोखाधड़ी, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गोलागंज के बारूदखाना स्थित तकिया आजम बेग की रहने वाली पीड़ित वारिस एहसान खान ने पुलिस से की शिकायत में बताया- उनके दूर के रिश्तेदार सुमायरा रब्बानी उर्फ परवीन और उनके पुत्र अली अब्दुल्लाह ने एलडीए में नौकरी लगवाने और सरकारी ठेके दिलाने का भरोसा दिलाया था। सुमायरा एलडीए में कार्यरत बताई जाती हैं। पीड़ित का आरोप है कि उनकी बातों में आकर उन्होंने जनवरी 2024 में अली अब्दुल्लाह के आईसीआईसीआई बैंक खाते में 5 लाख रुपए ट्रांसफर किए। इसके बाद मार्च 2024 में 25 लाख रुपए नकद दिए। वारिस ने बताया कुछ समय बाद सुमायरा रब्बानी ने उन्हें एक पत्र दिया और कहा कि उनके कहने पर ही उसे लेकर एलडीए जाना। काफी समय बीतने के बाद जब उन्हें संदेह हुआ तो वह खुद एलडीए पहुंचे और पत्र की जांच कराई। वहां पता चला कि पत्र फर्जी है। पीड़ित का कहना है कि जब उन्होंने इस बारे में आरोपियों से बात की तो उन्होंने पत्र वापस मांग लिया, लेकिन उन्होंने पत्र नहीं लौटाया। वारिस का आरोप है कि न तो उन्हें एलडीए में नौकरी मिली और न ही किसी प्रकार का ठेका। इसके बाद उन्होंने अपने 30 लाख रुपए वापस मांगे, लेकिन आरोपी लगातार टालमटोल करते रहे। पीड़ित के मुताबिक, कई बार घर जाकर रकम लौटाने की मांग करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज की, धक्का देकर भगा दिया। इसके बाद फर्जी मुकदमों में फंसाने की धमकी भी दी। कैसरबाग इंस्पेक्टर अंजनि मिश्रा ने बताया मुकदमा दर्ज करके जांच की जा रही है। आरोपियों को पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा।

## प्रेमिका ने शादी से किया इंकार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ ।** शुक्रवार की देर रात को नोएडा पुलिस ने प्रेमिका द्वारा शादी का प्रस्ताव ठुकराने से आहत होकर एक युवक द्वारा नशीली गोलियां खाकर आत्महत्या का प्रयास करने के मामले को विफल कर दिया है। पुलिस आयुक्त के मीडिया प्रभारी ने बताया कि शुक्रवार की रात को 24 वर्षीय युवक ने सोशल मीडिया पर आत्महत्या से जुड़ा एक बेहद चिंताजनक पोस्ट साझा किया। यह अलर्ट सोशल मीडिया द्वारा नोएडा पुलिस के सोशल मीडिया सेंटर को प्राप्त हुआ। मुख्यालय की टीम ने तुरंत लोकेशन ट्रेस कर नोएडा पुलिस को सूचित किया। उन्होंने बताया कि मात्र 5 मिनट के अंतराल पर थाना जेवर पुलिस की टीम ने युवक के घर पहुंच कर सो रहे उसके पिता को जगाया तथा उनके बेटे द्वारा की गई पोस्ट की जानकारी दी।परिजन पुलिस को युवक के पास तत्काल लेकर पहुंचे। वह वेसुध अवस्था में पड़ा था। पुलिस कर्मियों ने अविलंब युवक को एक नजदीकी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया।

# चेकिंग के दौरान ई-रिक्शा ने पुलिसकर्मी को मारी टक्कर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** दुबग्गा थाना क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान एक ई-रिक्शा चालक ने पुलिसकर्मी को टक्कर मार दी। इस हादसे में एक रिक्रूट आरक्षी की जांघ की हड्डी टूट गई। उपचार के बाद पीड़ित आरक्षी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी गई शिकायत के मुताबिक, दुबग्गा थाने में तैनात रिक्रूट आरक्षी भानू प्रताप द्विवेदी 9 जून की रात करीब 10 बजे सीतापुर बाईपास चौराहे पर कस्बा चौकी प्रभारी और अन्य पुलिसकर्मियों के साथ वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने वाहन संख्या यूपी-32-वाईएन-7266 बजाज ई-रिक्शा को रोकने का प्रयास किया। आरोप है कि ई-रिक्शा चालक ने वाहन रोकने के बजाय तेजी और लापरवाही से उसे आरक्षी की ओर बढ़ा दिया। आरक्षी ने खुद को बचाने की कोशिश की, लेकिन तेज रफ्तार ई-रिक्शा ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ई-रिक्शा उनके ऊपर पलट गया, जिससे उनके बाएं पैर की जांघ की हड्डी टूट गई। घायल आरक्षी को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उनका ऑपरेशन किया। स्वास्थ्य में सुधार होने के बाद आरक्षी ने घटना की लिखित शिकायत पुलिस को दी। दुबग्गा पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी ई-रिक्शा चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच जारी है और चालक की भूमिका की पड़ताल की जा रही है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस घटना को पुलिस विभाग में गंभीरता से लिया जा रहा है, क्योंकि यह ड्यूटी के दौरान वाहन चेकिंग कर रहे एक पुलिसकर्मी पर हुआ हमला है।


# ई-रिक्शा चोर गैंग का पर्दाफाश, दो शातिर गिरफ्तार

## कैसरबाग पुलिस ने चोरी का ई-रिक्शा किया बरामद

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ के जोन-पश्चिमी के थाना कैसरबाग पुलिस ने ई-रिक्शा चोरी करने वाले 2 शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया 1 ई-रिक्शा भी बरामद हुआ है। पुलिस आयुक्त अमरेन्द्र कुमार सेंगर, डीसीपी पश्चिमी, एसीपी कैसरबाग और प्रभारी निरीक्षक अंजनी कुमार मिश्र के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई हुई। थाना कैसरबाग में बीती 03 जून को पवन कुमार सोनकर, निवासी तकिया गणेशगंज, थाना नाका की तहरीर पर धारा 303(2) बीएनएस दर्ज हुआ था। ई-रिक्शा चोरी हो गया था। तब से पुलिस टीम चोरों की तलाश में जुटी थी। मुखबिर की सूचना पर गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, विश्वकर्मा मंदिर के पास से कैसरबाग पुलिस ने दो



आरोपियों को दबोच लिया। पूछताछ में उन्होंने चोरी कबूल की। उनके कब्जे से चोरी गया ड्यूक ऑटो इंडिया मॉडल टायसन डीलक्स ई-रिक्शा बरामद कर लिया गया।पकड़े गये आरोपियों मो0 कैफ उर्फ उल्ले, पुत्र मो0 आसिफ, निवासी सालेह नगर, रुचिखण्ड, थाना आशियाना, उम्र 25 वर्ष व प्रवेश यादव उर्फ राना, पुत्र स्व0 कृष्ण यादव, निवासी सेक्टर-22, इंदिरानगर, थाना गाजीपुर, उम्र 25 वर्ष पुलिस ने दोनों आरोपियों पर धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी कर शनिवार दोपहर 3:00 बजे न्यायिक अभिरक्षा के लिए कोर्ट में पेश किया। आरोपियों का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है।पकड़े गये आरोपियों को उप निरीक्षक सावंत कुमार, अरविन्द कुमार, प्रशान्त कुमार, आरक्षी अनीश वर्मा नें गिरफ्तार किया। पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ वाहन चोरों के खिलाफ लगातार अभियान चला रहा है।पुलिस नें जनता से अपील की है कि वाहन खड़ा करते समय लॉक जरूर लगाएं और संदिग्ध दिखे तो तुरंत 112 पर सूचना दें।



# इलेक्ट्रिसिटी बिल को संसद में पेश करने का विरोध करेगा एआईपीईएफ

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** बेंगलुरु में आयोजित ऑल इंडिया

### –विधेयक पेश होने पर देशव्यापी आंदोलन और लाइटनिंग स्ट्राइक की चेतावनी



पावर इंजीनियर्स फेडरेशन (एआईपीईएफ) की फेडरल एग्जीक्यूटिव की बैठक में सर्वसम्मति से इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल, 2025 के विरुद्ध प्रस्ताव पारित करते हुए इसे देश के सार्वजनिक विद्युत क्षेत्र, उपभोक्ताओं, किसानों, बिजली कर्मियों तथा संघीय ढांचे के लिए गंभीर खतरा बताया गया।

बैठक में कहा गया कि 9 अक्टूबर 2025 को जारी किए गए इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2025 विधेयक के मसौदे पर हितधारकों को पर्याप्त समय नहीं दिया गया। देशभर के बिजली अभियंताओं, कर्मचारियों, ट्रेड यूनियनों, उपभोक्ता संगठनों, किसान संगठनों, राज्य विद्युत उपक्रमों तथा ऊर्जा विशेषज्ञों द्वारा व्यापक विरोध दर्ज कराने के बावजूद केंद्र सरकार इस विधेयक को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रही है।

एआईपीईएफ ने कहा कि 12 जनवरी 2026 को देशभर के बिजली कर्मियों एवं अभियंताओं के प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से विधेयक वापस लेने की मांग की थी, किंतु ऊर्जा मंत्रालय ने आज तक उस बैठक का कार्यवृत्त तक जारी नहीं किया। इससे लोकतांत्रिक परामर्श प्रक्रिया की अनदेखी स्पष्ट होती है।

फेडरेशन ने विशेष चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रस्तावित विधेयक एक ही वितरण क्षेत्र में सार्वजनिक धन से निर्मित नेटवर्क का उपयोग करते हुए अनेक वितरण लाइसेंसधारियों को कार्य करने की अनुमति देता है। इससे निजी कंपनियों को लाभकारी औद्योगिक एवं वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को चुनने का अवसर मिलेगा, जबकि घरेलू, कृषि एवं ग्रामीण उपभोक्ताओं की जिम्मेदारी सार्वजनिक वितरण कंपनियों पर ही बनी रहेगी। इससे सार्वजनिक डिस्कॉम की वित्तीय स्थिति कमजोर होगी और अंततः निजीकरण का मार्ग प्रशस्त होगा। एआईपीईएफ ने कहा कि देश के 90 प्रतिशत से अधिक उपभोक्ता घरेलू श्रेणी के हैं, जिनका कनेक्टेड लोड 5 किलोवाट से कम है। विधेयक का लाभ केवल बड़े उपभोक्ताओं को मिलेगा। जबकि आम उपभोक्ताओं, किसानों, छोटे व्यापारियों और कमजोर वर्गों के हित प्रभावित होंगे। उच्च राजस्व देने वाले उपभोक्ताओं के निजी आपूर्तिकर्ताओं की ओर जाने से सार्वजनिक डिस्कॉम की आय घटेगी और सामान्य उपभोक्ताओं पर टैरिफ वृद्धि का बोझ पड़ेगा। बैठक में कहा गया कि अंतरराष्ट्रीय अनुभव भी यह दर्शाता है कि वितरण क्षेत्र में तथाकथित प्रतिस्पर्धा से उपभोक्ताओं को अपेक्षित लाभ नहीं मिला है। इसके विपरीत कई देशों में इससे वित्तीय अस्थिरता और नियामकीय जटिलताएं बढ़ी हैं। एआईपीईएफ ने चेतावनी दी कि यह विधेयक वितरण कंपनियों के निजीकरण को तेज करेगा, जिससे बिजली कर्मचारियों और अभियंताओं की सेवा सुरक्षा, पदोन्नति, सेवा शर्तों और सेवानिवृत्ति लाभों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

फेडरेशन ने यह भी कहा कि बिजली समवर्ती सूची का विषय है तथा प्रस्तावित संशोधन राज्यों के अधिकारों और संघीय ढांचे को कमजोर करते हैं। फेडरल एग्जीक्यूटिव ने सर्वसम्मति से मांग की कि इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल, 2025 को तत्काल वापस लिया जाए तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली, क्रॉस-सब्सिडी व्यवस्था और राज्य विद्युत उपक्रमों की वित्तीय स्थिरता को कमजोर करने वाले सभी प्रावधान समाप्त किए जाएं।

एआईपीईएफ ने निर्णय लिया है कि यदि संसद के मानसून सत्र में इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल, 2025 को लोकसभा या राज्यसभा में पेश किया जाता है तो नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी एम्प्लॉइज एंड इंजीनियर्स तथा अन्य ट्रेड यूनियनों के साथ मिलकर देशव्यापी विरोध आंदोलन शुरू किया जाएगा। फेडरल एग्जीक्यूटिव ने एआईपीईएफ नेतृत्व को यह अधिकार भी प्रदान किया है कि विधेयक संसद में पेश किए जाने की विश्वसनीय सूचना मिलते ही पूरे देश में अल्प सूचना पर 'लाइटनिंग स्ट्राइक' का आह्वान किया जा सके।देशभर के विद्युत उत्पादन, पारेषण एवं वितरण प्रतिष्ठानों, परियोजनाओं, कार्यालयों तथा जिला मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन, गेट मीटिंग, सभा एवं जनजागरण अभियान आयोजित किए जाएंगे। साथ ही उपभोक्ताओं, किसानों, जनप्रतिनिधियों तथा नागरिक समाज को विधेयक के दुष्प्रभावों से अवगत कराने हेतु व्यापक जन अभियान चलाया जाएगा।

# आवास आयुक्त ने दिए कन्वेंशन सेंटर के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** आवास आयुक्त ने शनिवार को लखनऊ स्थित वृंदावन योजना एवं अवध विहार योजना का औचक

### –वृंदावन एवं अवध विहार योजना का किया निरीक्षण

निरीक्षण कर विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अवध विहार योजना में स्थित अवध शिल्पग्राम परिसर के फूड कोर्ट, एम्फीथियेटर, प्रदर्शनी हॉल, ग्रीन बेल्ट, पार्क हेतु चिन्हित स्थलों, निर्माणाधीन कन्वेंशन सेंटर तथा दुकानों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान आवास आयुक्त ने निर्माणाधीन कन्वेंशन सेंटर के कार्यों में तेजी लाने और दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया को टेंडर के माध्यम से शीघ्र संपन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने वृंदावन एवं अवध विहार योजनाओं में स्थित वाणिज्यिक भूखंडों का रेरा पंजीकरण जल्द सुनिश्चित करने तथा विकास एवं निर्माण संबंधी लंबित कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। आवास आयुक्त ने दोनों योजनाओं में सौंदर्यीकरण, स्वच्छता एवं रखरखाव व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर बल देते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजनाओं में उपलब्ध सुविधाओं एवं आधारभूत संरचनाओं को बेहतर बनाकर नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण वातावरण उपलब्ध कराया जाए। निरीक्षण के दौरान मुख्य वास्तुविद नियोजक, अधीक्षण अभियंता, वृंदावन एवं अवध विहार वृत्त तथा उप आवास आयुक्त (लखनऊ) उपस्थित रहे।

# रामजीलाल के नाती के निधन पर अखिलेश ने व्यक्त की शोक संवेदना



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शनिवार को आगरा में समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के नाती के निधन उपरांत उनके आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

शनिवार को दो दिवसीय आगरा दौरे पर पहुंचे अखिलेश यादव ने सबसे पहले राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के आवास पर पहुंचे और पिछले दिनों हुए उनके नाती के निधन पर गहरा दुख प्रकट करते हुए शोक संवेदना प्रकट की है। अखिलेश यादव रविवार 14 जून को आगरा में आयोजित विजन इंडिया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

# चार पेंशनरों की समस्या निस्तारित, शेष के लिए दिए आदेश

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** निदेशक (का.प्र. एवं प्रशा.) की अध्यक्षता में मध्यांचल मुख्यालय और पावर कारपोरेशन मुख्यालय में शनिवार को पेंशन अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें आये पेंशनरों की समस्याओं का निराकरण के निर्देश दिए।

इसके साथ शक्ति भवन में लगी अदालत में आठ मामले आये, जिनमें से चार का मौके पर निस्तारण किया गया।

शनिवार की पेंशन अदालत में कुल 3 पेंशनरों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया, जिसमें प्रमुखतः पवन कुमार शुक्ला, निवासी अलीगंज लखनऊ एवं पूनम कश्यप, राजाजीपुरम ने अपनी पारिवारिक पेंशन एवं चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति के प्रकरण को रखा। जिस पर निदेशक द्वारा तत्काल प्रभावी कार्यवाही करते हुए संबंधित अधिकारी को शीघ्रातिशीघ्र प्रकरण के निस्तारण के आदेश दिए।



### शक्ति भवन में आयोजित हुई पेंशन अदालत

उधर उ.प्र. पावर कारपोरेशन मुख्यालय शक्ति भवन के अल्पाहार कक्ष (कैन्टीन) में त्रैमासिक पेंशन अदालत सुबह 11 बजे आयोजित हुई। सेवानिवृत्त कार्मिकों की सुविधा के लिये पावर कारपोरेशन अध्यक्ष डा. आशीष कुमार गोयल के निर्देश पर आयोजित होने वाली इन त्रैमासिक पेंशन अदालतों में पेंशनरों तथा पारिवारिक पेंशनरों की समस्याओं का निस्तारण कराया जाता है। त्रैमासिक पेंशन अदालत मार्च, जून, सितंबर तथा दिसंबर में आयोजित होती है। इस तरह की अदालतें प्रत्येक डिस्कॉम तथा केस्को में भी आयोजित हुई। यह जानकारी देते हुये निदेशक (का.प्र.एवंप्रशा.) डा. जॉन मथाई ने बताया कि इस अदालत में 8 प्रकरण प्राप्त हुए, जिसमें से 4 प्रकरण का निस्तारण कर दिया गया शेष 4 पेंशन प्रकरण पर जल्द ही निस्तारित करने के निर्देश दिए गए ।

# 22.6 लाख उपभोक्ताओं को 15 जून तक भेजे जाएंगे बिल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** आरडीएसएस योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन

### एसएमएस के माध्यम से भेजे जाएंगे बिजली बिल

लिमिटेड के निगमों में एएमआईएसपी द्वारा अब तक कुल 89.67 लाख स्मार्ट मीटर स्थापित किए जा चुके हैं। अब तक इनमें से 85.6 लाख स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को माह जून के बिल पोस्टपेड आधार पर निर्गत किए जा चुके हैं। शेष उपभोक्ताओं में लगभग 45 हजार उपभोक्ता नवीन संयोजन श्रेणी के हैं, जिनका प्रथम बिल जुलाई में बनाया जाएगा।

इसके अतिरिक्त संचार एवं अन्य तकनीकी कारणों से मीटर डेटा प्राप्त न होने वाले 3.62 लाख स्मार्ट मीटरों की रीडिंग स्वचालित प्रणाली के स्थान पर एचएचयू के माध्यम से की जा रही है। ऐसे सभी उपभोक्ताओं की बिलिंग पूर्ण कर 18 जून तक बिल उपलब्ध करा दिए जाएंगे। अब तक 63 लाख स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को एसएमएस के माध्यम से उनके बिल प्रेषित किए जा चुके हैं। 22.6 लाख उपभोक्ताओं को उनके बिल एसएमएस के माध्यम से 15 जून तक उपलब्ध करा दिए जाएंगे। इसके अतिरिक्त शेष सभी उपभोक्ताओं को 18 जून तक एसएमएस के माध्यम से बिल प्रेषित कर दिए जाएंगे। स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए बिल पर अंकित देय तिथि अथवा 29 जून जो भी बाद की तिथि होगी, वही मान्य देय तिथि मानी जाएगी। जिन उपभोक्ताओं के बिल पर अंकित देय तिथि 29 जून से पूर्व है, वे यदि 29 जून तक बिल का भुगतान कर देते हैं, तो उनसे भुगतान विलम्ब अधिभार नहीं लिया जाएगा। उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि वे अपना पंजीकृत मोबाइल नंबर अद्यतन रखें तथा प्राप्त बिल का समय से भुगतान कर विद्युत सेवाओं का निर्बाध लाभ प्राप्त करें।

# फर्जी एनकाउंटर : भाकियू ने एसपी को पत्र भेजकर दोषी पुलिसकर्मियों पर की कार्रवाई की मांग

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) ने खुटार थाना क्षेत्र में हुए कथित फर्जी एनकाउंटर मामले में पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। संगठन ने इस संबंध में पुलिस अधीक्षक को एक पत्र भेजा है। यह मामला खुटार थाना क्षेत्र के गांव चांदपुर हरनाई से जुड़ा है। तीन दिन पूर्व एक वर्षीय बच्ची के साथ बलात्कार के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने बाद में आरोपी को पकड़कर उसका एनकाउंटर कर दिया था। भाकियू कार्यकर्ताओं ने एसपी को भेजे पत्र में आरोप लगाया है कि ग्रामीणों ने आरोपी को पुलिस के हवाले किया था। इसके बावजूद पुलिस ने कथित तौर पर फर्जी तरीके से एनकाउंटर किया। यूनियन का यह भी आरोप है कि घटना का विरोध करने पर निर्दोष महिलाओं पर लाठियां चलाई गई।भारतीय किसान यूनियन ने इस घटना की कड़ी निंदा की है। संगठन ने दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की है। यूनियन ने चेतावनी दी है कि यदि कार्रवाई नहीं की गई, तो वे सीओ कार्यालय का घेराव करेंगे और आंदोलन करेंगे।

# विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर जागरूकता रैली एवं संगोष्ठी का किया गया आयोजन

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर श्रम विभाग द्वारा बाल श्रम उन्मूलन एवं बाल अधिकारों के प्रति जन-जागरूकता बढाने हेतु एक विशाल जागरूकता रैली का अयोजन किया गया। रैली में श्रम विभाग, चाइल्ड लाइन, सामाजिक संगठनों एवं आमजन ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के माध्यम से बाल श्रम छोड़ो, शिक्षा से नाता जोड़ो तथा हर बच्चे का अधिकार-शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान बाल श्रम अपराध है बाल श्रम एक सामाजिक बुराई है जैसे संदेश दिये गए। इसके उपरान्त वृहद संगोष्ठी का अयोजन किया गया, जिसमें श्रम विभाग के अधिकारियों, चाइल्ड लाइन



प्रतिनिधियों एवं अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारियों ने सहभागिता की। वक्ताओं ने बाल श्रम के दुष्परिणामों, बच्चों के शिक्षा एवं संरक्षण के अधिकार तथा बाल श्रम निषेध से संबंधित कानूनी प्रावधानों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने समाज के सभी वर्गों से अपील की कि वे बाल श्रम की किसी भी घटना की सूचना संबंधित विभागों को दें तथा बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने में सहयोग करें। सहायक श्रमायुक्त अयोध्या द्वारा मंच का संचालन एवं कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करते हुए विशेष अतिथि के तौर पर सहायक निदेशक कारखाना अनंत कुमार, जिला प्रोवेशन अधिकारी जयपाल वर्मा, ए0एच0टी0यू0 प्रभारी गौरीशंकर पाल, श्रम प्रवर्तन अधिकारी भूपेन्द्र, गौरव गुप्ता, सत्येन्द्र प्रताप एवं शिव कुमार यादव, प्रशासनिक अधिकारी, श्रीमती पल्लवी दीक्षित जिला कोआर्डिनेटर चाइल्ड लाइन (1098) श्रीमती कविता मिश्रा अपराजिता सेवा संस्था (एन0जी0 ओ0), वन स्टाप सेन्टर प्रभारी श्रीमती प्रभा पाल, श्रीमती वंदना तिवारी, व्यापार मण्डल अयोध्या से पंकज गुप्ता, विमल मिश्रा, विनय कटियार, राजेश चौहान एवं विभागीय कर्मचारी, जन सामान्य एवं सामाजिक कार्यकर्ता ने प्रतिभाग किया। सभी प्रतिभागियों ने बाल श्रम मुक्त समाज के निर्माण हेतु सामूहिक संकल्प भी लिया।

# गोली मारकर घायल करने के मामले में छह नामजद

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** मरिया धाम श्मशान घाट के पास भैंस चरा रहे एक ग्रामीण पर हमला कर गोली मारने के मामले में पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली है। घटना के बाद क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी इस वारदात में पुलिस ने दो संदिग्धों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है।क्षेत्र के गांव अंबेडकर गोटिया मौजमपुर निवासी अर्जुन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पिता नेकपाल शुक्रवार शाम करीब पांच बजे मरिया धाम श्मशान घाट के पास भैंस चरा रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान गांव के रामगोपाल, कृष्ण गोपाल, शिव गोपाल, रमन पाल, अवधेश तथा राममिलन उर्फ रामबरन वहां पहुंचे और पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने लोहे की रॉड से हमला कर दिया। आरोप है कि जान से मारने की नीयत से गोली भी मार दी, जिससे नेकपाल गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायल को उपचार के लिए अस्पताल ले गए। हालत गंभीर होने पर उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है।पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर छहों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र में यह भी चर्चा है कि पुलिस ने दो लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।सीओ इशिका सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर छह लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घायल का मेडिकल कॉलेज में उपचार चल रहा है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही है और मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

# रेलवे ने आज से शुरू किया परीक्षा विशेष गाड़ियों का संचालन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** रेल प्रशासन द्वारा आगामी रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) एनटीपीसी परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए 05005/05006 गोरखपुर-लखनऊ जं.-गोरखपुर तथा 05031/05032 गोरखपुर-लखनऊ जं.-गोरखपुर अनारक्षित परीक्षा विशेष गाड़ियों का संचालन किया जा रहा है।



इसके चलते 05005 गोरखपुर-लखनऊ जं. अनारक्षित परीक्षा विशेष गाड़ी 14 जून से 22 जून तक गोरखपुर से 12.45 बजे प्रस्थान कर खलीलाबाद से 13.17 बजे, बस्ती से 13.48 बजे, बभनान से 14.15 बजे, मनकापुर से 14.45 बजे, गोण्डा से 15.20 बजे, करनैलगंज से 15.55 बजे, बाराबंकी से 16.32 बजे तथा बादशाहनगर से 17.12 बजे छूटकर लखनऊ जं. 17.45 बजे पहुंचेगी। 05006 लखनऊ जं.-गोरखपुर अनारक्षित परीक्षा विशेष गाड़ी 13 जून, 2026 से 21 जून, 2026 तक लखनऊ जं. से 18.15 बजे प्रस्थान कर बादशाहनगर से 18.48 बजे, बाराबंकी से 19.32 बजे, करनैलगंज से 20.30 बजे, गोण्डा से 21.00 बजे, मनकापुर से 21.26 बजे, बभनान से 22.02 बजे, बस्ती से 22.33 बजे तथा खलीलाबाद से 23.00 बजे छूटकर गोरखपुर 23.55 बजे पहुंचेगी।

05031 गोरखपुर-लखनऊ जं. अनारक्षित परीक्षा विशेष गाड़ी शनिवार यानी आज से 21 जून तक गोरखपुर से 19.00 बजे प्रस्थान कर खलीलाबाद से 19.42 बजे, बस्ती से 20.10 बजे, बभनान से 20.40 बजे, मनकापुर से 21.10 बजे, गोण्डा से 21.45 बजे, करनैलगंज से 22.16 बजे, बाराबंकी से 23.37 बजे तथा दूसरे दिन बादशाहनगर से 00.20 बजे छूटकर लखनऊ जं. 00.55 बजे पहुंचेगी। 05032 लखनऊ जं.-गोरखपुर अनारक्षित परीक्षा विशेष गाड़ी 14 जून, 2026 से 22 जून, 2026 तक लखनऊ जं. से 12.45 बजे प्रस्थान कर बादशाहनगर से 13.17 बजे, बाराबंकी से 14.02 बजे, करनैलगंज से 14.50 बजे, गोण्डा से 15.27 बजे, मनकापुर से 16.03 बजे, बभनान से 16.42 बजे, बस्ती से 17.22 बजे तथा खलीलाबाद से 17.44 बजे छूटकर गोरखपुर 18.20 बजे पहुंचेगी। इन गाड़ियों में सामान्य द्वितीय श्रेणी/जी.एस.सी.एन. के 10 तथा एस.एल.आर.डी. के 02 कोचों सहित कुल 12 कोच लगाये जायेंगे। सभी कोच अनारक्षित श्रेणी के होंगे। आवश्यकतानुसार अनारक्षित कोचों की संख्या बढ़ायी जा सकती है तथा गाड़ियों को आवश्यकतानुसार पुनर्निर्धारित (रि-शिड्यूल) किया जा सकता है।

## 21 रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तित

लखनऊ स्टेशन पर रेलवे भूमि विकास प्राधिकरण द्वारा एयर कॉनकोर्स निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इसी क्रम में लखनऊ स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 4 पर ब्लॉक लिए जाने के कारण उत्तर रेलवे प्रशासन ने 14 जून

### –लखनऊ स्टेशन पर एयर कॉनकोर्स का निर्माण प्रगति पर

से 23 जून तक कुछ रेलगाड़ियों का मार्ग अस्थायी रूप से परिवर्तित करने का निर्णय लिया है। रेलगाड़ियों का संचालन लखनऊ स्टेशन के स्थान पर अमौसी-ट्रांसपोर्ट नगर-उतरेटिया रेलखंड के माध्यम से किया जाएगा। मार्ग परिवर्तित की जाने वाली रेलगाड़ियों में14307 प्रयागराज संगम-बरेली एक्सप्रेस,14241 प्रयागराज संगम-सहारनपुर एक्सप्रेस,14242 सहारनपुर-प्रयागराज संगम एक्सप्रेस, 15075 शक्तिनगर-टनकपुर एक्सप्रेस,15073 सिंगरौली-टनकपुर एक्सप्रेस,15074 टनकपुर-सिंगरौली एक्सप्रेस,15076 टनकपुर-शक्तिनगर एक्सप्रेस, 13037 हावड़ा-देहरादून एक्सप्रेस,13035 हावड़ा-देहरादून एक्सप्रेस,13038 देहरादून-हावड़ा एक्सप्रेस,13036 देहरादून-हावड़ा एक्सप्रेस,13257 दानापुर-आनंद विहार टर्मिनल एक्सप्रेस,13258 आनंद विहार टर्मिनल-दानापुर एक्सप्रेस,14523 बरौनी-अम्बाला कैंट एक्सप्रेस, 14524 अंबाला कैंट-बरौनी एक्सप्रेस,15127 बनारस-नई दिल्ली एक्सप्रेस, 15128 नई दिल्ली-बनारस एक्सप्रेस, 15119 बनारस-देहरादून एक्सप्रेस,15120 देहरादून-बनारस एक्सप्रेस,14229 प्रयागराज संगम-योगनगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस,14230 योगनगरी ऋषिकेश-प्रयागराज संगम एक्सप्रेस शामिल हैं। इन सभी रेलगाड़ियों का संचालन लखनऊ स्टेशन के स्थान पर अमौसी-ट्रांसपोर्ट नगर-उतरेटिया रेलखंड के माध्यम से किया जाएगा। मार्ग परिवर्तित रेलगाड़ियों को अमौसी स्टेशन पर 10 मिनट तथा उतरेटिया स्टेशन पर 5 मिनट का अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया जाएगा।

# कृषि भूमि पर कर लिया अवैध कब्जा और निर्माण

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** गांव रायटांडा में खसरा संख्या 112 की कृषि भूमि पर अवैध कब्जे और निर्माण का मामला जिलाधिकारी के संज्ञान में पहुंच गया है। स्थानीय स्तर पर सुनवाई न होने से परेशान किसान ने जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई, जिस पर डीएम ने तत्काल जांच के आदेश दिए हैं। गांव रायटांडा निवासी अनूप कुमार ने जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह को शिकायती पत्र देकर बताया कि खसरा/खाता संख्या 112 की भूमि उनके नाम दर्ज है। आरोप है कि गांव के कुछ दबंग लोग उनकी जमीन के एक हिस्से पर अवैध कब्जा करने की नीयत से निर्माण कार्य करा रहे हैं। पीड़ित का कहना है कि उन्होंने पहले थाना बंडा तथा एसडीएम पुवायां कार्यालय में शिकायत की थी। एसडीएम द्वारा क्षेत्रीय लेखपाल को मौके पर जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश भी दिए गए थे, लेकिन आरोप है कि लेखपाल ने न तो मौके पर पहुंचकर जांच की और न ही कोई रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस बीच दबंगों ने जमीन पर करीब डेढ़ फीट ऊंची नींव खड़ी कर दी। स्थानीय स्तर पर कार्रवाई न होने से निराश अनूप कुमार ने जिलाधिकारी से मिलकर अवैध निर्माण रुकवाने, बनी हुई नींव हटवाने तथा कब्जा करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की।

# इंडियन बैंक में करोड़ों का घोटाला आया सामने

## 69 अधिकारियों-कर्मचारियों समेत ग्राहकों पर केस दर्ज



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले में स्थित इंडियन बैंक की मुख्य शाखा में वर्ष 1997 से 2020 के बीच करोड़ों रुपये के वित्तीय अनियमितताओं का मामला सामने आया है। बैंक प्रशासन की शिकायत पर नगर कोतवाली में पूर्व शाखा प्रबंधकों, कैशियरों, अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों और कुछ ग्राहकों समेत कुल 69 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोप है कि पद और अधिकारों का दुरुपयोग कर बैंक की करोड़ों रुपये की धनराशि का गबन किया गया। पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जायसवाल के मीडिया प्रभारी ने बताया कि इंडियन बैंक के सचिव रविंद्र कुमार श्रीवास्तव की तहरीर पर नगर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज किया है। शिकायत में कहा गया है कि वर्ष 1997 से 2020 के दौरान बैंक में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों ने विभिन्न माध्यमों से लगभग 3 करोड़ 60 लाख रुपये की धनराशि में हेराफेरी की। बैंक प्रशासन के अनुसार, विभागीय जांच के दौरान संबंधित लोगों ने गबन की गई राशि ब्याज सहित जमा करने का लिखित आश्वासन दिया था। लेकिन निर्धारित समय में धनराशि वापस नहीं की गई। इसके चलते ब्याज सहित बकाया रकम बढ़कर 4 करोड़ 90 लाख 8 हजार 373 रुपये हो गई है। मामले में न्यायालय के आदेश के अनुपालन में 12 जून 2026 को नगर कोतवाली में विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

इंडियन बैंक के सचिव रविंद्र कुमार की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर वर्ष 1997 से 2020 के बीच कार्यरत 69 कर्मचारियों एवं अन्य संबंधित लोगों के खिलाफ लगभग 3.60 करोड़ रुपये (ब्याज सहित 4 करोड़ 90 लाख 8 हजार 373 रुपये) की हेराफेरी के मामले में न्यायालय के आदेशों का पालन करते हुए प्राथमिकी दर्ज कर विस्तृत जांच की जा रही है। -

**अंगद कुमार राय, क्षेत्राधिकारी नगर**

# त्वरित कार्रवाई से फांसी लगाने का प्रयास कर रहे व्यक्ति की बची जान

## महानिदेशक पीआरवी 5344 टीम को किया सम्मानित



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले में यूपी 112 के पुलिसकर्मियों की तत्परता से एक व्यक्ति की जान बच गई। मामला थाना जगदीशपुर के अंतर्गत ग्राम सरेसर का है, जहां 12 जून को दोपहर करीब 1:36 बजे पुलिस को एक घरेलू विवाद की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पीआरवी 5344 की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। वहां पहुंचने पर पुलिसकर्मियों ने देखा कि एक व्यक्ति ने खुद को घर के अंदर बंद कर लिया है और वह दरवाजा नहीं खोल रहा है। किसी अप्रिय घटना की आशंका को देखते हुए पुलिसकर्मियों ने तुरंत सूझबूझ दिखाई और पड़ोसी की छत के रास्ते घर के भीतर प्रवेश किया। अंदर पहुंचने पर पुलिस टीम ने देखा कि वह व्यक्ति गमछे का फंदा बनाकर फांसी पर लटक चुका था। पीआरवी कर्मियों ने बिना समय गंवाए तुरंत तत्परता दिखाते हुए गमछे को काटा और व्यक्ति को सुरक्षित नीचे उतारा, जिससे उसकी जान बच गई। इस साहसिक और उत्कृष्ट कार्य के लिए यूपी 112 के पुलिस महानिदेशक विनोद कुमार सिंह ने पीआरवी 5344 की टीम की सराहना करते हुए उन्हें पुरस्कृत किया है। सम्मानित होने वाले कर्मियों में कमांडर हरिओम उपाध्याय, सब कमांडर प्रमिला तिवारी, कौशिक सिंह और पायलट पवन कुमार सरोज शामिल हैं। महानिदेशक ने अपने संदेश में कहा कि पीआरवी कर्मियों की इस त्वरित कार्रवाई से पूरे पुलिस विभाग का मान बढ़ा है।

## खबर एक नजर

### खून से लथपथ मिला युवक का शव

**स्वतंत्र भरत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जिले के मेरापुर थाना क्षेत्र में शनिवार को एक युवक का शव उसके दरवाजे पड़ा मिला। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जानकारी पर कायमगंज सीओ राजेश कुमार द्विवेदी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की। पुलिस ने फारेंसिक टीम के साथ घटनास्थल से साक्ष्य जुटाते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि ढर्रा शादी नगर निवासी विनोद कुमार (28) का शव शनिवार को उसके घर के बाहर दरवाजे पर खून से लथपथ हालत में पड़ा मिला। प्रारंभिक पूछताछ में घरवलों ने बताया कि विनोद को गांव के ही कुछ लोग बुलाकर अपने साथ ले गये थे। इसके बाद उसकी हत्या करके शव यहां फेंक गये। फिलहाल पुलिस ने घटनास्थल की बारीकी से जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीओ ने बताया कि घरवालों की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### छठवीं मंजिल से महिला गार्ड ने लगाई छलांग, मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** नोएडा में थाना नॉलेज पार्क क्षेत्र स्थित एक गर्ल्स हॉस्टल में सिक्योरिटी गार्ड के रूप में काम करने वाली महिला ने बिल्डिंग के छठवें मंजिल से कूदकर शनिवार दोपहर को आत्महत्या कर लिया। महिला ने 6 माह पूर्व एक युवक से प्रेम विवाह किया था। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस आयुक्त के मीडिया प्रभारी विजय कुमार गुप्ता ने बताया कि मूलरूप से मेरठ निवासी सौरभ चौधरी की पत्नी पारूल थाना नॉलेज पार्क क्षेत्र के नॉलेज पार्क-श्री स्थित एक गर्ल्स हॉस्टल में सिक्योरिटी गार्ड के रूप में काम करती थी। शनिवार दोपहर उसने हॉस्टल की बिल्डिंग के छठवीं मंजिल से को कूद गई। उन्होंने बताया कि गंभीर हालत में उसे उपचार के लिए अस्पताल में भिजवाया, जहां डॉक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने मृतका के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है। अगर वे इस मामले में कोई शिकायत करते हैं तो पुलिस घटना की रिपोर्ट दर्ज कर जांच करेगी। जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि पारुल ने 6 माह पूर्व सौरभ चौधरी के साथ प्रेम विवाह किया था। सौरभ और उसकी पत्नी के बीच किसी तीसरे व्यक्ति को लेकर आपस में विवाद चल रहा था। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

### वाराणसी हाईवे पर हुए हादसे में चार की मौत

**स्वतंत्र भरत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले में आजमगढ़-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार की देर रात को सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। एक युवक गंभीर रुप से घायल है। पुलिस ने घटना की जानकारी परिवार को देते हुए शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लालगंज क्षेत्राधिकारी भूपेश पाण्डेय ने बताया कि देवगांव थाना पुलिस ने मृतकों की पहचान हाफिज अब्दुल रज्जाक, मोहम्मद कैश, सोहराब साइन और अंशबाज खान के रूप में हुई है। घायल युवक का नाम अजमल है। ये सभी झारखंड राज्य पलामू जिले के अंतर्गत मेदिनीनगर (डाल्टनगंज) क्षेत्र के मोहनिया गांव के रहने वाले थे। कार में सवार यह सभी लोग अंबेडकर नगर स्थित प्रसिद्ध किछौछा दरगाह में दर्शन और जियारत करने आए थे। वापस अपने घर झारखंड लौट रहे थे। आजमगढ़ जनपद के देवगांव कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत आने वाले कस्बा बाजार के पास बरडीहा मोड़ पर शुक्रवार की देर रात को आजमगढ़-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) पर एक अनियंत्रित अर्टिगा कार सड़क के किनारे खड़े एक ट्रेलर में पीछे से बेहद तेज रफ्तार में जा घुसी। घटना की जानकारी मिलते ही देवगांव पुलिस और स्थानीय राहगीर राहत एवं बचाव कार्य में जुट गए। कार के भीतर फंसे लोगों को काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला जा सका। पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी से तत्काल सभी पांच घायलों को इलाज के लिए संयुक्त सौ शैय्या चिकित्सालय लालगंज पहुंचाया गया। अस्पताल लाते ही चिकित्सकों ने प्राथमिक जांच के बाद चार लोगों को मृत घोषित कर दिया। अजमल की हालत गंभीर होने पर इलाज के लिए हायर सेंटर (वाराणसी) रेफर किया गया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवकों की मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बाराबंकी जिले के सफदरगंज थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह लखनऊ-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया।सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई।

थाना प्रभारी अमर चौरसिया ने बताया एक मृतक की पहचान सतरिख थाना क्षेत्र के हरख गांव निवासी युवक के रूप में हुई है, जबकि दूसरे युवक की शिनाख्त के प्रयास जारी हैं। दोनों युवक बाइक से सफदरगंज की ओर से बाराबंकी जा रहे थे। इसी दौरान दादरा चौराहे के निकट पीछे से तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवकों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही सफदरगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दुर्घटना को अंजाम देने वाले अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाला जा रहा है तथा मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# सांड के हमले में किसान की मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में अछल्दा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत ग्वारी के मजरा बीरपुर में शनिवार सुबह एक सांड के हमले में 49 वर्षीय किसान की मौत हो गई। किसान अपनी मूंग की फसल को बचाने के लिए खेत गया था, तभी सांड ने उस पर हमला कर दिया।

जानकारी के अनुसार बीरपुर निवासी मान सिंह (49) पुत्र रज्जन सिंह शनिवार सुबह करीब आठ बजे अपने घर के पास स्थित खेत में खड़ी मूंग की फसल देखने गए थे। इसी दौरान एक सांड खेत में घुसकर फसल चरने लगा। किसान मान सिंह ने सांड को खेत से भगाने का प्रयास किया, लेकिन सांड ने अचानक उन पर हमला बोल दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सांड ने किसान मान सिंह को सींगों से उठाकर जमीन पर पटक दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा किसी तरह सांड को वहां से भगाया। सूचना पर थानाध्यक्ष सुरेशचंद्र एवं उपनिरीक्षक ब्रजकिशोर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं लेखपाल धीरेंद्र कुमार ने भी मौके पर पहुंचकर रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को भेज दी।मृतक किसान मान सिंह परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। उनके निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिवार में पत्नी ममता देवी, 14 वर्षीय बेटी डॉली, छह वर्षीय बेटा अर्पित तथा चार वर्षीय बेटा शनि हैं। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर व्याप्त है।

# प्रेम-प्रसंग के चलते भाई ने बहन की हत्या कर शव कुएं में फेंका, गिरफ्तार



"कुएं से शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है मृतका के परिजनों की तहरीर के आधार पर आरोपी भाई के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर पूछताछं की जा रही है पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जांच कर रही है।

**अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में शनिवार को ससुराल से मायके लिवा कर आ रहे भाई ने रास्ते में बहन की गला दबाकर हत्या कर दी और शव को पास के कुएं में फेंक दिया। आरोपी खुद सुबह हसवा चौकी पहुंचा और पुलिस को पूरी वारदात बताई।थरियांव थाना क्षेत्र के धनवा गांव निवासी संदीप यादव पुत्र शिवसिंह यादव कल शुक्रवार को अपनी बहन रंजू यादव पत्नी अजय यादव की ससुराल राधानगर क्षेत्र के सोनई बड़नपुर गांव गया था। बहन की शादी डेढ़ महीने पहले हुई थी। आज वह बहन को मायके से लेकर गांव धनवा आ रहा था। रास्ते में दोनों के बीच कहासुनी हुई। रंजू यादव का शादी से पूर्व किसी दूसरे समुदाय के युवक से संबंध था। इसी बात को लेकर दोनों भाई-बहन में वाद-विवाद होने लगा। भाई के मना करने पर भी बहन अपने प्रेमी संग जाने पर आमादा रही। हस्वा गांव के पास आक्रोशित भाई ने बहन की गला दबा कर हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को कुएं में फेंक दिया। हत्या के बाद आरोपी भाई हसवा चौकी पहुंच गया और पुलिस के सामने अपना जुर्म कबूल कर लिया। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस परिजनों को साथ लेकर घटनास्थल पहुंची और शव को कुएं से बाहर निकाला।

# 10.68 करोड़ रुपये के जीएसटी घोटाले में फरार आरोपी गिरफ्तार



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन (ईओडब्लू) ने जीएसटी चोरी के एक बड़े मामले में कार्रवाई करते हुए लंबे समय से फरार चल रहे वांछित आरोपी जुनैद सैफी को मुजफ्फरनगर से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर फर्जी दस्तावेजों के जरिए फर्म का पंजीकरण कर करोड़ों रुपये की कर चोरी करने और अन्य फर्मों को गलत तरीके से इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ पहुंचाने का आरोप है।

ईओडब्लू मेरठ सेक्टर द्वारा की जा रही विवेचना के अनुसार, थाना मंसूरपुर में दर्ज मुकदमा संख्या 77/2021 में जुनैद सैफी समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी, आपराधिक षड्यंत्र, आईटी एक्ट तथा जीएसटी एक्ट की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने योजनाबद्ध तरीके से फर्जी दस्तावेज तैयार कर 'श्री राजकमल ट्रेडर्स' नामक फर्म का पंजीकरण कराया कर चोरी का नेटवर्क बनाकर जुनैद सैफी उक्त फर्म का संचालक था। आरोप है कि उसने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर फर्जी कारोबार दिखाकर सेल टैक्स और जीएसटी नियमों का उल्लंघन किया तथा अनुवर्ती फर्मों को इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ पहुंचाया। मामले में करीब 10 करोड़ 68 लाख रुपये की जीएसटी चोरी कर सरकारी राजस्व को भारी नुकसान पहुंचाया गया। ईओडब्लू की टीम ने आरोपी की गिरफ्तारी अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक ईओडब्लू मेरठ के पर्यवेक्षण में टीम ने मुजफ्फरनगर में दबिश देकर जुनैद सैफी को गिरफ्तार किया है। उनका कहना है कि गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की जा रही है और इस घोटाले से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है और इस नेटवर्क से जुड़े कई और नाम सामने आ सकते हैं। प्रदेश में कर चोरी, फर्जी फर्मों और वित्तीय अनियमितताओं में शामिल लोगों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# रोजगार का नया हब बन रहा चिल्लूपार

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि गोरखपुर का चिल्लूपार क्षेत्र अब पिछड़ेपन की पहचान से निकलकर विकास और रोजगार के नए केंद्र के रूप में उभर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक समय बाढ़ की त्रासदी और बेहतर संपर्क व्यवस्था के अभाव में क्षेत्र के लोगों को रोजगार की तलाश में पलायन करना पड़ता था, लेकिन अब परिस्थितियां बदल चुकी हैं। उन्होंने कहा, यहां के नौजवानों ने जहां भी अवसर मिला, अपनी प्रतिभा और परिश्रम का लोहा मनवाया है। अब उन्हें रोजगार के लिए बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विकास और विरासत की इस यात्रा के साथ चिल्लूपार क्षेत्र निरंतर आगे बढ़ता रहेगा। गोरखपुर के बड़हलगंज स्थित गांधी इंटर कॉलेज, महुआपार में आयोजित कार्यक्रम में योगी ने 295 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 319 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि धुरियापार की बंद पड़ी चीनी मिल की भूमि पर सीएनजी प्लांट स्थापित किया गया है। उन्होंने कहा कि वैश्विक परिस्थितियों के बावजूद प्रदेश ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, अमेरिका-ईरान संघर्ष के कारण दुनिया में संकट की स्थिति है, लेकिन सीएनजी और एथेनॉल जैसे वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों के कारण हमारे यहां काम प्रभावित नहीं हुआ है। योगी आदित्यनाथ ने बताया कि धुरियापार क्षेत्र में ग्रेटर गीडा के विकास की योजना पर कार्य किया जा रहा है ।

# कलाकारों का अभिनय ही सशक्त कहानी

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ ।** मनोज बाजपेयी अभिनीत फिल्म गवर्नर अपने सशक्त कथानक और प्रभावशाली अभिनय के दम पर दर्शकों को बांधे रखने में सफल रहती है। मनोज बाजपेयी ने एक बार फिर साबित किया है कि वे किसी भी किरदार में जान डालने की अद्भुत क्षमता रखते हैं। उनकी दमदार स्क्रीन प्रेजेंस और संवाद अदायगी फिल्म को अंत तक रोचक बनाए रखती है। फिल्म में फूल और कांटे से पहचान बनाने वाली मधु का किरदार भले ही छोटा है, लेकिन उन्होंने अपने सीमित स्क्रीन टाइम में भी प्रभाव छोड़ा है। वहीं अदा शर्मा ने पत्रकार की भूमिका को आत्मविश्वास और सहजता के साथ निभाया है, जिससे कहानी को मजबूती मिलती है। निर्देशन, पटकथा और सह कलाकारों का अभिनय भी फिल्म की बड़ी ताकत हैं। गंभीर विषय पर आधारित यह फिल्म मनोरंजन के साथ एक प्रभावी संदेश देने में भी सफल रहती है। नम्रता शुक्ला ने रेटिंग 4/5 दी।

# मुठभेड़ में 2 बदमाश घायल, 75 हजार के इनामी तीन गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ** उत्तर प्रदेश पुलिस ने प्रदेश भर में ऑपरेशन चलाकर इनामी बदमाशों पर बड़ी कार्रवाई की। गाजियाबाद और जालौन में पुलिस मुठभेड़ में 50 हजार व 25 हजार के इनामी बदमाश को घायल कर गिरफ्तार किया है । वहीं लखनऊ, नोएडा, फिरोजाबाद और देवरिया में चोरी, असलहा तस्करी और शराब तस्करी के नेटवर्क तोड़े गए। कमिश्नरेट गाजियाबाद के थाना लोनी पुलिस ने बंथला-चिरोड़ी मार्ग पर चेकिंग के दौरान वांछित बदमाश गौरव को रोकने का प्रयास किया। बदमाश ने जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई में गौरव घायल हो गया। कब्जे से एक अवैध पिस्टल, जीवित और खोखा कारतूस और एक स्विफ्ट कार बरामद। गौरव थाना लोनी के केस में वांछित था, उस पर 50 हजार का इनाम घोषित था। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जालौन जिले के थाना कोतवाली व स्वाट टीम ने ग्राम लौना मार्ग पर घेराबंदी की। 25 हजार के इनामी बदमाश छोटेलाल उर्फ लादेन ने फायरिंग की। जवाबी फायर में वह घायल हुआ। कब्जे से चोरी की 1 मोटर साइकिल और 1 अवैध तमंचा 315 बोर मय कारतूस बरामद। लादेन के खिलाफ जालौन के थानों में चोरी, लूट, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट, आबकारी एक्ट, गुंडा एक्ट के 19 मुकदमे दर्ज हैं। कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के थाना सेक्टर-20 पुलिस ने सेक्टर-28 से सोनू और नाजिम को गिरफ्तार किया। कब्जे से चोरी की 11 मोटर साइकिल और 1 अवैध शस्त्र 315 बोर, जीवित कारतूस बरामद। दोनों पर वाहन चोरी का संगठित गिरोह चलाने का आरोप है । फिरोजाबाद जिले के थाना मटसेना पुलिस ने अरविन्द कुमार, अजय उर्फ गिल्ला और श्रीकान्त उर्फ तव्वा को गिरफ्तार किया। कब्जे से 11 अवैध शस्त्र विभिन्न बोर, 2 मैगजीन और 24 कारतूस बरामद। तीनों अलग-अलग जनपदों के रहने वाले हैं। देवरिया जिले के सलेमपुर पुलिस ने रात बिहार के सिवान निवासी अनूप और अरुण को 50 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया। शराब बिहार से तस्करी कर लाई जा रही थी।

# सुविधाओं के साथ बुजुर्गों को मिलेगा समर्पित इलाज

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के चिकित्सा विज्ञान संस्थान परिसर में लगभग 150 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन 200 बिस्तरों वाले अत्याधुनिक %नेशनल सेंटर फॉर एजिंग% का स्थलीय निरीक्षण किया। सात मंजिला इस महत्वाकांक्षी परियोजना के निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की और कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को युद्धस्तर पर अभियान चलाकर निर्धारित समय सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न करने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। उन्होंने बीएचयू प्रशासन के अधिकारियों को भी परियोजना की नियमित निगरानी करने और निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बुजुर्गों को समर्पित यह अत्याधुनिक %नेशनल सेंटर फॉर एजिंग% देश का तीसरा तथा उत्तर भारत का प्रमुख जरा (वृद्धावस्था) चिकित्सा केंद्र होगा। इसका निर्माण कार्य अंतिम चरण में पहुंच चुका है। केंद्र में बुजुर्गों के लिए मल्टी-स्पेशियलिटी जेरिएट्रिक (वृद्धावस्था चिकित्सा) ओपीडी संचालित की जाएगी। इसके अलावा मेमोरी क्लीनिक, गठिया (अर्थराइटिस) क्लीनिक समेत वृद्धावस्था से जुड़ी विभिन्न बीमारियों के उपचार हेतु विशेष सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

# 12 साल : आधुनिकता और सांस्कृतिक चेतना का समन्वय



- हृदयनारायण दीक्षित

राष्ट्रजीवन के विविध क्षेत्रों में राजनीति सबसे सक्रिय क्षेत्र है। राजनीति से ही विधायिका जनहितकारी अधिनियमन करती है। राजनीति के विचार प्रभाव में राष्ट्र शक्तिशाली होते हैं। राजनीति में सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता देर सवेर सरकार बनाते हैं। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। स्वाधीनता आंदोलन के समय समाज जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाले सक्रिय रहे हैं। स्वाधीनता आंदोलन के जीवन मूल्य त्याग आधारित थे। स्वतंत्र भारत में राजनीति के उच्चतर मूल्य घटने लगे। दलतंत्र में विश्वास का संकट बढ़ता गया। अटल बिहारी वाजपेयी जैसे नेताओं ने राजनीति पर आए विश्वास के संकट पर कई बार संसद में भी बेचैनी व्यक्त की। लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने सम्पूर्ण क्रांति का आंदोलन चलाया। अन्ना हजारे का आंदोलन भी चला था, लेकिन देश के प्रबुद्ध क्षेत्रों में राजनीति के प्रति निराशा पैदा होती चली गई। लेकिन राजनीति में परिवारवाद, जातिवाद और अल्पसंख्यक तुष्टिकरण बढ़ते गए। राजनीति विचार आधारित नहीं रही। ऐसे में विचार आधारित राजनीति के योद्धा नरेन्द्र मोदी का राष्ट्रीय राजनीति में पदार्पण हुआ। वे गुजरात के मुख्यमंत्री हो चुके थे। उन्होंने विश्वास के संकट को दूर करने का और समूची राजनीति को राष्ट्र की मुख्य धारा में लाने का सफल प्रयास किया। चुनाव में मोदी की गारंटी जैसे आकर्षक जुमलों ने अपना स्थान बनाया। मोदी ने जो कहा वो पूरा कर के दिखाया।

मोदी की गारंटी वाकई अपना रंग ला रही है। जनता उनके नेतृत्व की दीवानी हो गई है। देश के मतदाता किसी बहकावे में नहीं आए। आम जन का विश्वास बढ़ता गया। प्रधानमंत्री ने अपने प्रिय देशवासियों को लगातार संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कोरोना के समय थाली ताली और दीपक जलाओ अभियान का आह्वान किया। उस समय विपक्षी दलों ने इस अभियान का मजाक बनाया। लेकिन पूरा देश मोदी के साथ खड़ा था। मोदी की अपील पर आजादी का अमृत महोत्सव पूरे देश में मनाया गया। हर घर तिरंगा अभियान ने लोगों को राष्ट्रीय ध्वज से जोड़ने का काम किया।

मोदी सरकार के 12 बरस पूरे हुए हैं। मोदी के प्रति आम जनता का विश्वास बढ़ता ही गया। इसके भी ठोस कारण हैं। भाजपा जब नहीं थी, तब वह जनसंघ के रूप में काम करती थी। जनसंघ काल की सदस्यता पर्ची में भारत परमाणु शक्ति संपन्न बने, का संकल्प व्यक्त किया गया था। जम्मू कश्मीर विषयक अनुच्छेद 370 को हटाने का आश्वासन भी दिया गया था।

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर बन कर तैयार है। पूजा उपासना जारी है। कॉमन सिविल कोड भी कई राज्यों ने अपना लिया है। जन विश्वास का ही परिणाम है कि अमेरिकी ईरानी युद्ध के प्रभाव में पैदा तेल संकट की चुनौती से भारत सफलतापूर्वक निकल आया है। प्रधानमंत्री ने सीधे देश की जनता से ही तेल खपत में कमी लाने की अपील की। ये प्रधानमंत्री के प्रति आम जनता के बढ़े विश्वास का परिणाम है। उन्होंने सोना खरीदने और विदेश यात्रा से बचने का भी आग्रह किया है।

मोदी सरकार के वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत अभियान ने देशवासियों में स्वदेशी के प्रति नया विश्वास जगाया। लोगों ने स्थानीय उत्पादों को, अपने छोटे व्यापारियों को समर्थन देने और भारतीय निर्माण क्षमता पर भरोसा करने का संकल्प लिया। मोदी के कामकाज और व्यवहार का आकर्षण सारी दुनिया पर है। दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है। आज दुनिया के मंच पर भारत पूरे आत्मविश्वास के साथ खड़ा है। इसके पीछे भी देशवासियों का भरोसा है। पहले दुनिया भारत को संभावनाओं वाले देश के रूप में देखती थी। आज दुनिया भारत को समाधान देने वाले देश के रूप में देख रही है। यह परिवर्तन केवल सरकार की वजह से नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों के सामूहिक विश्वास की वजह से संभव हुआ है। संप्रति भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन देश के 22 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में भारत समृद्धि के लिए काम कर रहा है।

वर्ष 2014 में देश की जनता ने पहली बार नरेन्द्र मोदी जी को आशीर्वाद देकर देश सेवा के लिए दिल्ली भेजा था। तब देश ने मोदी सरकार पर भरोसा किया और मोदी जी ने उस भरोसे को अपने परिश्रम से मजबूत किया है। भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी ताकत करोड़ों कार्यकर्ताओं का समर्पण और जनता का भरोसा है। विश्वास के कारण ही जनता ने अपना भविष्य गढ़ने की

राष्ट्रजीवन के विविध क्षेत्रों में राजनीति सबसे सक्रिय क्षेत्र है। राजनीति से ही विधायिका जनहितकारी अधिनियमन करती है। राजनीति के विचार प्रभाव में राष्ट्र शक्तिशाली होते हैं। राजनीति में सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता देर सवेर सरकार बनाते हैं। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। स्वाधीनता आंदोलन के समय समाज जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाले सक्रिय रहे हैं। स्वाधीनता आंदोलन के जीवन मूल्य त्याग आधारित थे। स्वतंत्र भारत में राजनीति के उच्चतर मूल्य घटने लगे। दलतंत्र में विश्वास का संकट बढ़ता गया। अटल बिहारी वाजपेयी जैसे नेताओं ने राजनीति पर आए विश्वास के संकट पर कई बार संसद में भी बेचैनी व्यक्त की। लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने सम्पूर्ण क्रांति का आंदोलन चलाया। अन्ना हजारे का आंदोलन भी चला था, लेकिन देश के प्रबुद्ध क्षेत्रों में राजनीति के प्रति निराशा पैदा होती चली गई। लेकिन राजनीति में परिवारवाद, जातिवाद और अल्पसंख्यक तुष्टिकरण बढ़ते गए। राजनीति विचार आधारित नहीं रही। ऐसे में विचार आधारित राजनीति के योद्धा नरेन्द्र मोदी का राष्ट्रीय राजनीति में पदार्पण हुआ। वे गुजरात के मुख्यमंत्री हो चुके थे। उन्होंने विश्वास के संकट को दूर करने का और समूची राजनीति को राष्ट्र की मुख्य धारा में लाने का सफल प्रयास किया। चुनाव में मोदी की गारंटी जैसे आकर्षक जुमलों ने अपना स्थान बनाया। मोदी ने जो कहा वो पूरा कर के दिखाया। मोदी की गारंटी वाकई अपना रंग ला रही है। जनता उनके नेतृत्व की दीवानी हो गई है। देश के मतदाता किसी बहकावे में नहीं आए। आम जन का विश्वास बढ़ता गया। प्रधानमंत्री ने अपने प्रिय देशवासियों को लगातार संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कोरोना के समय थाली ताली और दीपक जलाओ अभियान का आह्वान किया। उस समय विपक्षी दलों ने इस अभियान का मजाक बनाया। लेकिन पूरा देश मोदी के साथ खड़ा था। मोदी की अपील पर आजादी का अमृत महोत्सव पूरे देश में मनाया गया। हर घर तिरंगा अभियान ने लोगों को राष्ट्रीय ध्वज से जोड़ने का काम किया।

जिम्मेदारी मोदी को सौंप दी है। प्रतिपक्षी दल कभी वोट चोरी, कभी बेईमानी जैसे आरोप लगाते हैं। सरकार के विरुद्ध लोकतंत्र खत्म करने आदि के आरोप लगाते हैं। जनता और मोदी के रिश्तों को नहीं पहचानते मोदी के नेतृत्व में भारत बदल रहा है। जब जब चुनाव होते हैं, सरकार के विरुद्ध अनर्गल आरोप प्रारंभ हो जाते हैं। और ईवीएम के खुलते ही विपक्षी सपने चूर चूर हो जाते हैं। लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका होती है। यहाँ सत्ता पक्ष प्रमाणिक है। लेकिन विपक्ष सुझाव देने और आलोचना करने के कर्तव्य का निर्वहन नहीं करता। मोदी सरकार ने इन 12 वर्षों में भारत ने यह सिद्ध किया है कि आधुनिकता और सांस्कृतिक चेतना साथ-साथ चल सकती हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने अपनी सभ्यता, अपने महापुरुषों और अपने राष्ट्रीय प्रतीकों को जन-जन की चेतना का हिस्सा बनाया। बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर से जुड़े पांच स्थलों को पंच तीर्थ के रूप में विकसित करना केवल स्मारक निर्माण नहीं था, बल्कि यह सामाजिक न्याय, समावेशिता और संविधान के मूल्यों को राष्ट्रीय चेतना में स्थापित करने का प्रयास था।

महू से लेकर लंदन, नागपुर, दिल्ली और मुंबई तक बाबा साहब के जीवन से जुड़े स्थान आज प्रेरणा के तीर्थ बन चुके हैं। इसी प्रकार आदिवासी समाज के महानायक बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस घोषित कर मोदी सरकार ने यह संदेश दिया है कि भारत प्राचीन राष्ट्र है। इसका इतिहास राजमहलों तक सीमित नहीं बल्कि जंगलों, जनजातियों और संघर्षों का भी इतिहास है। जिन वीरों को वर्षों तक उपेक्षित रखा गया, उन्हें राष्ट्रीय सम्मान देने का कार्य मोदी सरकार में हुआ है।

राष्ट्रीय एकता के प्रतीक लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की भव्य स्टैचू ऑफ यूनिटी विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा है। यह नए भारत की ऊंची सोच का प्रतीक है। यह प्रतिमा आने वाली पीढ़ियों को बताती है कि भारत की एकता कितने संघर्ष और संकल्प से निर्मित हुई है। औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्ति का संकल्प भी मोदी सरकार के इन 12 वर्षों में स्पष्ट दिखाई दिया। राजपथ को कर्तव्य पथ बनाना शासन की सोच में परिवर्तन का प्रतीक था। इंडिया गेट पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा स्थापित कर देश ने अपने उन महानायकों को सम्मान दिया जिनके योगदान को लंबे समय तक पर्याप्त स्थान नहीं मिला।

## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### अथैकादशोऽध्यायः

(गतांक से आगे)

माँगा था चतुर्भुज रूप, दिखाया 'मानुषं रूपं'। वास्तव में शाश्वत में प्रवेशवाला योगी शरीर से यहाँ बैठा है, बाहर दो हाथों से कार्य करता है और साथ ही अन्तरात्मा से जागृत होकर जहाँ से भी जो भाविक स्मरण करते हैं, एक साथ सर्वत्र उनके हृदय से जागृत होकर प्रेरक के रूप में कार्य करता है। हाथ उसके कार्य का प्रतीक है. यही चतुर्भुज है।

श्रीकृष्ण ने कहा- अर्जुन ! तेरे सिवाय मेरे इस रूप को न कोई देख सका है और न भविष्य में कोई देख सकेगा। तब गीता तो हमारे लिये व्यर्थ है। किन्तु नहीं, योगेश्वर कहते हैं- एक उपाय है। जो मेरा अनन्य भक्त है, मेरे सिवाय जो दूसरे किसी का स्मरण न करके निरन्तर मेरा ही चिन्तन करनेवाला है, उसकी अनन्य भक्ति के द्वारा मैं प्रत्यक्ष देखने को (जैसा तूने देखा है), तत्त्व से जानने को और प्रवेश करने को भी सुलभ हूँ। अर्थात् अर्जुन अनन्य भक्त था। भक्ति का परिमार्जित रूप है अनुराग, इष्ट के अनुरूप लगाव। 'मिलहिं न रघुपति बिनु अनुरागा।' (रामचरितमानस, 7/61/1)-अनुरागविहीन पुरुष न कभी पाया है और न पा सकेगा। अनुराग नहीं है तो कोई लाख योग करे, जप करे, तप करे या दान करे, 'वह' नहीं मिलता। अतः दृष्ट के अनुरूप राग अथवा अनन्य भक्ति नितान्त आवश्यक है।

अन्त में श्रीकृष्ण ने कहा- अर्जुन ! मेरे द्वारा निर्दिष्ट कर्म को कर, मेरा अनन्य भक्त होकर कर, मेरी शरण होकर कर; किन्तु संगदोष से अलग रहकर। संगदोष में यह कर्म हो ही नहीं सकता। अतः संगदोष इस कर्म के सम्पादित होने में बाधक है। जो बैरभाव से रहित है, वही मुझे प्राप्त करता है। जब संगदोष नहीं है, जहाँ हमें छोड़कर दूसरा कोई है ही नहीं, बैर का मानसिक संकल्प भी नहीं है तो युद्ध कैसा? बाहर दुनिया में लड़ाई-झगड़े होते रहते हैं; किन्तु विजय जीतनेवालों को भी नहीं मिलती। दुर्जय संसाररूपी शत्रु को असंगतारूपी शस्त्र से काटकर परम में प्रवेश पा जाना ही वास्तविक विजय है, जिसके पीछे हार नहीं है।

इस अध्याय में पहले तो योगेश्वर श्रीकृष्ण ने अर्जुन को दृष्टि प्रदान की, फिर अपने विश्वरूप का दर्शन कराया। अतः-

तत्सदिति श्रीमद्भगवद्गीतासूपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायां योगशास्त्रे श्रीकृष्णार्जुनसम्वादे 'विश्वरूपदर्शनयोगो' नामैकादशोऽध्यायः ।।11।।

क्रमशः...

## कार्ल लैंडस्टीनर की विरासत : क्यों मनाया जाता है विश्व रक्तदान दिवस और क्या हैं इसके फायदे?



- सुनील कुमार महला

विश्व रक्तदान दिवस हर वर्ष 14 जून को मनाया जाता है। कहना ग़लत नहीं होगा कि यदि कोई भी व्यक्ति अपने जीवन में रक्त का दान करता है तो यह मानवता के हित में सबसे बड़ा काम है, लेकिन एक आंकड़े के अनुसार हमारे देश की आबादी का केवल 37 प्रतिशत लोग ही रक्तदान करने योग्य हैं, लेकिन उनमें से भी 10 प्रतिशत से भी कम लोग हर साल ब्लड डोनेट करते हैं। पाठकों को जानकारी प्राप्त करके आश्चर्य होगा कि दुनिया भर में हर वर्ष लगभग 11.85 करोड़ (118.5 मिलियन) यूनिट रक्तदान एकत्र किया जाता है तथा विश्व के कुल रक्तदान का 40 प्रतिशत हिस्सा उच्च आय वाले देशों से आता है, जबकि वहां दुनिया की केवल 16 प्रतिशत आबादी रहती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार एक यूनिट रक्त को विभिन्न घटकों में विभाजित करके तीन लोगों तक की जान बचाई जा सकती है। एक उपलब्ध जानकारी के अनुसार निम्न आय वाले देशों में दिए जाने वाले रक्त का 54 प्रतिशत हिस्सा 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों को चढ़ाया जाता है तथा उच्च आय वाले देशों में रक्त प्राप्त करने वालों में 60 वर्ष से अधिक आयु के लोग लगभग 76 प्रतिशत हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार वर्ष 2008 से 2018 के बीच स्वैच्छिक रक्तदाताओं से प्राप्त रक्तदान में 1.07 करोड़ (10.7 मिलियन) यूनिट की वृद्धि दर्ज की गई। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि दुनिया के 79 देशों में 90 प्रतिशत से अधिक रक्त आपूर्ति स्वैच्छिक और निःशुल्क रक्तदाताओं से प्राप्त होती है, जबकि 54 देशों में अब भी आधे से अधिक रक्त परिवार या भुगतान वाले दाताओं से आता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार प्रसव के दौरान या बाद में हर वर्ष लगभग 1.4 करोड़ (14 मिलियन) महिलाएं अत्यधिक रक्तस्राव का सामना करती हैं, जिनके लिए समय पर रक्त उपलब्ध होना जीवनरक्षक साबित होता है। भारत में विभिन्न आकलनों के अनुसार प्रतिवर्ष लगभग 10 लाख यूनिट रक्त की कमी बनी रहती है, जिसके कारण नियमित स्वैच्छिक रक्तदान का महत्व और बढ़ जाता है। रोचक तथ्य है कि यदि किसी देश की केवल 1 प्रतिशत आबादी नियमित रूप से रक्तदान करे, तो अधिकांश देशों की रक्त आवश्यकता पूरी हो सकती है। रक्त आज भी ऐसी जीवनरक्षक वस्तु है जिसे किसी फैक्ट्री में बनाया नहीं जा सकता; इसका एकमात्र स्रोत मानव रक्तदाता ही है। जीवन अमूल्य है और रक्तदान जीवनदान देता है। ब्लड प्रकृति द्वारा मानव को दिया गया सबसे मूल्यवान उपहार है। हम इसके माध्यम से लोगों की कई तरह से मदद कर सकते हैं, मसलन हम बहुत सी जिंदगियां बचा सकते हैं। मानवता की सेवा में रक्तदान सबसे उत्तम सेवा है। बीमारों, जरूरतमंदों के लिए रक्तदान नये जीवन की आशा है। रक्तदान करके हम बहुत से जीवन बचा सकते हैं, इसलिए प्रत्येक स्वस्थ और योग्य व्यक्ति को अपने जीवन में रक्त का दान करने की प्रेरणा लेनी चाहिए और रक्तदान करना चाहिए। जानकारी देना चाहूंगा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा इस दिन को रक्तदान दिवस के रूप में घोषित किया गया है। रक्तदान को सबसे बड़ा दान माना गया है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2004 में स्थापित इस कार्यक्रम का उद्देश्य सुरक्षित रक्त और रक्त उत्पादों की आवश्यकता के बारे में जागरूकता बढ़ाना और रक्तदाताओं के सुरक्षित जीवन रक्षक रक्त के दान करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करते हुए आभार व्यक्त करना है। वास्तव में, इस दिन को 14 जून को मनाने का खास कारण है। जानकारी मिलती है कि वैज्ञानिक कार्ल लैंडस्टीनर ने ब्लड ग्रुप सिस्टम की खोज की थी। उनके इस योगदान के लिए वर्ष 1930 में कार्ल लैंडस्टीनर को नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। रक्तदाता दिवस वैज्ञानिक कार्ल लैंडस्टीनर को समर्पित है, जिनका जन्मदिन 14 जून को होता है। यहां यह भी बताता चलूं कि कार्ल लैंडस्टीनर ही वह वैज्ञानिक थे जिन्होंने 'एबीओ' रक्त समूह की खोज की थी। उनका जन्म 14 जून 1868 को हुआ था और उन्हीं की याद में यह दिवस संपूर्ण विश्व में मनाया जाता है।

## ।। चाणक्य नीति ।।

+++

**नराणां नापितो धूर्तः पक्षिणां च वायसः।**
**चतष्पदां श्रृगालस्तु स्त्रीणां धूर्ता च मालिनी।।**

मनुष्यों में नाई, पक्षियों में कौआ, पशुओं में सियार और स्त्रियों में मालिन धूर्त होते हैं।

+++

**जनिता चोपनेता च यस्तु विद्यां प्रयच्छति।**
**अन्नदाता भयत्राता पञ्चैते पितरः स्मृताः।।**

अन्म देने वाला, यज्ञोपवीत संस्कार कराने वाला, विद्या सिखाने वाला, अन्न देने वाला तथा भय से रक्षा करने वाला-ये पांच पिता कहे जाते हैं। पिता के समान ही इन चारों का भी आदर-सत्कार करना चाहिए।

+++

**राजपत्नी गुरुपत्नी मित्रपत्नी तथैव च।**
**पत्नीमाता स्वमाता च पञ्चेता मातरः स्मृताः।।**

राजा की पत्नी, गुरु की पत्नी, मित्र की पत्नी, पत्नी की माता और अपनी माता-ये पांचों माताएं एक समान ही कही गयी हैं, अतः उपर्युक्त शेष चारों को भी अपनी माता समझना चाहिए और उन्हें भी माता के रूप में ही आदर-सम्मान देना चाहिए।

+++

## ।। अमृत कलश।।

### सम्मान-असम्मान का पैमाना

मैले-कुचैले कपड़े पहने एक चित्रकार जब सम्राट नेपोलियन के पास पहुंचा तो उसने वस्त्र देखकर उसका कोई सम्मान नहीं किया। इतना ही नहीं उसे दूसरे किनारे पर बैठने को कह दिया।

थोड़ी देर बाद जब चित्रकार व सम्राट में बातचीत हुई जब सम्राट को ज्ञात हुआ कि वह बड़ा कुशल चित्रकार है। बात खत्म कर जब चित्रकार जाने लगा तो नेपोलियन उठा और उससे हाथ मिलाकर आदरपूर्वक द्वार तक छोड़ने स्वयं गया। पहले अपमान व बाद में सम्मान होते देख चित्रकार आश्चर्यचकित रह गया। उसने डरते-डरते नेपोलियन से इसका राज जानना चाहा। नेपोलियन बोला, आने पर किसी भी व्यक्ति का सम्मान उसकी वेशभूषा को देखकर ही किया जाता है। लेकिन जाते समय उसके गुणों के कारण उसको सम्मान दिया जाता है।

## काँव-काँव

+++

**युद्ध खत्म, करार जल्द होगा : ट्रंप**
घोषणा ही करते रहेंगे या अमल भी होगा!

**डीजल खरीदने की सीमा तय**
ब्लैक करने वालों के अब होंगे मजे!

**पाकिस्तान-तुर्किये की नजदीकियां बढ़ीं**
भारत के खौफ ने बढ़ा दी दोस्ती!

**नीट परीक्षार्थियों को 15 मिनट अतिरिक्त मिलेंगे**
पेपर आउट न हो तो सब ठीक है!

**अंतिम रिपोर्ट की समय सीमा नहीं बताई**
हादसों की जांच ऐसे ही दफन होती है भैया!

**भड़काऊ भाषण मामले में ममता बनर्जी पर मुकदमा**
**गद्दी से पैदल हो जाने पर ऐसा ही होता है!**

**केरलम में महिलाओं को निःशुल्क बस सेवा**
रेवड़ी ने काम दिखाया तो बांटनी पड़ेगी ही!

**चंद वर्षों में कई कर्मचारियों की किस्मत का कायाकल्प**
ऐसे भी होती है भगवान की कृपा!

+++

# घातक हो सकते हैं नीरवता और शांति के ये संकेत



- निशिकांत ठाकुर

जब कुछ अप्रत्याशित या फिर किसी प्रकार की अनहोनी होने वाली होती है, तो पूरा वातावरण नीरव और शांत हो जाता है। सामान्य लोग इसे भांप नहीं पाते, लेकिन परिपक्व अनुभवी लोग इस नीरवता और शांति का पूर्वानुमान लगा लेते हैं। जो इस नीरवता को समझ नहीं पाते और अपनी अकड़ में रह जाते हैं, उनका हश्र पड़ोसी देश नेपाल की तरह हो जाता है। नेपाल में हालिया सत्ता परिवर्तन व्यापक जन-आंदोलनों (विशेष रूप से युवाओं के प्रदर्शनों) के कारण सितंबर 2025 में तत्कालीन प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के इस्तीफे और उसके बाद हुए चुनावों से हुआ। नेपाल के राजनीतिक बदलाव के मुख्य कारणों की चर्चा करें, तो भ्रष्टाचार और राजनीतिक अस्थिरता के ख़िलाफ़ 'जेन ज़ेड' के नेतृत्व में पूरे देश में हिंसक और व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए। स्थिति बिगड़ने पर तत्कालीन प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की सरकार गिर गई और सेना ने स्थिति को नियंत्रित किया। राजनीतिक संकट के बीच 5 मार्च, 2026 को संसदीय चुनाव हुए। इस चुनाव में 'राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी' को बहुत बड़ी जीत मिली। चुनावों के ऐतिहासिक जनादेश के बाद काठमांडू के लोकप्रिय मेयर और युवा नेता बालेंद्र शाह (बालेन) के नेतृत्व में 27 मार्च, 2026 को नई सरकार का गठन हुआ। यह पहली बार है जब नेपाल में बिना किसी पुरानी गठबंधन सरकार के युवाओं की सीधी भागीदारी वाली सरकार बनी है।

आज जो स्थिति देश की बन गई है, उसमें भी यह लक्षण दिखने लगा है कि हो न हो, देश में निकट भविष्य में कुछ होने वाला है। राजनीतिज्ञ और सामान्य जनता भी इस नीरवता और शांति के भावी परिणाम को भांपने लगे हैं, लेकिन किसी में, चाहे राजनीतिज्ञ हों, समाजसेवी हों, पत्रकार हों, इतनी हिम्मत शेष नहीं रही है कि वह सत्ता के आमने-सामने होकर उसकी निष्पक्षता पर अंगुली उठाए। सब अपनी ढपली अपने राग अकेले ही अलापते रहते हैं। सत्ता को उखाड़ फेंकने की शुरुआत तो सदैव से इसी तरह होती रही है, लेकिन आग की वह चिंगारी धीरे–धीरे समाज में इसी तरह भड़कती रहती और फिर जब उस चिंगारी का अहसास समाज को होने लगता है, तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। ऐसी ही शुरुआत 18 मार्च 1974 को बिहार की राजधानी पटना में छात्र आंदोलन के रूप में हुई थी, जिसे 'जेपी आंदोलन' का नाम दिया गया। बाद में, महान गांधीवादी और समाजवादी नेता लोकनायक जयप्रकाश नारायण (जेपी) ने इसका नेतृत्व संभाला और इसे 'संपूर्ण क्रांति' का नाम दिया। दरअसल, इसकी शुरुआत और विकास इस प्रकार हुआ। 1970 के दशक में देश में बढ़ती बेरोजगारी, चरम पर पहुंच चुकी महंगाई, भ्रष्टाचार और कुशासन के खिलाफ आम जनता और छात्र त्रस्त थे। फरवरी-मार्च 1974 में छात्रों ने अपनी मांगों को लेकर बिहार की तत्कालीन कांग्रेस सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू किया। 18 मार्च 1974 को जब छात्र बिहार विधानसभा का घेराव करने गए, तो पुलिस ने लाठीचार्ज किया और गोलीबारी की, जिसमें कई छात्र शहीद हो गए। हिंसक झड़पों और पुलिस दमन के बाद आक्रोशित छात्र लोकनायक जयप्रकाश नारायण के शरण में पहुंचे और उनसे आंदोलन का नेतृत्व करने की अपील की। लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने इस शर्त पर नेतृत्व स्वीकार किया कि आंदोलन पूरी तरह से अहिंसक रहेगा। जून 1974 को पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए जेपी ने 'संपूर्ण क्रांति' का नारा दिया। उनका उद्देश्य केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि सामाजिक, आर्थिक, और राजनीतिक व्यवस्था में बदलाव लाना था। यह आंदोलन देखते ही देखते पूरे देश में फैल गया और इसने तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की सरकार को हिलाकर रख दिया, जिसके परिणाम स्वरूप 1975 में देश में आपातकाल लागू किया गया। देश में आपातकाल लगाना तत्कालीन कांग्रेस सरकार की कोई उपलब्धि नहीं, बल्कि गिरावट का प्रथम चरण साबित हुआ था। अगर यह देश मानता है कि कांग्रेस का आपातकाल घोषित करना संविधान और जन मानस के लिए एक अभिशाप था, तो आज उस जले पर सर्वोच्च न्यायालय की अलिखित टिप्पणी ने नमक का छिड़काव नहीं किया है? युवा तो अपनी गरीबी और बेरोजगारी से स्वयं त्रस्त हैं, और सर्वोच्च न्यायालय की उस टिप्पणी ने उस आग में घी का काम किया है। एक साधारण जन से पूछिए तो उसका भी यही कहना है कि इस तरह के कटाक्ष करने का किसी को कोई अधिकार संविधान नहीं देता। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने एक मामले की सुनवाई के दौरान बेरोजगार युवाओं, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स और एक्टिविस्ट्स को लेकर 'कॉकरोच' (तिलचट्टे) और 'परजीवी' जैसी टिप्पणी की थी। यह टिप्पणी सिस्टम को नुकसान पहुंचाने वाले उन लोगों पर तंज कसने के लिए की गई थी, जो कथित तौर पर फर्जी डिग्री के जरिये विभिन्न पेशों में घुसपैठ करते हैं। 15 मई 2026 को एक मामले की सुनवाई के दौरान, अदालत का ध्यान इस बात पर गया कि कुछ लोग फर्जी और जाली डिग्री के आधार पर वकालत, मीडिया और सामाजिक सक्रियता जैसे क्षेत्रों में प्रवेश कर रहे हैं। मुख्य न्यायाधीश ने टिप्पणी की थी कि रोजगार न मिलने के कारण हताश हुए कुछ युवा सोशल मीडिया एक्टिविस्ट और कार्यकर्ता बन जाते हैं और बिना ठोस आधार के सिस्टम, न्यायपालिका और पेशेवरों पर हमला करने लगते हैं। इस मुद्दे पर देश में बबाल मचा हुआ है और अब एक नया दल गठित कर लिया गया है जिसका नाम 'कॉकरोच जनता पार्टी' रखा गया है , उसका नेतृत्व अभिजीत दिपके नामक युवक कर रहा है। उसी क्रम में पिछले सप्ताह दिल्ली के जंतर मंतर पर सैकड़ों युवाओं ने प्रदर्शन किया और कहा कि यह लड़ाई एक दिन की नहीं है और यह आंदोलन देश के शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे तक जारी रहेगा।

वैसे, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का उनके कार्यकाल और विशेष रूप से नीट के पेपर लीक मामले को लेकर भी देश का माहौल गर्माया हुआ है। सच तो यह है कि युवाओं का सारा आक्रोश तो नीट पेपर लीक मामले को लेकर गरम है; क्योंकि छात्रों ने जमकर अपनी पढ़ाई की थी और ऐन परीक्षा के समय ही पेपर लीक हो गया। सभी उम्मीदवार छात्रों के आशाओं पर पानी फिर गया। छात्र संगठनों का कहना है कि देश के वर्तमान शिक्षामंत्री के कार्यकाल में 80 बार छात्रों को गुमराह होना पड़ा, क्योंकि इसके पीछे जो कारण बताया जा रहा है, वह यह कि कुछ सरकारी अधिकारी, शिक्षक और बिचौलिया करने वाले दलालों ने छात्रों के भविष्य को अंधकारमय बना दिया है। अतः शिक्षामंत्री को तुरंत त्यागपत्र देना चाहिए। हां, यह सच है कि पेपर लीक के मामले में केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने एक साक्षात्कार में अपनी गलती स्वीकार की है और एनटीए के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने के लिए नए अधिकारियों को नियुक्त किया गया है। आईबी, सीबीआई समेत साइबर सुरक्षा संसाधनों की भी मदद ले रहे हैं। शिक्षामंत्री ने कहा कि जिन छात्रों को रिएक्जाम में शामिल होना है , उनके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूरी कर ली जाएगी । लेकिन ,अब धीरे धीरे देश में तरह तरह के दल बन रहे हैं जो किसी भी दशा में किसी भी सरकार के लिए हितकारी नहीं हैं। आखिर ऐसा क्या सुर्खाब के पंख लगे हुए हैं शिक्षामंत्री में जिनसे केंद्रीय सरकार को उनसे त्यागपत्र लेने में कठिनाई हो रही है । देश का माहौल बिगड़ता जा रहा है। दरअसल, सच तो यह है कि मजबूत पारिवारिक पृष्ठभूमि से आए हुए ऐसे नेताओं से त्यागपत्र लेना सरकार को भारी पड़ सकता है! इसलिए इतिहास तो हमें यही सीख देता है कि हर मकान की नींव में जब पहली ईंट रखी जाती है, तभी एक भवन का निर्माण शुरू होता है। आज जो निस्तब्धता और नीरवता देश भर में दिखाई दे रही है, कहीं उसका परिणाम भविष्य में नुकसानदेह तो साबित नहीं होगा?

# गंभीर तो है मगर लाइलाज नहीं है डिप्रेशन



विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार दुनियाभर में लगभग 280 से 332 मिलियन लोग डिप्रेशन से पीड़ित हैं, जिनमें से लगभग 80 मिलियन लोग विकसित देशों में रहते हैं। डिप्रेशन एक ऐसी समस्या बन चुका है जिसे नजरअंदाज करना घातक सिद्ध हो सकता है। मगर अधिकतर मामलों में पीड़ित खुद ही नहीं जानता कि वो डिप्रेशन से पीड़ित हो सकता है। आजकल के आधुनिक युग में युवाओं से लेकर हर वर्ग के लोगों में मानसिक स्वास्थ्य की समस्याओं में इजाफा हो रहा है। मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं तेजी के साथ बढ़ने लगी हैं। खासतौर से युवाओं मे डिप्रेशन की समस्या चिंताजनक तौर से बढ़ गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार दुनियाभर में लगभग 280 से 332 मिलियन लोग डिप्रेशन से पीड़ित हैं, जिनमें से लगभग 80 मिलियन लोग विकसित देशों में रहते हैं। डिप्रेशन एक ऐसी समस्या बन चुका है जिसे नजरअंदाज करना घातक सिद्ध हो सकता है।

**जानें क्या है डिप्रेशन** डिप्रेशन एक तरह की मानसिक बीमारी होती है, जिसमें व्यक्ति में कई तरह के बदलाव देखने को मिलते हैं। पीड़ित में उदासी, निराशा, एकाग्रता की कमी, नींद न आना या अत्यधिक नींद आना, भूख ना लगना या अधिक भूख लगना और कुछ गंभीर मामलों में आत्महत्या के विचार आने जैसे लक्षण देखने को मिलते हैं। डिप्रेशन का शिकार किसी भी उम्र, लिंग, आर्थिक स्थिति का व्यक्ति हो सकता है। हालांकि आंकड़ों के अनुसार महिलाएं पुरुषों की अपेक्षा डिप्रेशन का अधिक शिकार होती हैं। वहीं 18 से 24 वर्ष की आयु के युवाओं में भी डिप्रेशन के मामले अधिक देखने को मिलते हैं।

**डिप्रेशन से कैसे निपटें** डिप्रेशन कई तरह का होता है, मगर लोगों को खुद ही इसकी जानकारी नहीं होती है। कई मामलों में जानकारी के अभाव में डिप्रेशन को स्वीकार करने में समय लगता है और इससे डील भी नहीं कर पाते हैं। समाज में अब तक डिप्रेशन को लेकर अधिक जागरुकता नहीं है। डिप्रेशन से ग्रसित व्यक्ति को लोग छोड़ जाते हैं या फिर उनके साथ भेदभाव करना शुरू कर देते है। ऐसे में जरुरी है कि पीड़ित के आस पास रहने वाले लोगों को प्रैक्टिकल व्यवहार की जानकारी हो। परिवार के साथ सकारात्मक रुप से चर्चा की जाए। पीड़ित को और परिवार को मेंटल हेल्थ प्रोफेशनल की मदद लेनी चाहिए। डिप्रेशन से छुटकारा पाने के लिए जरुरी है कि पीड़ित और उसके परिवार मेंटल हेल्थ प्रोफेशनल के साथ विमर्श जरुर करे ताकि समस्या का समाधान समय के साथ हो सके।

**इन लक्षणों पर दें ध्यान** डिप्रेशन से ग्रसित पीड़ित के जीवन और व्यवहार में कई तरह के बदलाव देखने को मिलते हैं। उन्हें भूख कम लगना, नींद की कमी जैसे लक्षण देखने को मिल सकते हैं। कई मामलों में युवाओं को अत्यधिक नींद या भूख लगना भी देखने को मिलता है। डिप्रेशन होने पर युवाओं की पढ़ाई पर असर होने लगता है। बुजुर्गों में भी ऐसी ही लक्षण देखने को मिलते हैं। वहीं कई व्यक्तियों में डिप्रेशन के हिडन लक्षण दिखते हैं, जिसे वो दुनिया के सामने जाने पर छिपा लेता हैं।

**जानें डिप्रेशन, स्ट्रेस और ओवरथिंकिंग में अंतर** ओवरथिंकिंग करना या अधिक स्ट्रेस में रहना और डिप्रेशन में होना तीनों ही बेहद अलग स्थिति होती है। इसमें व्यक्ति डिप्रेशन में तभी होता है जब उसे उपर बताए गए लक्षण लगातार दो सप्ताह तक देखने को मिलते हैं। इसके अलावा स्ट्रेस किसी एक काम के कारण, या खास मुद्दे को लेकर हो सकता है। स्ट्रेस किसी तरह की क्लीनिकल टर्म नहीं है और ये किसी भी व्यक्ति को हो सकता है, जिसके लिए कोई भी विषय कारण बन सकता है। स्ट्रेस और डिप्रेशन होना बेहद अलग स्थिति होती है। अलग अलग मुद्दों पर लंबे समय तक स्ट्रेस होने से व्यक्ति डिप्रेशन में जा सकता है। मगर स्ट्रेस जल्दी ठीक भी हो सकता है और जरुरी नहीं की हर स्ट्रेस की स्थिति का अर्थ डिप्रेशन से जूझना ही माना जाएगा। वहीं ओवरथिंकिंग व्यक्ति की पर्सनैलिटी का हिस्सा हो सकती है।

# उत्तराखंड के इस हिल स्टेशन की खूबसूरती देख रह जाएंगे दंग



***घूमने के शौकीन लोग अक्सर कहीं न कहीं घूमने का प्लान बना लेते हैं। आज हम आपको एक ऐसी जगह के बारे में बताने जा रहे हैं, जो बेहद खूबसूरत है। बता दें कि उत्तराखंड में मौजूद इन बेहतरीन हिल स्टेशन का नाम भीमताल है।***

सर्दी के मौसम में हिल स्टेशन घूमने का अपना ही मजा होता है। बहुत सारे लोग इस मौसम में शिमला, मसूरी, मनाली और नैनीताल जाना पसंद करते हैं। ऐसे में अगर आप भी सर्दियों में हिल स्टेशन जाने का प्लान बना रहे हैं। तो आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको एक ऐसी जगह के बारे में बताने जा रहे हैं, जो बेहद खूबसूरत है। बता दें कि उत्तराखंड में मौजूद इन बेहतरीन हिल स्टेशन का नाम भीमताल है। ऐसे में आप भी इस बार भीमताल घूमने के लिए जा सकते हैं। वहीं भीमताल से लगी एक बेहद सुंदर और प्राकृतिक झील है, जिसका नाम नौकुचियाताल है। भीमताल से सिर्फ 4 किमी की दूरी पर स्थिति नौकुचियाताल अपनी प्राकृतिक बनावट की वजह से दर्शनीय है। आपको बता दें कि नौकोना में बटी इस झील में गुलाबी कमल के फूलों का एक छोटा तालाब है। जिसको लोग कमल तालाब के नाम से भी जानते हैं। भीमताल से करीब 10 किमी की दूरी पर सात झीलों का एक समूह है। इस सात झीलों के समूह को सातताल के नाम से जाना जाता है।

# घर में रखी ये चीजें छीन लेंगी बरकत



वास्तु शास्त्र में घर की दिशाओं के साथ-साथ यहां रखी हुई चीजों के भी कुछ नियम बताए गए हैं। इस शास्त्र के अनुसार, घर में रखी वस्तुओ से पॉजिटिव और नेगेटिव दोनों तरह की एनर्जी निकलती है जिसका प्रभाव सदस्यों पर पड़ता है। यदि यहां पर नेगेटिव एनर्जी वाली चीज रखी जाए तो व्यक्ति को मानसिक, आर्थिक और शारीरिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। आज आपको कुछ ऐसी वस्तुएं बताते हैं जो नेगेटिव एनर्जी पैदा करेंगी और घर की बरकत छिन लेगी।

**कांटेदार पौधे–** वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर में कभी भी कांटेदार पौधे नहीं लगाने चाहिए। इन्हें घर में लगाने से नेगेटिविटी आती है जिन घरों में ऐसे पौधे लगे होते हैं वहां सदस्यों के बीच अक्सर तनाव और लड़ाई झगड़े रहते हैं। इसलिए इन्हें तुरंत घर से निकाल दें।



**जूते–चप्पल** – बहुत से लोग घर में जूते-चप्पल ऐसे ही फेंक देते हैं परंतु ऐसी घरों में नेगेटिव एनर्जी का प्रवेश होता है। इसके अलावा बेड के नीचे या फिर मुख्य द्वार पर भी इन्हें रखना शुभ नहीं माना जाता। इससे घर में नेगेटिविटी का संचार बढ़ता है।

**रुकी हुई घड़ी** – घर में कभी भी लंबे समय से रुकी हुई घड़ी नहीं रखनी चाहिए। इससे भी घर में नकारात्मक एनर्जी का स्तर बढ़ता है। माना जाता है कि जब घड़ी रुकती है तो इससे पता चलता है कि व्यक्ति का समय रुक गया। ऐसी घड़ी परेशानियों का कारण बन सकती है।

पुराना कैलेंडर - नया साल आने के बाद पुराना कैलेंडर भी घर से निकाल देना चाहिए। पुराना कैलेंडर अतीत का संकेत देता है। इसके चलते घर की एनर्जी नेगेटिव होती है और सदस्यों की प्रगति रुकती है।

**टूटे हुए बर्तन** – घर में टूटे हुए कांच के गिलास या बर्तन रखना अशुभ माना जाता है। ऐसी चीजें गरीबी का संकेत देती हैं वास्तु शास्त्र के अनुसार, कभी भी ऐसे बर्तनों का इस्तेमाल न करें क्योंकि यह दुर्भाग्य का कारण बनते हैं।

# हार्मोन असंतुलन की वजह से हो सकती हैं कई बीमारियां



हार्मोन्स हमारे शरीर के केमिकल मैसेंजर होते हैं, जो शरीर के हर ऑर्गन तक संदेश पहुंचाने का काम करते हैं। इनकी मदद से शरीर के अंगों तक यह सिग्नल पहुंचता है कि कब और कैसे काम करना है। इसलिए हार्मोन्स का हमारे शरीर में संतुलित मात्रा में होना आवश्यक है। अगर इनमें असंतुलन आ जाता है, तो कई बीमारियां और सेहत से जुड़ी परेशानियों को झेलना पड़ सकता है। हार्मोन्स की मात्रा कम या ज्यादा होने की वजह से हार्मोनल इंबैलेंस की समस्या हो सकती है। इस कारण से आपको कई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है, जैसे- इंफर्टिलिटी, एक्ने, डायबिटीज, थायरॉइड, अनियमित माहवारी, पीसीओडी आदि। हालांकि, हार्मोन असंतुलन होने पर शरीर में कई ऐसे लक्षण नजर आने लगते हैं, जिनकी मदद से इसकी पहचान की जा सकती है। आइए जानते हैं, हार्मोनल इंबैलेंस की वजह से शरीर में क्या-क्या लक्षण नजर आ सकते हैं।

**एक्ने–** शरीर में टेस्टोस्टेरोन हार्मोन बढ़ने की वजह से एक्ने की समस्या हो सकती है। इस वजह से, त्वचा में मौजूद ऑयल ग्लैंड्स की वजह से स्किन के पोर्स क्लॉग हो जाते हैं। क्लॉग पोर्स में बैक्टिरीया का इन्फेक्शन होने का खतरा बढ़ जाता है, जिस कारण से एक्ने होने लगते हैं।

**बालों का झड़ना–** हार्मोन्स में बदलाव की वजह से, कई बार बाल झड़ने की समस्या हो सकती है। यह खासकर, टेस्टोस्टेरोन के लेवल में बदलाव आने की वजह से होती है। यह समस्या आमतौर पर, बर्थ कंट्रोल पिल लेने, प्रेग्नेंसी या मेनोपॉज के दौरान होती है।

**वजन बढ़ना या कम होना–** हमारे शरीर के कई हार्मोन्स ऐसे होते हैं, जिनका प्रभाव हमारे मेटाबॉलिज्म पर होता है। थायरॉइड हार्मोन, कोर्टिसोल, एस्ट्रोजन जैसे हार्मोन्स के असंतुलित होने की वजह से, कई बार हमारा वजन बढ़ने लगता है। अधिक वजन बढ़ना, आपके लिए चिंता का विषय बन सकता है। इसी तरह हार्मोन्स में बदलाव की वजह से, आपका मेटाबॉलिज्म अधिक तेज भी हो सकता है, जो वजन कम होने की वजह बन सकता है।

**भूख अधिक लगना या कम लगना**

हमारे हार्मोन्स हमारे भूख को भी कंट्रोल करते हैं। लेप्टिन और ग्रेलिन हार्मोन्स में बदलाव की वजह से अधिक भूख लगने या कम भूख लगने की समस्या हो सकती है। वजन कम या अधिक होने के पीछें यह भी एक कारण हो सकता है।


**नींद न आना–** हमारी नींद को भी हमारे हार्मोन्स कंट्रोल करते हैं। इनमें असंतुलन की वजह से कई बार रात को नींद न आना या अच्छी नींद न आने की परेशानी हो सकती है।

# बारिश से पहले अपनाएं ये ब्यूटी टिप्स त्वचा और बाल रहेंगे हमेशा हेल्दी



मानसून का मौसम जहां एक तरफ गर्मी से राहत लेकर आता है, वहीं दूसरी तरफ स्किन और बालों से जुड़ी कई समस्याएं भी साथ लाता है। बढ़ती नमी, पसीना और गंदगी के कारण त्वचा पर पिंपल्स, ऑयली स्किन और फंगल इंफेक्शन जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं। वहीं बालों में डैंड्रफ, हेयर फॉल और स्कैल्प इंफेक्शन की समस्या भी आम हो जाती है। अक्सर लोग मानसून आने के बाद अपनी ब्यूटी केयर रूटीन में बदलाव करते हैं, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि सही तैयारी बारिश शुरू होने से पहले ही कर लेनी चाहिए। यदि पहले से सही स्किन और हेयर केयर अपनाया जाए, तो कई परेशानियों से आसानी से बचा जा सकता है। इस मौसम में त्वचा और बाल दोनों अधिक संवेदनशील हो जाते हैं, इसलिए हल्के प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल, सही साफ-सफाई और हेल्दी लाइफस्टाइल बेहद जरूरी हो जाती है। थोड़ी-सी सावधानी आपकी स्किन को ग्लोइंग और बालों को मजबूत बनाए रख सकती है। अगर आप भी चाहते हैं कि इस मानसून आपकी स्किन और बाल हमेशा हेल्दी और फ्रेश दिखें, तो नीचे दिए गए टिप्स आपके लिए बेहद उपयोगी साबित होंगे। **स्किन को हल्का और क्लीन रखें–** मानसून से पहले स्किन केयर रूटीन को सरल बनाएं। दिन में दो बार माइल्ड फेस वॉश से चेहरा साफ करें। इससे अतिरिक्त ऑयल और गंदगी हट जाती है। भारी क्रीम की जगह हल्के जेल-बेस्ड मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करें। पिंपल्स और ऑयली स्किन से बचाव नमी बढ़ने पर त्वचा अधिक ऑयली हो जाती है, जिससे पिंपल्स बढ़ सकते हैं। सैलिसिलिक एसिड या टी-ट्री ऑयल युक्त प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल मदद कर सकता है।

# कद्दू इडली का जवाब नहीं



अगर आप रेगुलर स्टाइल इडली खा कर बोर हो गईं है तो कद्दू इडली ट्राई करें। ये टेस्टी होने के साथ- साथ बहुत हेल्दी होती हैं। ये डिश में बहुत फेमस है। इसलिए आप भी दिन की शुरुआत हेल्दी ब्रेकफास्ट से करें। आइए आपको बताते हैं कद्दू इडली की आसान रेसिपी-



सामग्री- कद्दू (पीला वाला)- 500 ग्राम, रवा- 250 ग्राम, ईनो- 4 चम्मच, नमक- 2 चम्मच, सॉस- 2 चम्मच, टमाटर।


**बनाने की विधि–** 1. सबसे पहले कद्दू को बड़े- बड़े टुकड़ो में काटें और उबले हुए पानी में डाल दें। 2. दो मिनट उबलने दें, फिर उन्हें निकालकर ठंडे पानी में डालकर ठंडा करें। 3. अब कद्दू के टुकड़ों को मिक्सी में पीसकर पेस्ट बनाने लायक ने गाढ़ा न ज्यादा पतला घोल बना लें। 4. इसके बाद उसे आधा घंटे के लिए ढककर रख दें। आधा घंटे बाद स्टीमर में पानी गरम होने के बाद इडली के घोल में ईनो मिलाकर सांचो में डालें। 5. इसी समय इडली में टमाटर से सजाकर 15-20 मिनट तक स्टीम करके पका लें। 6. आपकी टेस्टी और हेल्दी इडली तैयार है।

# आखिर क्यों होता है ब्रेन हेमरेज? जानें लक्षण, कारण और बचाव

ब्रेन हेमरेज के बारे में हम सब ने कभी- न- कभी तो सुना होगा लेकिन, इस जानलेवा बीमारी के बारे में किसी को ज्यादा जानकारी नहीं है। सरल भाषा में कहे तो ब्रेन हमरेज मतलब दिमाग की नसों का फटना। इस दौरान शरीर में कई तरह के बदलाव होते हैं और ब्रेन के अंदर ब्लीडिंग भी होने लगती है। ब्रेन हमेरेज को लेकर कई लोगों के मन में ये सवाल है कि आखिर ये होता क्यों है? इसके क्या लक्षण और इससे बचा कैसे जा सकता है?

**लक्षण**

शरीर के किसी हिस्से में लकवा मार जाना
खाने- पीने में मुश्किल होना
आंखों की रोशनी पर असर पड़ना
दौरे पड़ना और सिरदर्द होना
शरीर के कई सारे हिस्से सुन्न हो जाना



**ब्रेन हेमरेज : -**

ब्रेन हेमरेज तब होता है जब ब्रेन को सही मात्रा में ऑक्सीजन नहीं मिलता है। इससे दिमाग की सेल्स मरने लगती हैं। ऐसे में शरीर की गतिविधियां प्रभावित होती हैं, जिसे इंट्राक्रानियल हेमरेज या सेरेब्रल हेमरेज भी कहा जा सकता है। ऐसे में अगर तीन से चार मिनट से ज्यादा ब्रेन में ऑक्सीजन की कमी हो जाए तो इससे दिमाग की नसें बुरी तरह से प्रभावित होती है।

**कारण**

ब्रेन हेमरेज के कई कारण हो सकते है। जैसे- किसी व्यक्ति को सिर पर गंभीर चोट लगना
कार दुर्घटना
हाई बीपी
ब्रेन की नसों में फैट जमाना
धूम्रपान, खूब शराब पीना या कोकीन का सेवन
लिवर की बीमारी
दिमाग का ट्यूमर
अवैध दवाओं का सेवन

**ऐसे करें ब्रेन हेमरेज से बचाव**

ब्रेन हेमरेज से बचना है तो हमेशा अपनी बीपी चेक करवाते रहें। खासकर हाई बीपी के मरीज को तो अक्सर अपनी बीपी चेक करवाते रहना चाहिए। हाई कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने के लिए वजन कंट्रोल करना ही बहुत जरूरी है। ऐसे में शराब से दूर रहें। हेल्दी डाइट लें और रोजाना एक्सरसाइज करें।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**

**रविवार, 14 जून 2026**

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके 1948 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ ज्येष्ठ मासोत्तमे कृष्ण पक्षे, चतुर्दशी तिथौ रवि वासरे 12/20/ रोहिणी नक्षत्रे 22/14/ धृति योग 13/16/ शकुनि करणे 12/20/ वृष राशिगत चन्द्रमा घं.मि.पर।

व्रत एवं त्यौहार- श्राद्ध की अमावस्या, तेल स्पर्श वर्जित।

**मेष :** नए आर्थिक निवेश में रुचि रहेगी। दाम्पत्य सुख उत्तम रहेगा। शिक्षा प्रतियोगिता से लाभ होगा। स्वास्थ्य शिथिल रहेगा।

**वृष :** उद्योग व्यापार में लाभ की स्थिति बनेगी। जीवन साथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। यात्रा-वाहन पर व्यय होगा।

**मिथुन :** रचनात्मक कार्यों पर व्यय होगा। परिजनों की चिंता रहेगी। सुसंगति लाभ होगा। ईश्वर के प्रति श्रद्धा बढ़ेगी।

**कर्क :** आकस्मिक लाभ होगा। सत्परामर्श से लाभ मिलेगा। कार्यों पर व्यय होगा। कारोबारी विषमता दूर होगी।

**सिंह :** आय -व्यय संभावना रहेगी। उन्नति के नये अवसर बनेंगे। शुभ कार्यों में व्यवधान उत्पन्न होगा। अभावग्रस्तता दूर होगी।

**कन्या :** मित्रागमन होगा। घरेलू कार्यों में व्यस्तता रहेगी। जीवन साथी का सहयोग रहेगा। उधार देने से बचे।

**तुला :** कारोबारी विषमता दूर होंगी। धन प्राप्ति का मार्ग बनेगा। सम्मान प्राप्ति होगी। चोट का भय रहेगा।

**वृश्चिक :** घरेलू कार्यों में व्यस्त रहेंगे। यात्राएँ लाभप्रद रहेंगी। मनोकामनाएं पूर्ण होंगी। इच्छित वस्तु प्राप्ति का हर्ष रहेगा।

**धनु :** आत्मीय जनों का सानिध्य मिलेगा। काम का बोझ रहेगा। नए निवेश लाभप्रद रहेंगे। बौद्धिक विकास होगा।

**मकर :** मनोनुकूल वातावरण रहेगा। रोजी - रोजगार में सफलता मिलेग सम्पर्कों में वृद्धि होगी। अनावश्यक बहानेबाजी टालें।

**कुंभ :** जीवन साथी का सहयोग मिलेगा। मन माफिक कार्य पूर्ण होंगे। देनदारी कम होगी। यश प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**मीन :** वाहन कष्ट रहेगा। चोट लगने का भय होगा । कारोबारी योजनाएँ सफल होंगी। जीवन ऊर्जा का विकास होगा।

# घर में चाहिए सुख-समृद्धि तो इन नियमों को न करें नजरअंदाज

वास्तु शास्त्र में एनर्जी और दिशाओं का खास महत्व बताया गया है। इस शास्त्र में हर कार्य के लिए शुभ दिशाओं के बारे में बताया गया है। वास्तु के अनुसार, घर में रखी हर चीज की एक एनर्जी होती है जिसका असर घर में रहने वाले लोगों पर पड़ता है। यदि घर में वास्तु दोष हो तो व्यक्ति मानसिक और आर्थिक रुप से भी परेशान रहता है। ऐसे में आज आपको कुछ ऐसे वास्तु उपाय बताते हैं।

**तोते की तस्वीर** – घर की उत्तर दिशा में तोते की तस्वीर लगानी शुभ माना जाती है। जहां पर यह तस्वीर लगाने से पढ़ाई करने वाले बच्चों का ध्यान केंद्रित होता है।



**सूर्य यंत्र** –घर की पूर्व दिशा में सूर्य यंत्र स्थापित करें। पूर्वमुखी घर में मुख्य द्वार के बाहर ऊपर की ओर सूर्य का चित्र या फिर प्रतिमा लगाएं। मान्यताओं के अनुसार, ऐसा घर में पॉजिटिव एनर्जी का संचार होता है और नौकरी व कारोबार में व्यक्ति को तरक्की मिलती है।

**घर में रहेगी शांति** - मान्यतओं के अनुसार, घर के मुखिया को भगवान शिव और चंद्र देव के मंत्रों का जाप करना चाहिए। इससे घर में सुख शांति का वास रहता है और नियमित शिवजी के मंत्रों का जाप करने से घर में भी बरकत आती है।

**इस दिशा में रखें रसोई का सामान**–यदि आपकी रसोई घर की उत्तर-पूर्व दिशा में बनी है तो गैस चूल्हे को आग्नेय कोण में रखें। रसोई के ईशान कोण में साफ बर्तन में जल भरकर रखें। मान्यताओं के अनुसार, इससे घर में धन का प्रवाह बढ़ता है और रुका हुआ धन भी व्यक्ति को वापिस मिलता है।

**मां लक्ष्मी की ऐसी तस्वीर लगाएं** –घर की उत्तर दिशा में देवी लक्ष्मी की ऐसी तस्वीर लगाएं जिसमें वह कमलासन पर बैठी हों और स्वर्ण मुद्राएं गिन रही हों। वास्तु के अनुसार, घर में मां लक्ष्मी की ऐसी तस्वीर लगाने से घर में सुख-समृद्धि का वास होता है।

# किशोरियों को सुरक्षा समाज की प्राथमिकता : डा0 राधेश्याम




**स्वतंत्रभारत, जैदपुर बाराबंकी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव मे आज वत्सल्य संस्था के सहयोग से क्षेत्र के विभिन्न गाँवों से आयी 20 किशोरियो एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) का टीका लगाया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागाव के चिकित्सा अधीक्षक डा0 राधेश्याम गौर ने कहा कि एचपीवी टीका आगे चलकर गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव में मदद करता है उन्होंने किशोरियों को समय पर टीकाकरण कराने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि किशोरियों का स्वास्थ्य, सुरक्षा समाज की प्राथमिकता है। सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ हर पात्र बालिका तक पहुंचना चाहिए।वत्सल्य संस्था की ब्लाक समन्वयक सीमा वर्मा ने स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता, शिक्षा से जुड़ी जानकारी दी। किशोरियों को आत्मविश्वास से आगे बढ़ने, अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। इसके उपरांत थाना मसौली में प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी ने सभी किशोरियों को साइबर क्राइम से बचाव, सुरक्षित इंटरनेट उपयोग तथा विभिन्न प्रकार के अपराधों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। साथ ही उन्होंने किशोरियों को जागरूक एवं सतर्क रहने का संदेश दिया।कार्यक्रम में वात्सल्य संस्था की ओर से ब्लॉक कोऑर्डिनेटर आलोक सिंह, कमलेश, शोभिका मिश्रा, मंजू लता शर्मा एवं सीमा वर्मा की सक्रिय सहभागिता रही। सभी ने किशोरियों को स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं जागरूकता से संबंधित महत्वपूर्ण संदेश देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# ग्राम रात्रि चौपाल का हुआ आयोजन

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** जिले के विकासखंड सिरौलीगौसपुर की ग्राम पंचायत महमूदाबाद में कल ग्राम रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।कंपोजिट विद्यालय महमूदाबाद के सामने आयोजित चौपाल में राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने छोटे बच्चों को अन्नप्राशन कराकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विकास कार्यों की जानकारी दी।मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। सरकार का प्रयास है कि योजनाओं का लाभसमाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।चौपाल के दौरान विभिन्न योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही लाभ वितरित किया गया।



मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के तहत चयनित किसानों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। वहीं मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को उनके नए पक्के मकानों की प्रतीकात्मक चाबियां सौंपी गईं। लाभार्थियों ने सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।आगामी खरीफ सीजन को देखते हुए किसानों को उन्नत प्रजाति के धान के बीज भी वितरित किए गए। मंत्री ने किसानों से आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने और कृषि संबंधी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभउठाने की अपील की।कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की ओर से स्टॉल लगाए गए, जहां ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं और सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों ने लोगों की समस्याएं भी सुनीं और उनके समाधान का आश्वासन दिया।ग्राम रात्रि चौपाल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं से सीधे जोड़ना, उनकी समस्याओं को सुनना और उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करना रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान, महिलाएं, युवा, जनप्रतिनिधि तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। ग्रामीणों ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और क्षेत्र में हुए विकास कार्यों की सराहना करते हुए ऐसे आयोजनों को लाभकारी बताया।

## खबर एक नजर

### टायर फटने से मौत

**स्वतंत्र भारत, हैदरगढ़ बाराबंकी।** कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत चीनी मिल के सामने शनिवार को सड़क के किनारे खड़े ट्रक का टायर फटने से ट्रक मालिक की मौत हो गई। थाना लोनी कटरा के कान्हीपुर गांव निवासी ट्रक मालिक शिव नरायन बाजपेई 69 वर्ष के ट्रक में लदा गेहूं चीनी मिल के सामने बने राज्य भण्डारण निगम के गोदाम में उतारकर चालक ने उन्हें फोन किया।बताया कि ट्रक का एक टायर कट गया है।मौके पर पहुंचे श्री बाजपेई ने पंचर बनाने वाले अनवर को बुलाकर टायर दिखाया।देखा गया कि एक टायर थोड़ा फट गया है।उसका ट्यूब का थोड़ा हिस्सा बाहर निकला है।अनवर ने उनसे कहा कि बस थोड़ी देर में बन जाएगा।इस दौरान श्री बाजपेई टायर के फटे हिस्से के बाहर निकले ट्यूब पर हाथ फेरने लगे।इसी समय टायर धमाके के साथ फट गया।तेज धमाके के कारण ट्रक मालिक दुर्घटनास्थल से 50 मीटर दूर खंती में जा गिरे। दुकानदार एवं राहगीरों ने तत्काल उन्हें सीएचसी हैदरगढ़ पहुँचाया।जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे मृतक के परिजनों ने पुलिस से अनुरोध किया कि शव का पीएम नहीं कराना चाहते हैं।पुलिस ने पंचनामा कर शव परिजनों को सौंप दिया।

### किसान की मौत

**स्वतंत्र भारत, हैदरगढ़ बाराबंकी** बेड़न में पानी लगाने गए वृद्ध किसान की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। घर लाए गये शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। कस्बा एवं थाना के लिल्हौरा वार्ड निवासी किसान रामेश्वर रावत पुत्र मैकू 65 वर्ष मोहल्ले में ही स्थित अपने खेतों में लगाई गई बेड़न की सिंचाई करने गए थे शाम 6:00 बजे घर से निकले किसान के देर रात तक वापस न लौटने पर जब परिजन खेत पहुंचे तो किसान अचेत अवस्था में मिला। परिजन तत्काल उन्हें लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ पहुंचे जहां उपचार के बाद गंभीर अवस्था के चलते उन्हें जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया । जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

### भंडारा संपन्न

**स्वतंत्र भारत, हैदरगढ़ बाराबंकी।** ज्येष्ठ माह के शनिवार को बछरावां रोड पर स्थित पुरुषोत्तम नारायण अग्रवाल के पेट्रोल पंप के निकट मंसाराम रावत द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया । सुबह करीब 11:00 से शुरू हुआ भंडारा शाम तक चलता रहा । भण्डारे में पहुँचकर लक्ष्मी नारायण दीक्षित, गया प्रसाद मास्टर, राम सुंदर, देव नारायण दीक्षित, पवन कुमार, गोरखनाथ बाबा, अनिल कुमार, सिद्धू, राजन,नसीम खान, रिंकू,गुड्डू सहित भारी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

### विधायक ने पीपा पुल का किया उद्घाटन

**स्वतंत्र भारत, हैदरगढ़ बाराबंकी।** सुबेहा क्षेत्र के अमोनी (सिंघागढ़) घाट पर पीपा पुल का उद्घाटन हैदरगढ विधायक दिनेश रावत द्वारा किया गया।विधायक ने कहा कि योगी सरकार में प्रति व्यक्ति आय 42000 से बढ़कर 1,16,000 हो गई है।उन्होंने कहा कि अभी तो पीपा पुल का उद्घाटन हो रहा है लेकिन 2 साल के अंदर यहां पर पक्का पुल बनाने का कार्य किया जाएगा। लोकार्पण समारोह में विधायक के साथ सिद्दौर प्रमुख आरती रावत एवं हैदरगढ़ प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह,रामकुमार सिंह, रणवीर सिंह मोनू,दीपक तिवारी आदि मौजूद रहे।

### किशोरी ने लगाया दुष्कर्म का आरोप

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** जनपद के टिकैतनगर थाना क्षेत्र के एक गांव में 15 वर्षीय किशोरी को पेट दर्द होने पर जांच कराई गई, जिसमें वह छह माह की गर्भवती पाई गई। परिजनों ने गांव के ही एक दुकानदार पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस अधीक्षक ने कार्रवाई के आदेश दिए हैं।यह घटना 10 जून को सामने आई, जब किशोरी के पेट में अचानक दर्द होने लगा। परिजन उसे स्थानीय चिकित्सक के पास ले गए। जांच के दौरान पता चला कि किशोरी छह माह की गर्भवती है, जिससे परिवार सदमे में आ गया।पूछताछ में किशोरी ने बताया कि करीब छह माह पहले वह गांव की एक किराना दुकान पर सामान खरीदने गई थी। आरोप है कि दुकानदार ने उसे बहला-फुसलाकर दुष्कर्म किया। आरोपी दुकानदार विवाहित है। किशोरी ने यह भी बताया कि दुष्कर्म के बाद उसे जान से मारने की धमकी दी गई थी।मामले की गंभीरता को देखते हुए पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत की। पुलिस अधीक्षक ने मामले में तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

### महिला सुरक्षा के संबंध में किया गया जागरूक

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे 'मिशन शक्ति फेज-05' द्वितीय चरण के दृष्टिगत जनपद बाराबंकी पुलिस द्वारा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कर जागरूक किया गया।

प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे 'मिशन शक्ति फेज- 05' द्वितीय चरण के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में बाराबंकी पुलिस के समस्त थानों में संचालित मिशन शक्ति केन्द्र की महिला अधिकारी/कर्मचारीगण द्वारा अपने- अपने क्षेत्रों में महिला सुरक्षा के संबंध में जागरूक कर उ0प्र0 शासन व उ0प्र0 पुलिस के स्तर से संचालित समस्त योजनाओं एवं प्रबन्धों की जानकारी दी गई। महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु वीमेन पावर लाइन (1090), पुलिस आपातकालीन सेवा (112), सीएम हेल्पलाइन नंबर (1076), चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर (1098), वन स्टाप सेन्टर (181), साइबर हेल्पलाइन नंबर (1930), स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर (102), एम्बुलेन्स सेवा (108) व जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, जिला संरक्षण अधिकारी, राष्ट्रीय/राज्य महिला आयोग, जनपद न्यायालय में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सम्बन्ध में एवं साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया गया।

# संवाद कार्यक्रम में राज्य मंत्री ने गिनाई केंद्र सरकार की उपलब्धियां




**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ग्राम पंचायत सिहाली, विकासखंड फतेहपुर में संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद के प्रभारी मंत्री एवं उत्तर प्रदेश सरकार के कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही रहे। अपने संबोधन में मंत्री सुरेश राही ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित किए हैं। सरकार की नीतियों और योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचा है। आज 140 करोड़ भारतीयों को पारदर्शी एवं जवाबदेह शासन व्यवस्था का लाभ मिल रहा है।

गांवों में बिजली, सड़क और बुनियादी सुविधाओं का हुआ अभूतपूर्व विस्तार राज्य मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार ने गांव-गांव तक बिजली पहुंचाने का ऐतिहासिक कार्य किया है। जिन क्षेत्रों में अभी भी कुछ विकास कार्य शेष हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों की स्थिति और वर्तमान समय की सड़कों की गुणवत्ता में स्पष्ट अंतर दिखाई देता है। केंद्र एवं प्रदेश सरकार की समन्वित कार्यशैली के परिणामस्वरूप ग्रामीण आधारभूत संरचना में व्यापक सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत मिशन, हर घर जल योजना तथा किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं ने करोड़ों परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है।

## बिना किसी भेदभाव के पहुंच रहा योजनाओं का लाभ

श्री राही ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र पर कार्य कर रही है। सरकार की योजनाओं का लाभ बिना किसी जाति, धर्म अथवा क्षेत्रीय भेदभाव के सभी पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सरकार की उपलब्धियों एवं जनहितकारी योजनाओं की जानकारी घर-घर पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं भाजपा पदाधिकारियों ने भी सरकार की उपलब्धियों पर अपने विचार व्यक्त किए तथा विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए सामूहिक प्रयासों पर बल दिया।

## कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति

कार्यक्रम में पूर्व सांसद उपेन्द्र रावत, जिलाध्यक्ष भाजपा राम सिंह वर्मा 'भुल्लन वर्मा' , डॉ. विवेक सिंह वर्मा, जिला महामंत्री विजय आनंद बाजपेयी सहित मुख्य विकास अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, परियोजना निदेशक (पीडी), खंड विकास अधिकारी फतेहपुर, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

# जमीन दिलाने के नाम पर आईपीएस अधिकारी के पिता से करोड़ों की ठगी

स्वतंत्रभारत, बाराबंकी। जनपद में जमीन दिलाने के नाम पर प्रॉपर्टी डीलरों ने एक आईपीएस अधिकारी के पिता से करोड़ों रुपये की ठगी कर ली। आरोप है कि 2.27 करोड़ रुपये लेने के बाद जमीन किसी और को बेच दी गई और रकम दुबई में निवेश कर दी गई।करीब दो साल तक रुपये वापस लेने के प्रयास के बाद पीड़ित को सिर्फ 1.05 करोड़ रुपये लौटाए गए। आरोपियों ने बाकी रकम देने से इनकार कर दिया। मामले में पीड़ित ने दंपती समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस जांच में जुट गई है।कोतवाली नगर क्षेत्र की मयूर विहार कॉलोनी ओबरी निवासी राधाकांत शुक्ल ने शिकायत में बताया कि उनके बेटे आईपीएस अधिकारी हैं। वर्तमान में भोपाल में डीसीपी पद पर तैनात हैं।राधाकांत के मुताबिक, मयूर विहार कॉलोनी में जमीन खरीदने के लिए उन्होंने विवेक गुप्ता के माध्यम से निवेद प्रताप सिंह उर्फ गोलू, उसकी मां भावना रानी, पत्नी शुभी सिंह और विशाल नामक युवक को छह सालों में कुल 2.27 करोड़ रुपये दिए थे।पीड़ित का आरोप है कि आरोपित लगातार बहाने बनाकर समय लेते रहे और उन्हें गुमराह करते रहे। बाद में जमीन अधिक कीमत पर किसी अन्य व्यक्ति को बेच दी गई। राधाकांत का कहना है कि जमीन खरीदने के लिए उन्होंने घर का सोना तक बेच दिया था, जिसकी कीमत अब ढाई गुना तक बढ़ चुकी है।काफी प्रयासों के बाद आरोपितों ने 1.05 करोड़ रुपये लौटाए, लेकिन बाकी रकम के लिए दिए गए दो चेक खाते में पर्याप्त धनराशि न होने के कारण बाउंस हो गए।आरोपी मयूर मोटेल्स के मालिक दिवंगत नीलू सिंह के परिवार के लोग हैं, जिसमें नीलू सिंह के बेटे और परिवार के अन्य लोग इस मामले में नामजद हैं। आरोपी प्रॉपर्टी डीलिंग का बिजनेस है।राधाकांत के अनुसार, दबाव बनाने पर निवेद प्रताप सिंह ने 7 अप्रैल 2026 को मयूर होटल में दुबई से अपने बिजनेस पार्टनर विशाल से मुलाकात कराई। विशाल ने 15 दिन में बिजनेस से रुपए निकालकर लौटाने का भरोसा दिया, लेकिन इसके बाद कोई संपर्क नहीं किया गया।पीड़ित का दावा है कि उनकी रकम विशाल के जरिए दुबई में निवेश की गई, जबकि कुछ पैसों से निवेद ने अपनी पत्नी के लिए जेवरात भी खरीदे।पीड़ित ने आरोप लगाया कि निवेद, उसकी पत्नी, मां और विवेक गुप्ता परिवार समेत दुबई शिफ्ट होने की तैयारी में हैं। इसे देखते हुए उन्होंने आरोपितों का पासपोर्ट जब्त कराने की भी मांग की है। नगर कोतवाल सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# बिना अनुमति निर्माण पर हुई कार्यवाही



**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** जनपद में बिना अनुमति धार्मिक स्थल के निर्माण पर प्रशासन ने कार्रवाई की है। यह मामला लोनीकटरा थाना क्षेत्र के ग्राम सरैया मजरा तेजवापुर का है।अधिकारियों के अनुसार, निर्माण कार्य रोकने के लिए पहले भी निर्देश दिए गए थे, लेकिन चेतावनी के बावजूद काम जारी रहने की सूचना पर प्रशासन सक्रिय हुआ।सूचना मिलने पर राजस्व और पुलिस विभाग की एक टीम मौके पर पहुंची। टीम ने तत्काल निर्माण कार्य को रुकवा दिया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार का निर्माण निर्धारित नियमों और आवश्यक अनुमतियों के बिना नहीं किया जा सकता।प्रशासन ने नियमों के उल्लंघन को गंभीरता से लिया है। संबंधित लोगों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की गई है। इसके अतिरिक्त, शांति और कानून व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका के मद्देनजर कुछ लोगों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई भी की गई है।क्षेत्र में शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है। प्रशासन ने बताया कि मामले की लगातार निगरानी की जा रही है। अधिकारियों ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी जानकारी के लिए प्रशासनिक अधिकारियों से संपर्क करने की अपील की है।

## डीएम व एसपी ने सुनी फ़रियादें

**स्वतंत्रभारत जैदपुर बाराबंकी।** शनिवार को मसौली थाना मुख्यालय पर आयोजित थाना समाधान दिवस मे जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह व पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने फरियादियों की फरियाद सुनते हुए मौक़े पर ही एक शिकायत का निस्तारण कराते हुए दो अन्य मामलो के लिए टीम गठित करने का निर्देश दिया।नहामऊ निवासी सुबोध कुमार पुत्र छंगालाल ने मेडबंदी कराने की मांग की जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने थाना समाधान दिवस मे मौजूद लेखपाल को मौक़े पर बुलाकर तुरंत निस्तारण कराया। डेढ़वा निवासी राम समुझ पुत्र विश्वनाथ ने गांव के ही फूलचंद पर नाली का पानी रोकने की शिकायत की व हसनपुर पहाड़ापुर निवासी पूनम पत्नी भरतलाल ने गांव की ही प्रियंका सिंह पर दीवार गिरवाने का आरोप लगाया। जिलाधिकारी एव पुलिस अधीक्षक ने मामलो के निस्तारण के लिए टीम गठन के निर्देश दिये।

## सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत



**स्वतंत्रभारत जैदपुर बाराबंकी।** लखनऊ-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित दादरा गांव के निकट हाइवे पार करते समय शनिवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मृतकों के परिवारों में कोहराम मच गया। जैदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सतावां निवासी 20 वर्षीय अतुल कुमार पुत्र रामकिशोर, सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम तुलसीपुर निवासी 18 वर्षीय प्रवेश पुत्र पवन कुमार तथा हरख निवासी दीपू के साथ ग्राम प्यारेपुर सरैया निवासी विश्वनाथ के घर रिस्तेदारी मे आये थे तीनो बाईक सवार दादरा चौराहे पर हाइवे पार कर रहें थे तभी लखनऊ की ओर से तेज रफ्तार मे आ रहें अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे गंभीर रूप से घायल तीनो बाईक सवारो को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने अतुल और प्रवेश को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल दीपू का उपचार जारी है।

## सड़क के किनारे पड़ा मिला शव

**स्वतंत्रभारत, रामनगर बाराबंकी।** थाना रामनगर के ग्राम रहटा निवासी 35 वर्षीय पवन पुत्र सोमवारी का शव शनिवार सुबह सूरतगंज-महादेवा मार्ग पर अमराई गांव के पास क्षत-विक्षत अवस्था में पड़ा पाया गया शव मिलने की सूचना से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। सूचना पर महादेवा चौकी प्रभारी रजनीश पांडेय पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।परिजनों के अनुसार पवन शुक्रवार को घर से किसी कार्य के सिलसिले में निकले थे, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटे। काफी तलाश के बावजूद उनका कोई पता नहीं चल सका। शनिवार सुबह ग्रामीणों ने सड़क किनारे एक व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव देखा, जिसकी पहचान पवन के रूप में हुई। सूचना मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए और शव देखते ही परिवार में कोहराम मच गया।

## वारंटियों की हुई गिरफ्तारी

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** जनपद में संदिग्ध व्यक्तियों/वांछित अभियुक्तों/वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में बाराबंकी पुलिस द्वारा आज को एक वारण्टी, 06 वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया तथा 41 अभियुक्तों के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओं में कार्यवाही की गयी।इसी क्रम में थाना सुबेहा पुलिस टीम द्वारा आज मु0अ0सं 86/2026 धारा 109(1)/110/115(2)/ 352 /118(1)/3(5)/117(2) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्तगण कृष्ण कुमार सिंह पुत्र स्व0 ज्वाला सिंह ग्राम पूरे वैश्य मजरे थलवारा थाना सुबेहा जनपद बाराबंकी व अमित सिंह पुत्र स्व0 नरसिंह बहादुर सिंह निवासी ग्राम कुबेर का पुरवा थाना सुबेहा जनपद बाराबंकी तथा मु0अ0सं0 225/2026 धारा 87 / 137(2) बीएनएस एवं 11(4) /12 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त सरवन उर्फ श्रवण पुत्र स्व0 दयाराम निवासी ग्राम नेवाजी थाना शुक्ल बाजार जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया। इसी क्रम में थाना देवा पुलिस टीम द्वारा कल मु0अ0सं 214/2026 धारा 305(ए)/115(2)/352/317(2) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्तगण नरेन्द्र वर्मा पुत्र रामप्रकाश व सरिता पत्नी नरेन्द्र वर्मा निवासीगण ग्राम पवैय्याबाद थाना देवा बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से घटना से संबंधित 64,000 रूपये बरामद किया गया। अभियुक्तगणों द्वारा कल थाना देवा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पवैय्याबाद में खड़ी एक कार में रखे रूपये चोरी किए थे। इसी क्रम में थाना मो0 पुर खाला पुलिस टीम द्वारा आज मु0अ0सं 266/2026 धारा 69/351(3) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्त अलीक पुत्र वली अहमद निवासी ग्राम सौरंगा नगर पंचायत बेलहरा थाना मो0 पुर खाला जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। इसी क्रम में थाना कुर्सी पुलिस टीम द्वारा आज मु0अ0सं0- 167/2026 धारा 87/137(2)बीएनएस व 11(4)/12 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित 01 बाल अपचारी को सरंक्षण में लेकर आवश्यक कार्यवाही की गई ।

## खबर एक नजर

### भूमिधरी जमीन से जबरन नाली निकलवाने का आरोप, पीड़ित ने डीएम से लगाई गुहार

**रायबरेली।** डलमऊ तहसील क्षेत्र के सांड़बरा गांव निवासी राम प्रताप मौर्य ने तहसील प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित ने जिलाधिकारी स्को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। राम प्रताप मौर्य का आरोप है कि तहसील प्रशासन उनकी भूमिधरी जमीन की बाउंड्री के अंदर से जबरन नाली निकलवाने का दबाव बना रहा है। पीड़ित के अनुसार, राजस्व कर्मी बिना सीमांकन किए उनकी निजी भूमि से नाली निकलवाने पर आमादा हैं। पीड़ित ने बताया कि तहसील में उसे बुलाकर जबरन समझौता करने का भी दबाव बनाया गया। राम प्रताप मौर्य ने डीएम से मांग की है कि उनकी भूमिधरी जमीन से नाली न निकलवाई जाए और मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए। इस संबंध में तहसील प्रशासन का कहना है कि ग्राम समाज की नाली, चकमार्ग से अतिक्रमण हटवाया जा रहा है। मौके पर लेखपाल से जांच कराकर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। डलमऊ तहसील क्षेत्र में पानी निकासी और चकमार्ग को लेकर विवाद के मामले पहले भी सामने आते रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बिना सही नाप-जोख के कार्रवाई से किसानों में नाराजगी है।

### दो भैंस चोरी होने की घटना, पीड़ित ने थाने में दी तहरीर

**नसीराबाद, रायबरेली।** थाना क्षेत्र नसीराबाद के ग्राम चंदाबाहींपुर मजरे चंदाबाहीपुर में चोरों ने घर के बाहर बंधी दो भैंसों को चोरी कर लिया। पीड़ित ने मामले की लिखित शिकायत थाना नसीराबाद में देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार ग्राम चंदाबाहींपुर निवासी बुधराम पुत्र स्वर्गीय दुर्गा ने थाना प्रभारी नसीराबाद को दी गई तहरीर में बताया कि बीती 12 जून 2026 की रात वह अपने परिवार के साथ भोजन करने के बाद घर में सो गया था। इसी दौरान देर रात कुछ अज्ञात चोर उसके घर पहुंचे और बाहर बंधी दो भैंसों को चोरी कर ले गए। पीड़ित के अनुसार चोरी हुई दोनों भैंसों की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये बताई जा रही है। सुबह जागने पर भैंसें गायब देख परिजनों में हड़कंप मच गया। काफी खोजबीन के बाद भी कोई सुराग न मिलने पर पीड़ित ने पुलिस से शिकायत कर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित बुधराम ने पुलिस प्रशासन से चोरों की पहचान कर भैंसों की बरामदगी तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है। वहीं पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### थाना समाधान दिवस में पहुंचीं छह शिकायतें, किसी का नहीं हुआ निस्तारण

**जगतपुर, रायबरेली।** जगतपुर थाना परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ऊंचाहार एसडीएम विवेक राजपूत ने की, जबकि शिकायतों की सुनवाई कार्यवाहक थाना प्रभारी अजय मलिक की मौजूदगी में की गई। समाधान दिवस में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए फरियादियों ने भूमि विवाद, रास्ते की समस्या, राजस्व संबंधी मामलों तथा अन्य स्थानीय समस्याओं से जुड़ी शिकायतें अधिकारियों के समक्ष रखीं। कार्यवाहक थाना प्रभारी अजय मलिक ने बताया कि समाधान दिवस में कुल छह शिकायतें प्राप्त हुईं। सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। हालांकि किसी भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। प्राप्त शिकायतों को राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को सौंपते हुए समयबद्ध ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा गया। अधिकारियों ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनता की समस्याओं का निष्पक्षए, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण समाधान कराया जाएगा। उन्होंने फरियादियों को भरोसा दिलाया कि सभी मामलों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर उप निरीक्षक मोहम्मद गौस खां, अजीत सिंह, पूजा सहित पुलिस विभाग के कर्मचारी तथा लेखपाल आलोक अवस्थी, उदित जायसवाल, विजय अग्रहरी समेत राजस्व विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### ट्रक से गिरी लोहे की सीढ़ी, बाइक सवार महिला की दर्दनाक मौत

**रायबरेली।** बछरावां-मौरावां मार्ग पर शुक्रवार रात हुए भीषण हादसे में एक महिला की जान चली गई। ट्रक में लगी लोहे की सीढ़ी अचानक टूटकर बाइक सवार महिला के सिर पर जा गिरी। गंभीर हालत में महिला को लखनऊ रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मेहरवान खेड़ा मजरे शेखपुर समोधा निवासी महेश रावत अपनी पत्नी समिता रावत 32 के साथ शुक्रवार रात बाइक से छोटकवा खेड़ा गांव दवा लेने जा रहे थे। रात करीब 9 बजे जैसे ही वे टांडा गांव के पास पहुंचेए तभी बछरावां से मौरावां की ओर जा रहे तेज रफ्तार ट्रक में शीशा साफ करने के लिए लगाई गई लोहे की सीढ़ी अचानक टूटकर सीधे समिता के सिर पर आ गिरी। भारी-भरकम सीढ़ी लगते ही समिता लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़ीं। खून से लथपथ पत्नी को देखकर पति महेश के होश उड़ गए। राहगीरों की मदद से उन्हें तुरंत सीएचसी बछरावां ले जाया गया, जहां से हालत नाजुक देख डॉक्टरों ने लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। इलाज के दौरान समिता ने दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही मेहरवान खेड़ा गांव में कोहराम मच गया। समिता के दो छोटे बच्चे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि महेश मजदूरी कर परिवार चलाता है। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन समेत फरार हो गया। बछरावां थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। ट्रक की तलाश की जा रही है। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ट्रकों में अवैध रूप से लगाई गई लोहे की सीढ़ियां अक्सर हादसों का कारण बनती हैं। परिवहन विभाग की लापरवाही से आए दिन ऐसे हादसे हो रहे हैं।

### आंधी और बारिश ने गर्मी की रफ्तार पर लगाया ब्रेक

**रायबरेली।** जिले में पिछ्ले कुछ दिनों से गर्म हवा और उसम भरी गर्मी ने जनजीवन को बेहाल कर रखा था। शनिवार की सुबह मौसम का रुख अचानक बदल गया। तेज आंधी के बाद शहर और आसपास के इलाकों में झमाझम बारिश हुई। इस बारिश से लोगों को भीषण गर्मी और लू से काफी राहत मिली है। हालांकिए बारिश के तुरंत बाद वातावरण में उसम का स्तर थोड़ा बढ़ गया। यह बारिश किसानों के लिए भी बेहद फायदेमंद साबित हुई है। अब उन्हें अपनी फसलों के लिए नर्सरी लगाने में काफी सहूलियत मिलेगी। इससे कृषि कार्य सुचारु रूप से आगे बढ़ेंगे।

### कर लो दूनिया मुठ्ठी से कोसों दूर होता उपभोक्ता

**रायबरेली।** इसे नागरिकों का दुर्भाग्य और संबधित विभाग के आला अधिकारियों की लापरवाही नहीं तो क्या कहेंगे कि आज भी चाह कर भी लोग भारत सरकार की सेवाओं का लाभ चाह कर भी नहीं ले पा रहे हैं? हम बात कर रहे हैं इस समय बीएसएनएल की सेवाओं की जिसकी लचर व्यवस्था के चलते आज उपभोक्ताओं को आये दिन परेशान देखा जा सकते हैं। विभाग के आला अधिकारियों की अनदेखी तथा शासकीय योजनाओं में पलीता लगाने का इससे बडा उदाहरण क्या हो सकता है कि आज भी अनेक ग्रामीणांचल इसकी सेवाओं का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं, जबकि निजि कंपनियां लगातार आगे बढ रही हैं। रायबरेली के अनेक ग्रामों में तो टावर खडे करने तथा उनको प्रारंभ नहीं करने की बात लगातार सुनने में आती ही रहती है। ब्राडबेंड की गति का अवरोध. सरकारी सेवाओं के प्रति समर्पित होकर कार्य करने तथा सेवाओं का लाभ लेने वाले लगातार अपने आपको उस समय ठगा सा महसूस करते हैं जब इनकी ब्राडबेंड सेवाओं की गति में लगातार अवरोध आता रहता है। एक बडा तबका बीएसएनएल की सेवाओं के सहारे अपने निजि एवं शासकीय करते हैं परन्तु उस समय यह मानसिक रूप से समय पर कार्य न होने के कारण काफी परेशान तो होते ही हैं वहीं इसका असर उनके व्यवसाय पर पडने से आर्थिक नुकसान होने की बात भी जानकार बतलाते हैं।

# स्वदेशी जागरण मंच का प्रशिक्षण वर्ग संपन्न, आत्मनिर्भर भारत-2047 पर जोर

**मंत्री राकेश सचान बोले-युवाओं को उद्यमिता से जोड़ना समय की मांग**



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** स्वदेशी जागरण मंच, अवध प्रांत का दो दिवसीय प्रांतीय विचार एवं प्रशिक्षण वर्ग को गोपाल सरस्वती विद्या मंदिर में संपन्न हुआ। आत्मनिर्भर भारत-2047 के संकल्प के साथ आयोजित वर्ग में अवध प्रांत के 13 जिलों से लगभग 200 कार्यकर्ता, शिक्षक और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। समापन सत्र में मुख्य अतिथि प्रदेश के खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री तथा रायबरेली के प्रभारी मंत्री राकेश सचान ने कहा कि युवाओं की ऊर्जा को उद्यमिता और स्वरोजगार से जोड़ना जरूरी है। उन्होंने कहा कि सरकार स्वरोजगार योजनाओं का लाभ अधिक युवाओं तक पहुंचाने के लिए प्रयासरत है और मंच से आने वाले हर उचित प्रस्ताव पर सहयोग दिया जाएगा। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो राजकुमार मित्तल ने रायबरेली के युवाओं को उद्यमिता में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। प्रशिक्षण वर्ग में स्वदेशी, स्वावलंबन, जैविक खेती, नेतृत्व विकास और ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण पर सत्र हुए। जिला उद्योग अधिकारी परम हर्ष मौर्य ने सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। मंच के अखिल भारतीय सह-संयोजक डॉ राजीव कुमार ने टीम वर्क और संगठन निर्माण पर जोर दिया। स्वदेशी जागरण मंच के अवध प्रांत संयोजक अमित सिंह वत्स ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग का उद्देश्य केवल वैचारिक चर्चा तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में स्वदेशी आधारित विकास मॉडल को स्थापित करना भी है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत-2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने में युवाओंए उद्यमियों और कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण वर्ग स्वदेशी विचार को समाज के व्यापक वर्ग तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। समापन सत्र में वक्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि स्वदेशी जागरण मंच का यह प्रशिक्षण वर्ग आत्मनिर्भर भारत-2047 के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि स्वदेशी विचारए उद्यमिता और स्वावलंबन के माध्यम से ही भारत विश्व पटल पर अग्रणी राष्ट्र के रूप में स्थापित होगा। कार्यक्रम ने प्रतिभागियों में राष्ट्र निर्माण के प्रति नई चेतना, ऊर्जा और संकल्प का संचार किया।अवध प्रांत संयोजक अमित सिंह वत्स ने कहा कि वर्ग का उद्देश्य स्वदेशी आधारित विकास मॉडल स्थापित करना है। कार्यक्रम में संदीप बंसल, डॉ मनोज कुमार अग्रवाल, दिलीप यादव, रिता मित्तल, अश्विनी ओझा समेत कई वक्ताओं ने विचार रखे। संदीप बंसल ने नवनिर्मित स्वदेशी व्यापारी मंच को लेकर स्थानीय व्यापारियों से संवाद किया।

## ऊंचाहार स्टेशन मार्ग, विकास के दावों पर जलभराव और गंदगी का ग्रहण



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, ऊँचाहार, रायबरेली।** ऊँचाहार रेलवे स्टेशन से अकोढ़िया को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग इन दिनों बदहाली का पर्याय बना हुआ है। सलोन रोड से स्टेशन की ओर मुड़ते ही लगभग एक किलोमीटर तक सड़क पर घुटनों तक पानी भरा है। सड़क के दोनों ओर बनी नालियां महीनों से जाम हैं। सफाई न होने से दूषित पानी सड़क पर बह रहा है। कीचड़ और दुर्गंध के कारण पैदल चलना मुश्किल हो गया है। स्थानीय निवासी सुनील वर्मा ने बताया बाइक फिसलने से कई लोग गिर चुके हैं। बरसात में तो निकलना नामुमकिन हो जाता है। महज आठ फुट चौड़े इस मार्ग के दोनों किनारों पर जंगली बबूल उग आए हैं। तेज कांटों से राहगीरों के चेहरे और आंखें जख्मी हो रही हैं। सड़क किनारे गोबर के ढेर और गंदगी का अंबार लगा है। वाहनों के गुजरने पर गंदे पानी के छींटे लोगों के कपड़े खराब कर रहे हैं। यह मंजर स्वच्छ भारत मिशन के दावों पर सवाल खड़े करता है। क्षेत्रवासियों ने जिलाधिकारी व लोक निर्माण विभाग को ज्ञापन सौंपकर नालियों की सफाई, जल निकासी का स्थायी इंतजाम और बबूल की झाड़ियां कटवाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि टैक्स पूरा देते हैं, लेकिन सुविधा शून्य है।

## विकासखंड छतोह में सफाई कर्मचारी संघ का चुनाव संपन्न, राजकुमार यादव चुने गए निर्विरोध अध्यक्ष



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, सलोन, रायबरेली।** विकास छतोह के कार्यालय परिसर में ब्लॉक स्तरीय सफाई कर्मचारी संघ का चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। चुनाव में कर्मचारियों ने एकजुटता का परिचय देते हुए राजकुमार यादव को निर्विरोध अध्यक्ष चुनकर दोबारा महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी। चुनाव प्रक्रिया सहायक विकास अधिकारी पंचायत अनिल कुमार की देखरेख में संपन्न हुई, जिसमें ब्लॉक स्तरीय सफाई कर्मचारी संघ के लगभग सभी सदस्य उपस्थित रहे। कर्मचारियों ने आपसी सहमति और एकता का परिचय देते हुए सर्वसम्मति से राजकुमार यादव के नाम पर मुहर लगाई। निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने के बाद सहायक विकास अधिकारी एवं चुनाव अधिकारी ने राजकुमार यादव को ब्लॉक सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पद का प्रमाण पत्र सौंपा। प्रमाण पत्र मिलते ही कार्यालय परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इस दौरान साथियों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष का फूल-मालाओं से स्वागत किया और कर्मचारी एकता के समर्थन में नारे लगाए। नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजकुमार यादव ने सभी सदस्यों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि कर्मचारियों के हितों की रक्षाए अधिकारों की मजबूती और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए वह पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने और कर्मचारियों की आवाज को प्रमुखता से उठाने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर संघ के पूर्व अध्यक्ष शब्बीर खां, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर बालेंदु शेखर त्रिपाठी, अनुपम श्रीवास्तव, अशोक कुमार गुप्ता, रमेश कुमार, महादेव, दूधनाथ, धीरज सहित संघ के सदस्य एवं ग्राम प्रधान राजाराम यादव समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, सलोन, रायबरेली।** जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मनरेगाए प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मुख्यमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण जीपीडीपी ग्राम पंचायत विकास योजना एवं पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने मनरेगा के अंतर्गत अधिक से अधिक मानव दिवस सृजन करने, लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने तथा कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं मुख्यमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने लाभार्थियों को समय से आवास उपलब्ध कराने, निर्माणाधीन आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने तथा पात्र लाभार्थियों का चयन पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत शौचालय निर्माण, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन तथा ग्रामों में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर विशेष बल दिया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वच्छता अभियान को जनभागीदारी के साथ प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए। जीपीडीपी एवं पंचायती राज योजनाओं की समीक्षा के दौरान ग्राम पंचायत स्तर पर विकास कार्यों की प्राथमिकता तय कर उन्हें समयबद्ध रूप से पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने सभी योजनाओं का क्रियान्वयन निर्धारित मानकों के अनुरूप एवं समयबद्ध ढंग से कराए जाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता, उपायुक्त श्रम रोजगार प्रमोद सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए मुनेश चंद्र, जिला विकास अधिकारी वर्षा सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## डीएम-एसपी ने थाना दिवस पर सुनी लोगों की शिकायतें



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका व पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने थाना मिलएरिया पहुँचकर नागरिकों की समस्याएं सुनीं। थाना दिवस के दौरान विभिन्न प्रकरणों में भूमि विवाद, पारिवारिक, राजस्व संबंधी शिकायते व सड़क एवं सार्वजनिक सुविधाओं से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए टीम बनाकर मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि थाना समाधान दिवस का उद्देश्य जनता को त्वरित न्याय उपलब्ध कराना है, इसलिए अधिकारी मौके पर उपस्थित होकर शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता से करें। थाना दिवस में तहसीलदार आकृति श्रीवास्तव सहित पुलिस राजस्व विभाग के कार्मिक मौजूद रहे।

## कोर्ट के स्थगन आदेश के बावजूद विवादित भूमि पर निर्माण का आरोप, पीड़ित ने न्याय की लगाई गुहार



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, सलोन, रायबरेली।** थाना डीह क्षेत्र के ग्राम मऊ में सह-खातेदारी की भूमि को लेकर विवाद का मामला सामने आया है। आरोप है कि सह.खातेदारों द्वारा खरीदी गई जमीन पर मकान निर्माण के दौरान दूसरे खातेदार के हिस्से की भूमि पर भी कब्जा कर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। पीड़ित ने तहसील दिवस सहित कई प्रशासनिक अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन सुनवाई न होने पर न्यायालय की शरण ली। न्यायालय ने मामले की गंभीरता को देखते हुए विवादित भूमि पर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया है। जानकारी के अनुसार ग्राम जमालपुर हुरैया निवासी अर्जुन कुमार पुत्र स्वर्गीय जगदेव प्रसाद का ग्राम मऊए परगना रोखा स्थित गाटा संख्या 2832, रकबा 0.093 हेक्टेयर भूमि में सह.खातेदारी दर्ज है। आरोप है कि सह-खातेदार आशुतोष शुक्ला पुत्र दुर्गेश शुक्ल, सुशीला पत्नी दुर्गेश कुमार शुक्ल एवं अमरेश शुक्ल पुत्र भगवान बक्स शुक्ल निवासी ग्राम मऊए थाना डीह द्वारा अपने हिस्से के साथ.साथ अर्जुन कुमार के हिस्से की भूमि पर भी कब्जा कर मकान निर्माण कराया जा रहा है। पीड़ित अर्जुन कुमार का कहना है कि हाईवे के सामने लगभग 48 फीट तथा पीछे करीब 200 फ ीट भूमि है, जिसमें नियमानुसार उसे सामने 24 फ ीट और पीछे 200 फीट हिस्सा मिलना चाहिए। आरोप है कि विपक्षियों ने करीब 6 फीट से अधिक भूमि पर जबरन कब्जा कर लिया है, जिससे उसके हिस्से में बहुत कम भूमि बची है। शेष क्षेत्र नहर पटरी होने के कारण सिंचाई विभाग के अधिकार क्षेत्र में बताया जा रहा है। पीड़ित के अनुसार जब उसे निर्माण कार्य की जानकारी हुई तो उसने थाना, तहसील और जिला प्रशासन से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की, लेकिन कोई प्रभावी सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद उसने सिविल न्यायालय में अर्जुन बनाम आशुतोष आदि, मूलवाद संख्या. 414/2026 दाखिल किया। मामले की सुनवाई के दौरान न्यायालय ने विवादित भूमि पर 28 जुलाई 2026 तक यथास्थिति बनाए रखने का आदेश पारित किया है। पीड़ित का आरोप है कि विपक्षीगण को आदेश की जानकारी होने के बावजूद प्रभाव के बल पर निर्माण कार्य जारी रखा जा रहा है तथा संबंधित राजस्व एवं पुलिस टीम मौके पर जाने से भी बच रही है। हालांकि, इस संबंध में जब सलोन तहसीलदार दीपिका सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामला न्यायालय में विचाराधीन है और संबंधित पक्ष अपने हिस्से की भूमि पर निर्माण कार्य कर रहा है।

## समाधान दिवस पर सुनी गई 9 शिकायतें मोहर्रम को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

**एसडीएम-परंपरागत तरीके से मनाएं पर्व, सीओ-सोशल मीडिया पर अफवाह न फैलाएं**



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, डलमऊ रायबरेली।** कोतवाली डलमऊ में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उपजिलाधिकारी सत्येंद्र सिंह और क्षेत्राधिकारी गिरजा शंकर त्रिपाठी की मौजूदगी में कुल 9 शिकायतें आईं, जिनमें विकास कार्य की 2, राजस्व की 3 और पुलिस से जुड़ी 4 शिकायतें थीं। अधिकारियों ने कुछ शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया और शेष के समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस के बाद मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में दोनों समुदायों के प्रतिनिधि और मोहर्रम आयोजक शामिल हुए। एसडीएम सत्येंद्र सिंह ने कहा कि मोहर्रम का पर्व परंपरागत रीति-रिवाज से ही मनाया जाए।

कोई नई परंपरा शुरू न की जाए। सीओ गिरजा शंकर त्रिपाठी ने अपील की कि सभी लोग भाईचारा बनाए रखें और सोशल मीडिया पर भ्रामक या आपत्तिजनक पोस्ट साझा करने से बचें। कोतवाली प्रभारी राघवन सिंह ने कहा कि डलमऊ की गंगा-जमुनी तहजीब मिसाल है। यहां सभी समुदाय एक-दूसरे के त्योहारों में शरीक होते हैं। अभद्र भाषा या सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। बैठक में कानूनगो रत्नाकर शुक्ला, सदर लेखपाल हरिओम त्रिपाठी, करुणेश मौर्य, करन यादव, मनोज द्विवेदी, राजेंद्र तिवारी, सुनील तथा ग्राम प्रधान कनहा राम अभिलाष यादव, ग्राम प्रधान सलेमपुर कमलेश यादव व ग्राम प्रधान सुंदरलाल समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## साड़ी खरीदने के बहाने ज्वैलर्स से गहने उड़ाने वाली महिला गिरफ्तार



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** थाना भदोखर पुलिस ने ज्वैलरी शॉप से सोने-चांदी के आभूषण चोरी करने वाली शातिर महिला को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से चोरी की टाप्स, लॉकेट और 6 बिछिया बरामद हुई हैं। थानाध्यक्ष के अनुसार ग्राम खनुवाँ निवासी नयन सोनी की कस्बा मुंशीगंज में ज्वैलरी की दुकान है। 11 जून को दोपहर करीब 12. 30 बजे एक महिला दुकान पर गहने देखने आई। काफी देर तक गहने देखने के बाद वह पास की दुकान से साड़ी खरीदने की बात कहकर चली गई। उसके जाने के बाद दुकानदार को गहने गायब मिले। पीड़ित की तहरीर पर थाना भदोखर में मु0अ0सं0.166/2026 धारा-305 ठछै के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर महिला की पहचान रीना साहू पत्नी रामनरेश साहू, निवासी मऊ हरिजन बस्ती, चित्रकूट के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी को चोरी का माल बेचते समय दबोच लिया।

पूछताछ में उसने बताया कि वह घूम-फिरकर इसी तरह छोटी-मोटी चोरियां करती है और माल सस्ते में बेचकर रोजमर्रा का खर्च चलाती है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक जोड़ी सोने की टाप्स, एक लॉकेट और 6 चांदी की बिछिया बरामद की हैं। धारा 317 (2) बीएनएस की बढ़ोतरी कर आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उ0नि0 अनुज कुमार, आरक्षी नरेश पाल, आरक्षी सौरव और महिला आरक्षी अंजली पाल शामिल रहीं।

# नई व्यवस्था : ट्रैफिक जाम में नहीं फंसेगी जान

## एंबुलेंस को रास्ता दिलाएंगे हिमाचल पुलिस के बाइक राइडर



**शिमला।** आपात स्थिति में मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाने के लिए हिमाचल पुलिस ने विशेष व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया है। प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में ट्रैफिक पुलिस के बाइक राइडर गंभीर चिकित्सा आपात परिस्थितियों में एंबुलेंस को ट्रैफिक जाम से सुरक्षित निकालने में मदद करेंगे। पुलिस ने लोगों से भी अपील की है कि एंबुलेंस का सायरन सुनते ही उसे तुरंत रास्ता दें, क्योंकि कुछ मिनटों की देरी भी मरीज की जान पर भारी पड़ सकती है। पुलिस के अनुसार सड़क दुर्घटना, हार्ट अटैक, ब्रेन स्ट्रोक, गंभीर प्रसूति जटिलताओं और अन्य जीवनरक्षक चिकित्सा परिस्थितियों में अस्पताल तक पहुंचने का प्रत्येक मिनट महत्वपूर्ण होता है। ऐसे मामलों में यदि एंबुलेंस ट्रैफिक जाम में फंस जाती है तो मरीज की हालत और गंभीर हो सकती है। इसी को ध्यान में रखते हुए आपात स्थिति में एंबुलेंस को पुलिस एस्कॉर्ट सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए एंबुलेंस चालक, 108 सेवा या अस्पताल का इमरजेंसी विभाग पुलिस कंट्रोल रूम 112 पर सूचना दे सकता है। कंट्रोल रूम मरीज की गंभीरता का संक्षिप्त सत्यापन करने के बाद संबंधित क्षेत्र की ट्रैफिक यूनिट या पुलिस राइडर को अलर्ट जारी करेगा। इसके बाद निकटतम पुलिस दल एंबुलेंस को जाम से निकालकर अस्पताल तक प्राथमिकता के आधार पर पहुंचाने में सहायता करेगा। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि एंबुलेंस को रास्ता देना केवल नैतिक दायित्व ही नहीं, बल्कि कानूनी जिम्मेदारी भी है। मोटर वाहन अधिनियम, 1988 और उससे संबंधित नियमों के अनुसार सभी वाहन चालकों को एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड तथा अन्य आपातकालीन वाहनों को प्राथमिकता देते हुए रास्ता देना अनिवार्य है। चालकों को सुरक्षित तरीके से वाहन को सड़क के किनारे करना चाहिए और एंबुलेंस के लिए मार्ग खाली करना चाहिए।

### 10 हजार जुर्माना और 6 माह की कैद का प्रावधान

वर्ष 2019 में संशोधित मोटर वाहन कानून के तहत एंबुलेंस को रास्ता न देना गंभीर उल्लंघन माना गया है। मोटर वाहन अधिनियम की धारा 194-ई के अनुसार एंबुलेंस या फायर सर्विस वाहन को रास्ता न देने वाले चालक पर 10 हजार रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। वहीं, यदि कोई व्यक्ति जानबूझकर बाधा उत्पन्न करता है या खतरनाक तरीके से वाहन चलाता है तो उसके खिलाफ धारा 184 सहित अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जा सकती है। गंभीर मामलों में छह माह तक की सजा का भी प्रावधान है।

# देश को पहली बार आईएमए से मिलीं नौ महिला सैन्य अफसर



**देहरादून।** देहरादून भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) में शनिवार को एक और इतिहास रचा गया। अकादमी की पासिंग आउट परेड (पीओपी) में पहली बार नौ महिला सैन्य अफसर पासआउट होकर भारतीय सेना का हिस्सा बनीं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मौजूदगी में आयोजित इस ऐतिहासिक

■ **राष्ट्रपति बोलीं- यह बदलती तस्वीर**

समारोह में कुल 515 जेंटलमैन कैडेट्स ने अंतिम पग पार कर सैन्य जीवन की नई शुरुआत की। इनमें 481 भारतीय कैडेट और 16 मित्र देशों के 34 कैडेट शामिल रहे। आईएमए के ऐतिहासिक मैदान में सुबह से ही उत्साह और गौरव का माहौल रहा। परेड की शुरुआत सुबह 6ः40 बजे हुई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चैटवुड भवन पहुंचीं और परेड की सलामी ली। इस दौरान राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.), मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी समेत सेना और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। कदमताल करते हुए कैडेट्स ने सैन्य अनुशासन, समर्पण और राष्ट्रसेवा की भावना का प्रदर्शन किया। परेड का सबसे खास और ऐतिहासिक क्षण वह रहा, जब पहली बार आईएमए से प्रशिक्षित नौ महिला कैडेट्स सैन्य अफसर के रूप में पासआउट हुईं। इस वर्ष की पासिंग आउट परेड में शामिल 515 कैडेट्स में नौ महिला कैडेट्स सहित कुल 481 भारतीय कैडेट थे। इनके अलावा 16 मित्र देशों के 34 कैडेट्स ने भी प्रशिक्षण पूरा किया और अपने-अपने देशों की सेनाओं का हिस्सा बने। परेड के बाद पीपिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया, जिसमें नव नियुक्त सैन्य अधिकारियों के कंधों पर रैंक सजाए गईं। यह दूसरा अवसर है जब किसी महिला राष्ट्रपति ने आईएमए की पासिंग आउट परेड में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इससे पहले पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल भी परेड की सलामी ले चुकी हैं। इस बार की परेड ने न केवल 515 युवा अधिकारियों को सेना को सौंपा, बल्कि पहली बार नौ महिला सैन्य अफसरों के पासआउट होने के साथ भारतीय सैन्य इतिहास में एक नया अध्याय भी जोड़ दिया।

# त्विषा शर्मा केस : डिलीट चैट्स और वॉट्सऐप बैकअप खंगाल रही सीबीआई

## मोबाइल डेटा पर टिकी जांच की अहम कड़ी

**भोपाल।** बहुचर्चित त्विषा शर्मा मौत मामले की जांच अब निर्णायक चरण में पहुंचती नजर आ रही है। मामले की जांच कर रही केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो



त्विषा को इंसाफ कब?

(सीबीआई) ने डिजिटल फोरेंसिक जांच को तेज करते हुए मृतका के लैपटॉप की तकनीकी पड़ताल पूरी कर ली है। अब एजेंसी का पूरा फोकस मोबाइल डेटा, डिलीट चैट्स, कॉल लॉग्स और वॉट्सऐप बैकअप की जांच पर केंद्रित है। सूत्रों के अनुसार सीबीआई घटना से पहले और उसके आसपास की पूरी डिजिटल टाइमलाइन तैयार करने में जुटी हुई है। जांच एजेंसी ने मृतका के मोबाइल की क्लोनिंग पहले ही सुरक्षित तरीके से कर ली थी, ताकि मूल डेटा से किसी प्रकार की छेड़छाड़ न हो। इसके बाद विशेषज्ञ टीम एडवांस डिजिटल फोरेंसिक तकनीकों की मदद से मोबाइल में मौजूद और डिलीट किए गए डेटा को रिकवर करने का प्रयास कर रही है। जांच एजेंसी इस संवेदनशील और हाई-प्रोफाइल मामले में किसी भी निष्कर्ष पर जल्दबाजी में नहीं पहुंचना चाहती। यही वजह है कि हर डिजिटल साक्ष्य की बारीकी से जांच की जा रही है। जानकारी के मुताबिक लैपटॉप की जांच में अब तक मुख्य रूप से कुछ निजी जानकारियां, फोटोग्राफ और मृतका की पूर्व कंपनी से जुड़े कार्य संबंधी दस्तावेज सामने आए हैं। हालांकि एजेंसी को उम्मीद है कि मोबाइल डेटा से कई महत्वपूर्ण तथ्य उजागर हो सकते हैं। इसी कारण विशेषज्ञ लगातार डेटा एनालिसिस में जुटे हुए हैं और हर तकनीकी पहलू की दोबारा पुष्टि की जा रही है। सीबीआई फिलहाल मोबाइल के कॉल लॉग्स, सोशल मीडिया गतिविधियों और विशेष रूप से वॉट्सऐप चैट रिकॉर्ड की गहन पड़ताल कर रही है। बताया जा रहा है कि मोबाइल में बड़ी संख्या में संदेश और चैट मौजूद थे, जिनमें से कई डिलीट किए जा चुके हैं। इन डेटा को रिकवर करने के लिए एजेंसी फोरेंसिक इमेजिंग और क्लोनिंग तकनीक का उपयोग कर रही है। इसके बाद राइट ब्लॉकर टूल की मदद से डेटा को सुरक्षित रखते हुए एनकेस और सेलेब्राइट जैसे एडवांस फोरेंसिक सॉफ्टवेयर के जरिए डिलीट मैसेज, फोटो और चैट को पुनः प्राप्त करने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही वॉट्सऐप बैकअप फाइल्स को डिक्रिप्ट कर उनके कंटेंट की भी जांच की जा रही है।

# जनगणना के आदेशों को चुनौती देंगे शिक्षक

**शिमला।** राजकीय टीजीटी कला संघ ने शिक्षकों को पूर्णकालिक शिक्षण के साथ अंशकालिक जनगणना कार्य सौंपने का विरोध किया है। संघ ने इस मामले को हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय में चुनौती देने का फैसला लिया है। शिक्षकों का कहना है कि उन्हें जनगणना-2027 के लिए असमान समय दिया जा रहा है, जिससे कार्य पूरा करना असंभव होगा। संघ के प्रदेश महासचिव विजय हीर ने बताया कि गैर-शिक्षकों को जो काम आठ घंटे में करना है, वही शिक्षकों को दो से तीन घंटे में एक माह तक करना होगा। उन्होंने 11 जून को हमीरपुर के जिलाधीश से मिलकर पूर्णकालिक जनगणना कार्य के लिए ज्ञापन सौंपा था। हालांकि, जिलाधीश ने 12 जून को जारी पत्र में केवल समीप के वार्ड आवंटित करने की बात कही, जिससे मूल समस्या का समाधान नहीं हुआ। हीर के अनुसार 16 जून से 15 जुलाई 2026 तक गृह गणना का कार्य निर्धारित है।


# लापरवाही में आंगनवाड़ी कर्मी की सेवा समाप्त

## गर्भवती की मौत पर कहा था-चेहरे से नहीं लग रही थी

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में स्पष्ट किया है कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अपने दायित्वों में लापरवाही को इस आधार पर नहीं छिपा सकती कि संबंधित महिला का हाव-भाव देखकर उसे गर्भवती होने का आभास नहीं हुआ था। अदालत

■ **हाई कोर्ट की कड़ी टिप्पणी**

ने गर्भवती महिला की मौत के मामले में सेवा से हटाई गई आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की बर्खास्तगी को सही ठहराते हुए उसकी अपील खारिज कर दी। जस्टिस अश्विनी कुमार मिश्रा और जस्टिस रोहित कपूर की खंडपीठ ने हरियाणा सरकार व अन्य प्रतिवादियों के खिलाफ दायर अपील पर सुनवाई करते हुए कहा कि अपीलकर्ता द्वारा दिया गया स्पष्टीकरण उसकी सेवाओं में गंभीर कमी को उजागर करता है। ऐसे में उसकी संविदात्मक नियुक्ति समाप्त करने के प्रशासनिक निर्णय में कोई खामी नहीं पाई जा सकती। मामले के अनुसार पंचकूला निवासी





कौशल्या देवी अपने निर्धारित क्षेत्र में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के रूप में कार्यरत थी। उसकी जिम्मेदारी क्षेत्र के घरों में जाकर गर्भवती महिलाओं की पहचान करना, उनकी निगरानी करना तथा आवश्यक स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी सेवाओं से जोड़ना था। इसी दौरान उसके कार्यक्षेत्र में रहने वाली एक गर्भवती महिला की मृत्यु हो गई। हैरानी की बात यह रही कि महिला की गर्भावस्था के संबंध में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की ओर से कोई रिपोर्ट या सूचना विभाग को नहीं दी गई थी। सुनवाई के दौरान अपीलकर्ता ने दलील दी कि मृतक के परिवार ने उसे गर्भावस्था के बारे में कुछ जानकारी नहीं दी थी। उसने कारण बताओ नोटिस के जवाब में कहा था कि घर के दौरे के दौरान उसने महिला को छत पर तेजी से जाते और गीला भारी कंबल उठाकर घरेलू काम करते देखा था। उसके अनुसार महिला के हाव-भाव से ऐसा प्रतीत नहीं होता था कि वह गर्भवती है। इस दलील पर कड़ी टिप्पणी करते हुए हाई कोर्ट ने कहा कि यह स्पष्टीकरण पूरी तरह अविश्वसनीय और वास्तविकता से परे है। अदालत ने कहा कि यह जवाब स्वयं दर्शाता है कि अपीलकर्ता अपने कर्तव्यों का निर्वहन अपेक्षित स्तर पर नहीं कर रही थी। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता का दायित्व केवल परिवार से सूचना मिलने का इंतजार करना नहीं, बल्कि सक्रिय रूप से क्षेत्र में गर्भवती महिलाओं की पहचान और निगरानी करना है।

# बच्ची की दवाई लेकर लौट रही महिला पर फेंका तेजाब

## गंभीर हालत में दर्द से कराहती रही पीड़िता

**सागर।** सागर जिले के कैंट थाना क्षेत्र के बिट्ठल नगर कजलीवन मैदान इलाके में शनिवार को दिनदहाड़े एक महिला पर तेजाब फेंक दिया गया। इस सनसनीखेज हमले के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया और चीख-पुकार मच गई। गंभीर रूप से झुलसी महिला को आनन-फानन में जिला अस्पताल ले जाया गया, जहाँ नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, पीड़ित महिला अपनी मासूम बच्ची की तबीयत खराब होने के कारण पास के ही एक मेडिकल स्टोर पर दवाई लेने गई थी। वह दवाई खरीदकर पैदल ही अपने घर वापस लौट रही थी। इसी दौरान रास्ते में घात लगाए बैठे दो अज्ञात नकाबपोश युवकों ने महिला को निशाना बनाया और उस पर तेजाब उड़ेल दिया। बदमाशों द्वारा फेंका गया तेजाब महिला की पीठ पर गिरा, जिससे वह बुरी तरह झुलस गई। दर्द से कराहती महिला की आवाज सुनकर जब तक आसपास के लोग मदद के लिए दौड़ते, तब तक आरोपी मौके से रफूचक्कर हो चुके थे।

# दिल्ली में महंगाई का एक और झटका

**नई दिल्ली।** दिल्ली बिजली नियामक आयोग (डीईआरसी) ने फ्यूल सरचार्ज बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। आयोग ने दिल्ली की बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) को मंजूरी दी है। राहत की बात यह है कि जिन घरेलू उपभोक्ताओं की





■ **500 यूनिट से अधिक बिजली खर्च पर बढ़ेंगी दरें**

■ **डीईआरसी ने दी मंजूरी**

मासिक बिजली खपत 500 यूनिट तक है, उन्हें इस बढ़ोतरी का कोई अतिरिक्त बोझ नहीं उठाना पड़ेगा। इस निर्णय से 500 यूनिट से ज्यादा बिजली इस्तेमाल करने वाले ग्राहकों पर जरूर असर पड़ेगा। ऐसे ग्राहकों के लिए बिजली की दरें 1 से 3.30 फीसदी तक बढ़ जाएंगी। हालांकि, सब्सिडी पाने वाले ग्राहकों पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। इनमें वे ग्राहक शामिल हैं जो 200 से 500 यूनिट तक बिजली का उपयोग करते हैं। अधिकारियों के अनुसार, यह फैसला बिजली उत्पादन और ईंधन की बढ़ती लागत को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। डीईआरसी का कहना है कि आम घरेलू उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए 500 यूनिट तक की खपत को इस बढ़ोतरी से बाहर रखा गया है। इससे बड़ी संख्या में परिवारों के बिजली बिल पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

# जम्मू-कश्मीर से अफस्पा हटाने की मांग

## सीएम के सलाहकार बोले स्थिति में काफी सुधार आया

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री के सलाहकार नासिर असलम वानी ने शनिवार को कहा कि यदि केंद्र सरकार देश के किसी भी हिस्से से सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम (एएफएसपीए) हटाने पर विचार

■ **राज्य का दर्जा बहाली का भी इंतजार**

करती है, तो इसकी शुरुआत सबसे पहले जम्मू-कश्मीर से होनी चाहिए। श्रीनगर में एक कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बातचीत में वानी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति में काफी सुधार हुआ है और ऐसे में केंद्र सरकार को यहां से एएफएसपीए हटाने पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। हमारी इच्छा है और हम केंद्र सरकार से अपील करते हैं कि एएफएसपीए को सबसे पहले जम्मू-कश्मीर से हटाया जाए। जमीनी स्तर पर हालात काफी बेहतर हुए हैं और इसकी शुरुआत यहीं से होना बेहतर रहेगा। जम्मू-कश्मीर में जुलाई 1990 से एएफएसपीए लागू है। उस समय बढ़ती आतंकवादी गतिविधियों और उग्रवाद से निपटने के लिए केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर को



अशांत क्षेत्र घोषित किया था। वर्तमान में यह कानून नागालैंड, मणिपुर, असम और अरुणाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों में भी लागू है। राज्य का दर्जा बहाल किए जाने के सवाल पर वानी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर सरकार को केंद्र सरकार के वादे पर भरोसा है। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया शुरू होने के समय केंद्र ने तीन चरणों की योजना बताई थी, जिसमें पहले परिसीमन, फिर विधानसभा चुनाव और उसके बाद राज्य का दर्जा बहाल करने की बात कही गई थी। परिसीमन और चुनाव की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और अब जम्मू-कश्मीर के लोग राज्य का दर्जा बहाल किए जाने के तीसरे वादे के पूरा होने का इंतजार कर रहे हैं।

# प्रेमी बाइक चलाता था प्रेमिका मोबाइल झपटती

**नई दिल्ली।** पूर्वी जिले की एंटी स्नैचिंग एंड बर्गलरी (एएसबी) सेल ने एक नाबालिग को पकड़कर झपटमारी और चोरी के 13 मामलों का खुलासा किया है। आरोपी अपनी प्रेमिका के साथ मिलकर पूर्वी दिल्ली और आसपास के इलाकों में मोबाइल झपटमारी की वारदातों को अंजाम देता था। वह बाइक चलाता था, जबकि पीछे बैठी उसकी प्रेमिका राह चलते लोगों के हाथ से मोबाइल झपटकर फरार हो जाती थी। पूर्वी जिले के डीसीपी राजीव कुमार ने बताया कि आठ जून को आईपी एक्सटेंशन निवासी मीनू गुप्ता का मोबाइल मधु विहार इलाके में झपट लिया था। घटना के समय एक युवक बाइक चला रहा था और पीछे बैठी युवती ने उनका मोबाइल छीन लिया था। अगले दिन गाजीपुर निवासी शैली यादव भी इसी गिरोह का शिकार हुईं। आईपी एक्सटेंशन मेट्रो स्टेशन के पास बाइक सवार युवक-युवती ने उनका मोबाइल झपट लिया था। डीसीपी ने बताया कि दोनों मामलों की जांच के दौरान एएसबी सेल ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्य और मुखबिरों की सूचना के आधार पर गाजीपुर गांव से एक किशोर को पकड़ लिया। उसके कब्जे से 11 चोरी के मोबाइल फोन, 3,500 रुपये नकद, वारदात में इस्तेमाल की गई हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल, अपराध के दौरान पहने गए कपड़े और जूते बरामद किए गए।

# एक नजर

## सात महीने बाद सुलझी किशोरी के अपहरण की गुत्थी

**उज्जैन।** उज्जैन के थाना पवासा पुलिस ने अपहृत नाबालिग बालिकाओं की तलाश अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। करीब सात महीने पहले लापता हुई 16 वर्षीय किशोरी को राजगढ़ जिले के पचोर रेलवे स्टेशन के पास से सुरक्षित बरामद किया गया है। पुलिस ने मामले में आरोपी सागर उर्फ रामसागर केवट को गिरफ्तार कर लिया है। जांच के बाद आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट की धाराएं भी जोड़ दी गई हैं। पुलिस के अनुसार, 22 फरवरी 2025 को एक महिला ने थाना पवासा में अपनी नाबालिग बेटी के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। महिला ने बताया था कि वह अपनी दो बेटियों के साथ गलपुरा स्थित रिश्तेदार के घर रुकी हुई थी। 21 फरवरी की रात करीब 9 बजे उसकी 16 वर्षीय बेटी बाथरूम जाने की बात कहकर नीचे गई थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी उनि गमर सिंह मण्डलोई के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों, मोबाइल लोकेशन और मुखबिर तंत्र की मदद से लगातार तलाश अभियान चलाया। जांच के दौरान टीम राजगढ़ जिले तक पहुंची। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि एक नाबालिग लड़की और एक संदिग्ध युवक पचोर रेलवे स्टेशन के आसपास मौजूद हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर कार्रवाई की और किशोरी को सुरक्षित बरामद कर लिया। पुलिस ने किशोरी को आरोपी सागर उर्फ रामसागर केवट (23) निवासी गोपालपुर, सारंगपुर, जिला राजगढ़ के कब्जे से मुक्त कराया। आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया।

## अमृतसर से माता वैष्णो देवी जाना होगा आसान

### 16 जून से फिर दौड़ेगी वंदे भारत एक्सप्रेस

**अमृतसर।** अमृतसर से श्री माता वैष्णो देवी कटरा के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस 16 जून से दोबारा शुरू होने जा रही है। करीब सात महीने के अंतराल के बाद ट्रेन सेवा बहाल होने से श्रद्धालुओं और यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलेगी। रेलवे प्रशासन ने ट्रेन का नया रूट और समय-सारिणी भी जारी कर दी है। नई व्यवस्था के तहत ट्रेन अब गुरदासपुर और बटाला होकर संचालित होगी। इससे इन क्षेत्रों के यात्रियों को भी सीधे वंदे भारत सेवा का लाभ मिलेगा। रेलवे ने ट्रेन का साप्ताहिक अवकाश दिवस भी बदल दिया है। अब यह ट्रेन शनिवार को नहीं चलेगी और सप्ताह में छह दिन संचालित होगी। रेलवे द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार ट्रेन संख्या 26405 अमृतसर से शाम 4.25 बजे रवाना होगी और रात 10 बजे श्री माता वैष्णो देवी कटरा पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 26406 कटरा से सुबह 6.40 बजे प्रस्थान कर दोपहर करीब 12.20 बजे अमृतसर पहुंचेगी। यात्रा का समय लगभग पांच घंटे 35 मिनट रहेगा। नए रूट पर ट्रेन के प्रमुख ठहराव बटाला, गुरदासपुर, पठानकोट और जम्मू तवी स्टेशन होंगे। इससे पंजाब और जम्मू-कश्मीर के बीच रेल संपर्क और मजबूत होगा। रेलवे अधिकारियों के अनुसार सेवा बहाल होने से माता वैष्णो देवी जाने वाले श्रद्धालुओं को तेज, सुरक्षित और आरामदायक यात्रा का विकल्प मिलेगा।

## कुंभ गर्ल मोनालिसा की याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई

### कोर्ट से कहा-जन्म संबंधी रिकार्ड में बदलाव

**इंदौर।** खरगोन जिले के महेश्वर में रहने वाली वायरल गर्ग मोनालिसा भोसले की याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई है। मोनालिसा के वकील ने कहा कि शादी वैध है और मोनालिसा बालिग हैं। उनके जन्म संबंधी रिकॉर्ड में बदलाव किया गया है, ताकि शादी को अवैध बताया जा सके। सरकार के वकील ने कहा कि मोनालिसा की याचिका में कुछ गलतियाँ हैं। कोर्ट ने मोनालिसा को गलतियों को सुधारने का समय दिया है और सुनवाई की तारीख 23 जून तय की है। कुंभ गर्ल ने कहा कि उन्होंने बालिग होने के बाद शादी की है। परिजन जिन दस्तावेजों का हवाला दे रहे हैं, वे उनके छोटे भाई के दस्तावेज हैं, जिन्हें उनके नाम पर बताकर उनकी शादी को अवैध ठहराने की कोशिश की जा रही है। प्रयागराज महाकुंभ में वायरल हुए वीडियो से मोनालिसा चर्चा में आई थीं। इसके बाद उन्होंने फिल्मों में काम करना शुरू कर दिया। केरल में शूटिंग के दौरान एक युवक से उन्हें प्यार हुआ और दोनों ने ढाई महीने पहले शादी कर ली। शादी को लेकर मोनालिसा के परिजन विरोध में थे और उन्होंने कम उम्र का हवाला देकर शादी को अवैध ठहराया। इसके बाद खरगोन पुलिस ने युवक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया था। मोनालिसा महेश्वर के घाट पर माला बेचती थीं और ज्यादा पढ़ी-लिखी भी नहीं हैं।

# बारिश, तेज हवाओं ने किया मौसम सुहाना



**नई दिल्ली।** मौसम विभाग के अलर्ट के मुताबिक दिल्ली-एनसीआर में बारिश हो रही है। गरज-चमक के बीच हवाएं तेज हैं। इससे भीषण गर्मी के बीच मौसम सुहाना हो गया है। भारत मौसम

■ **बिजली गिरने की आशंका**

विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दिल्ली-एनसीआर समेत हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान के कई जिलों के लिए तत्काल मौसम चेतावनी जारी की थी। विभाग ने दिल्ली और पूरे एनसीआर क्षेत्र में धूल भरी आंधी के बाद गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना जताई थी। जानकारी के अनुसार दिल्ली में 30 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चली हैं। मौसम विभाग ने बताया कि इस दौरान 60 से 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज और झोंकेदार हवाएं चल सकती हैं। कई स्थानों पर बिजली गिरने की भी आशंका जताई गई है। खराब मौसम को देखते हुए लोगों को खुले स्थानों, पेड़ों और कमजोर संरचनाओं से दूर रहने की सलाह दी गई है। चेतावनी में हरियाणा के कुरुक्षेत्र, करनाल, कैथल, जींद, पानीपत, हिसार, रोहतक, सोनीपत, भिवानी, चरखी दादरी, झज्जर, रेवाड़ी, महेंद्रगढ़, पलवल, नूंह और नारनौल समेत कई जिलों को शामिल किया गया है। वहीं उत्तर प्रदेश के शामली, कांधला, बड़ौत, बागपत, खेकड़ा, नंदगांव और बरसाना क्षेत्रों में भी मौसम अचानक बदलने की संभावना जताई गई है।

# छेड़छाड़ से परेशान छात्रा ने लगाई फांसी

## एक महीने पहले पुलिस ने आरोपी पर दर्ज नहीं की थी एफआईआर

**इंदौर।** इंदौर के परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह 12वीं कक्षा में पढ़ने वाली एक 17 वर्षीय छात्रा ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस आत्मघाती कदम के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना की जानकारी मिलते ही छात्रा के परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने इस मामले में क्षेत्र के ही एक युवक पर गंभीर आरोप लगाए हैं, जिनका कहना है कि युवक की प्रताड़ना से तंग आकर ही नाबालिग ने यह कदम उठाया। छात्रा की मौत के बाद परिजनों और कुलकर्णी भट्टा क्षेत्र के स्थानीय निवासियों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित लोगों और परिजनों ने आरोपी युवक के खिलाफ तत्काल सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर छात्रा के शव को बीच सड़क पर रख दिया और चक्काजाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। मृतक छात्रा के परिजनों ने पुलिस प्रशासन पर भी गंभीर लापरवाही बरतने के आरोप लगाए हैं। परिजनों के अनुसार, छात्रा ने करीब एक महीना पहले ही परदेशीपुरा थाने में आरोपी युवक नमन कामले के खिलाफ एक लिखित शिकायत दर्ज कराई थी।

# पाकिस्तानी हैंडलर्स के संपर्क में था फराज

**भोपाल/सहारनपुर।** मध्य प्रदेश आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) ने एक बड़े राष्ट्रविरोधी नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए भोपाल के काजी कैंप और उत्तर प्रदेश के सहारनपुर से दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहम्मद फराज (भोपाल) और नईम

■ **जिहादी ट्रेनिंग की थी तैयारी, फर्जी पासपोर्ट भी बनवाया**

अब्दुल्ला (देवबंद, सहारनपुर) के रूप में हुई है। जांच एजेंसियों के अनुसार दोनों पिछले छह वर्षों से एक-दूसरे के संपर्क में थे और कथित रूप से पाकिस्तानी हैंडलर्स के संपर्क में रहकर भारत में किसी बड़ी साजिश को अंजाम देने की तैयारी कर रहे थे। नईम फिलहाल उत्तर प्रदेश एटीएस की हिरासत में है। वहीं भोपाल से गिरफ्तार मोहम्मद फराज को अदालत में पेश कर 16 जून तक एटीएस रिमांड पर लिया गया है, जहां उससे गहन पूछताछ की जा रही है। एटीएस की जांच में सामने आया है कि फराज टेलीग्राम और व्हाट्सएप ग्रुपों के माध्यम से पाकिस्तान समेत कई देशों के कट्टरपंथी तत्वों के संपर्क में था। उसके मोबाइल फोन से पाकिस्तान से भेजे गए कई आपत्तिजनक और देशविरोधी दस्तावेज बरामद होने का दावा किया गया है। सूत्रों के अनुसार वह मध्य प्रदेश के स्थानीय युवाओं को प्रभावित कर उनका एक नेटवर्क तैयार करने का प्रयास कर रहा था, ताकि कथित रूप से देशविरोधी गतिविधियों को अंजाम दिया जा सके। इस नेटवर्क के दूसरे अहम सदस्य 38 वर्षीय नईम अब्दुल्ला को भोपाल एटीएस ने उत्तर प्रदेश एटीएस और एसटीएफ की सहायता से सहारनपुर जिले के नानौता कस्बे से गिरफ्तार किया। जांच एजेंसियों के मुताबिक नईम अधिकांश समय अपने घर में ही रहता था। उसके कमरे से बड़ी मात्रा में धार्मिक साहित्य, पुस्तकें और मोबाइल फोन से संदिग्ध सामग्री बरामद हुई है। फिलहाल दर्ज एफआईआर में फराज और नईम को नामजद किया गया है, हालांकि एटीएस का मानना है कि पूछताछ में इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के नाम भी सामने आ सकते हैं।

# इस हफ्ते सोने-चांदी में गिरावट रही

## चांदी की कीमत 14326 कम होकर 2.43 लाख किलो हुई, सोना 6438 सस्ता हुआ



**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में इस हफ्ते गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 6,438 रुपए गिरकर 1.48 लाख रुपए हो गया है। इससे पहले ये बीते हफ्ते यानी 6 जून को 1.54 लाख रुपए पर था। वहीं, चांदी 2.57 लाख रुपए किलो से गिरकर 2.43 लाख रुपए पर आ गई है। यानी इसकी कीमत 14,326 रुपए कम हुई।

**ऑल टाइम हाई से 28 हजार गिरा सोना–** इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। 31 दिसंबर 2025 को सोने के दाम 1.33 लाख रुपए थे, जो 29 जनवरी को बढ़कर 1.76 लाख रुपए के सबसे ऊपरी स्तर पर पहुंच गए थे। तब से अब तक सोना 28 हजार रुपए सस्ता हो चुका है। वहीं, चांदी की कीमत 31 दिसंबर 2025 को 2.30 लाख रुपए थी, जो 29 जनवरी को 3.86 लाख रुपए के ऑलटाइम हाई पर पहुंच गई थी। तब से अब तक 135 दिन में चांदी 1.43 लाख रुपए सस्ती हो गई है।

**गिरावट के मुख्य कारण– मेटल छोड़कर कैश पर भरोसा**

आमतौर पर जंग के माहौल में सोने-चांदी के दाम बढ़ते हैं, लेकिन इस बार स्थिति थोड़ी अलग है-

कैश की बचत- मिडिल ईस्ट जंग के कारण निवेशक जोखिम नहीं लेना चाह रहे हैं। वे अपने गोल्ड और सिल्वर को बेचकर %कैश% इकट्ठा कर रहे हैं ताकि अनिश्चितता के समय उनके पास लिक्विड मनी रहे।

**प्रॉफिट बुकिंग–** जनवरी में कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थीं, इसलिए बड़े निवेशकों ने ऊंचे दामों पर अपनी होल्डिंग बेचना शुरू कर दिया, जिससे बाजार में सप्लाई बढ़ गई और कीमतें गिर गईं।

# मस्क का ट्रिलियन डॉलर सफर, पाकिस्तान जैसे दो देशों की जीडीपी से ज्यादा स्पेसएक्स मुखिया की नेटवर्थ

**नई दिल्ली।** इंसानों की ओर से होने वाले व्यापार के इतिहास में जो कभी नहीं हुआ, वह अब हो गया है। टेस्ला के सीईओ एलन मस्क दुनिया के पहले ट्रिलियनेयर बन गए हैं। यह एक ऐसी अकल्पनीय संपत्ति है, जिसकी तुलना अब किसी अन्य व्यक्ति से नहीं, बल्कि सीधे कई देशों की कुल अर्थव्यवस्था (जीडीपी) से हो रही है। उनकी संपत्ति का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि उनकी नेटवर्थ में हमारे पड़ोसी पाकिस्तान जैसे दो देश आराम से समा सकते हैं। आखिर मस्क इतनी बड़ी संपत्ति के मालिक कैसे बन गए हैं और एक ट्रिलियन डॉलर संपत्ति का मतलब क्या है?

**मस्क अचानक ट्रिलियनेयर बनने के इतने करीब कैसे पहुंच गए?**

एलन मस्क के पास वर्तमान में टेस्ला के सीईओ के रूप में लगभग 273 बिलियन डॉलर (25.93 लाख करोड़ रुपये) की संपत्ति है। ब्लमबर्ग के अनुसार उनकी सभी कंपनियों में उनकी हिस्सेदारी के हिसाब से उनकी कुल नेटवर्थ करीब 703 अरब डॉलर के करीब थी। लेकिन असली गेमचेंजर उनकी रॉकेट और एआई कंपनी स्पेसएक्स का आईपीओ साबित हुई। रॉकेट और सैटेलाइट बनाने वाली कंपनी स्पेसएक्स ने 55.56 करोड़ (555.6 मिलियन) शेयर बेचकर अपने आईपीओ से 75 अरब डॉलर जुटाए हैं। इस भारी-भरकम निवेश के बाद कंपनी का कुल मूल्यांकन 1.77 ट्रिलियन (168.15 लाख करोड़ रुपये) डॉलर हो गया है। यह शेयर बाजार के इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा आईपीओ है।। चूंकि मस्क के पास कंपनी के लगभग आधे शेयर हैं, इसलिए इस आईपीओ से उनकी संपत्ति में सीधे 841 बिलियन डॉलर (79.89 लाख करोड़ रुपये) का इजाफा हो गया है। इन दोनों कंपनियों को मिलाकर उनकी कुल संपत्ति 1.11 ट्रिलियन डॉलर (105.45 लाख करोड़ रुपये) तक पहुंच गई है।

**एक ट्रिलियन डॉलर आखिर कितनी बड़ी रकम होती है?**

एक ट्रिलियन डॉलर (करीब 95 लाख करोड़ रुपये) का मतलब है एक हजार बिलियन (यानी एक लाख करोड़ डॉलर)। इसे आम इंसान के नजरिए से समझना लगभग नामुमकिन है। अगर आप हर दिन, हर घंटे 1 मिलियन डॉलर (9.5 करोड़ रुपये) खर्च करें, तो भी 1 ट्रिलियन डॉलर (95 लाख करोड़ रुपये) खर्च करने में आपको 100 साल (एक सदी) से ज्यादा का वक्त लग जाएगा। हालांकि, मस्क की यह दौलत बैंक में रखे नकद के रूप में नहीं है, बल्कि यह शेयरों में दर्ज कागजी संपत्ति है, जो पूरी तरह से निवेशकों के भविष्य के मूल्यांकन पर टिकी है।

**क्या मस्क की दौलत सच में कई देशों की अर्थव्यवस्था से ज्यादा हो जाएगी?**

बिल्कुल- अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के अनुसार, दुनिया में केवल 20 देश ऐसे हैं जिनकी अर्थव्यवस्था 1.1 ट्रिलियन डॉलर से बड़ी है। मस्क की कुल अनुमानित दौलत दुनिया के अधिकांश देशों की जीडीपी से ज्यादा है। इनमें ताइवान का 977 बिलियन (92.81 लाख करोड़ रुपये), आयरलैंड का 779 बिलियन डॉलर (74.00 लाख करोड़ रुपये), स्वीडन का 760 बिलियन डॉलर (72.20 लाख करोड़ रुपये), सिंगापुर का 660 बिलियन डॉलर (62.70 लाख करोड़ रुपये) और मस्क का गृह देश दक्षिण अफ्रीका का 480 बिलियन डॉलर (45.60 लाख करोड़ रुपये) शामिल हैं।



य ही नहीं, अमेरिका के प्रमुख वित्तीय केंद्र मैनहट्टन की साल 2024 की पूरी जीडीपी भी लगभग 1 ट्रिलियन डॉलर (95 लाख करोड़ रुपये) है, जो मस्क की संभावित नेटवर्थ से कम है। इसके अलावा टेक्सास के शहर ह्यूस्टन की सभी आवासीय और वाणिज्यिक संपत्तियों की कुल कीमत 879 बिलियन डॉलर (83.50 लाख करोड़ रुपये) है, जिसे मस्क अकेले खरीद सकते हैं।

# भारत वैश्विक झटकों से निपटने को तैयार, आर्थिक बुनियाद मजबूत : अनंत नागेश्वरनमुख्य

**नई दिल्ली।** आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन ने कहा है कि भारत का बाहरी क्षेत्र अब काफी मजबूत हो गया है। देश की व्यापक आर्थिक बुनियाद वैश्विक झटकों का सामना करने के लिए बेहतर स्थिति में है। एक आयोजन के दौरान नागेश्वरन ने बताया कि बाहरी क्षेत्र के जोखिमों में काफी कमी आई है। भारतीय रिजर्व बैंक को रुपये को संभालने के लिए विदेशी मुद्रा भंडार का उपयोग करने का दबाव भी कम है। उन्होंने कहा कि बाहरी मोर्चे पर सबसे कठिन दौर अब पीछे छूट चुका है। हाल के वैश्विक संकटों के दौरान विवेकपूर्ण आर्थिक प्रबंधन और समय पर नीतिगत हस्तक्षेपों से यह बेहतर स्थिति बनी है। नागेश्वरन ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारतीय रिजर्व बैंक के 6.6 प्रतिशत सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि अनुमान का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत की आर्थिक स्थिति नियंत्रण में है।

**क्या भारत आठ प्रतिशत वृद्धि दर हासिल कर पाएगा?**

%विकसित भारत% के लक्ष्य को हासिल करने के लिए देश को लंबे समय तक लगभग आठ प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर बनाए रखनी होगी। नागेश्वरन ने यह बात कही। हालांकि, उन्होंने कुछ संभावित चुनौतियों का भी जिक्र किया। यदि पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव लंबे समय तक बना रहता है, तो आर्थिक वृद्धि पर असर पड़ सकता है। कच्चे तेल की कीमतें लगातार 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर रहने पर भी विकास दर प्रभावित होगी। ऐसी स्थिति में वृद्धि दर घटकर करीब छह प्रतिशत तक आ सकती है।

**रोजगार और तकनीक का भविष्य क्या है–**रोजगार और तकनीक के विषय पर नागेश्वरन ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता क्षेत्र में नए अवसर पैदा करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को ऐसे कौशल विकसित करने होंगे जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता के साथ काम कर सकें। इससे वे स्वचालन के कारण होने वाले बदलावों से कम प्रभावित होंगे। नीति आयोग के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमिताभ कांत ने भी कृत्रिम बुद्धिमत्ता की तैयारी पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भविष्य में कृत्रिम बुद्धिमत्ता एक सामान्य तकनीक बन जाएगी। भारत को इस क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व के लिए मजबूत प्रतिभा आधार और बड़े आंकड़े संसाधन चाहिए।

**अर्थव्यवस्था को कौन से क्षेत्र देंगे सहारा–** मुख्य आर्थिक सलाहकार ने बताया कि सूचीबद्ध कंपनियों ने निवेश बढ़ाना शुरू कर दिया है। यह निजी पूंजीगत व्यय चक्र में सुधार का संकेत देता है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था से भी विकास को समर्थन मिलने की उम्मीद है। नागेश्वरन ने आगामी खरीफ सीजन को लेकर सकारात्मक रुख जताया।



# पाकिस्तान में पेट्रोल 4 और डीजल 2 रुपया सस्ता

## पेट्रोल 373.78 और हाई-स्पीड डीजल 378.78 रुपया लीटर हुआ, नई कीमतें कल से लागू

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान सरकार ने पेट्रोल की कीमत में 4 रुपया और हाई स्पीड डीजल (ह्रष्ठ) के दाम में 2 रुपया की कटौती की है। इससे यहां एक लीटर पेट्रोल की कीमत 373.78 रुपया (पाकिस्तानी रुपया) और डीजल की कीमत 378.78 रुपया प्रति लीटर पर आ गई हैं। नई कीमतें आज यानी 13 जून से लागू हो गई हैं।



**पांच हफ्तों में कुल 41 रुपया प्रति लीटर कम हुए दाम**

पांच हफ्तों में पेट्रोल की कीमत कुल मिलाकर 41 रुपया प्रति लीटर कम हो चुकी है। इससे पहले यानी पिछले हफ्ते भी सरकार ने पेट्रोल की कीमतों में 4 रुपया प्रति लीटर की कटौती की थी, हालांकि उस समय हाई-स्पीड डीजल (ह्रष्ठ) के दाम में कोई बदलाव नहीं किया गया था और वह 380.78 रुपया पर स्थिर था।

**ईंधन की कीमतों पर टैक्स का भारी बोझ–** पाकिस्तान सरकार पेट्रोल पर कुल 125 रुपया प्रति लीटर का टैक्स वसूल रही है। इस टैक्स में पेट्रोलियम लेवी, कस्टम ड्यूटी और क्लाइमेट लेवी जैसी चीजें शामिल हैं। वहीं अगर हाई-स्पीड डीजल (ह्रष्ठ) की बात करें तो इस पर सरकार प्रति लीटर करीब 100 रुपया का टैक्स लगा रही है। इसमें कस्टम ड्यूटी, पेट्रोलियम लेवी और क्लाइमेट सपोर्ट लेवी के साथ-साथ इनलैंड फ्रेड इक्वलाइजेशन मार्जिन (ढ्ढस्नश्वरू) भी शामिल है।

**हर हफ्ते शुक्रवार रात को तय हो रहे दाम**

पाकिस्तान सरकार पिछले कुछ समय से हर हफ्ते शुक्रवार रात को पेट्रोलियम कीमतों की समीक्षा कर रही है। दरअसल, 28 फरवरी से अमेरिका और ईरान के बीच शुरू हुए युद्ध के बाद से ही पाकिस्तान में ईंधन संकट है।

## खाने-पीने की चीजों की पैकिंग में हो रहा पिन और तार का इस्तेमाल

**नई दिल्ली।** भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने शुक्रवार को खाद्य व्यापार संचालकों (एफबीओ) को निर्देश किया है कि तत्काल प्रभाव से मेटल की पिन, स्टेपल पिन, वायर और अन्य इसी प्रकार की अन्य चीजों का इस्तेमाल खाने-पीने के उत्पादों को पैक करने और सुरक्षित रखने के लिए न करें, क्योंकि इससे ग्राहकों की सुरक्षा को लेकर खतरा पैदा हो रहा है। खाद्य नियामक ने कहा कि यह बात सामने आई है कि सजावटी केक के साथ-साथ खाने के पैकेट, केक बॉक्स, मिठाई के डिब्बे, स्नैक पाउच, टेकअवे फूड पार्सल और खाने के दूसरे पैकेजों को पैक करने के लिए भी मेटल की पिन और तारों का इस्तेमाल किया जा रहा है। एफएसएसएआई ने कहा है कि ऐसे कई मामले सामने आए हैं जिनमें केक और खाने के पैकेट में मेटल के टुकड़े या स्टेपल पिन मिले हैं। ऐसे मामलों से खाने की सुरक्षा को लेकर बड़ा खतरा पैदा होता है, क्योंकि ग्राहक अनजाने में इन धातु की चीजों को खा सकते हैं, जिससे उन्हें चोट लग सकती है या सेहत पर बुरा असर पड़ सकता है।

# देश में ऊर्जा की कमी नहीं, एलपीजी-तेल आपूर्ति की स्थिति संतोषजनक : पुरी

**नई दिल्ली।** पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शनिवार को कहा कि देश में ऊर्जा की कोई कमी नहीं है और कच्चे तेल, एलपीजी एवं प्राकृतिक गैस की आपूर्ति स्थिति 'काफी संतोषजनक' है। पुरी ने लुधियाना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि जहां कई देशों में ईंधन की कीमतों में भारी बढ़ोतरी हुई है, वहीं भारत में मई 2022 से मई 2026 के बीच दरों में 3.1 प्रतिशत की गिरावट आई है। उन्होंने कहा कि ईरान संकट के कारण दुनिया भर में तेल की कीमतें बढ़ी हैं। मई 2022 से मई 2026 के दौरान विभिन्न देशों में ईंधन की कीमतों के आंकड़े साझा करते हुए पुरी ने कहा कि इस अवधि में पाकिस्तान में पेट्रोल की कीमतें 70 प्रतिशत, श्रीलंका में 66 प्रतिशत, फ्रांस में 47 प्रतिशत, इटली में 46 प्रतिशत, बांग्लादेश में 36 प्रतिशत और अमेरिका में 35 प्रतिशत बढ़ी हैं। उन्होंने कहा, 'इसके उलट भारत में मई 2022 से मई 2026 के बीच कीमतें 3.1 प्रतिशत कम हो गईं। एक तरफ जहां दुनिया में कीमतें 70-80 प्रतिशत तक बढ़ीं, वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यहां कीमतों में 3.1 प्रतिशत की कटौती की।' केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा नवंबर 2021, मई 2022 और अब हाल ही में, तीन बार केंद्रीय उत्पाद शुल्क में कटौती किए जाने के बाद ईंधन की कीमतों में गिरावट आई है। पुरी ने कहा, 'कुछ सप्ताह पहले ही पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में 10 रुपये प्रति लीटर की कटौती की गई थी।' उन्होंने कहा कि इस कटौती से सरकारी बजट पर एक लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ा। उन्होंने कहा कि जापान के अलावा भारत में ईंधन कीमतों में सबसे कम वृद्धि दर्ज की गई। भारत में ईंधन कीमतों में 7.6 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है। उन्होंने एक प्रश्न के जवाब में कहा कि डीजल की बिक्री को प्रति दिन 200 लीटर तक सीमित करना कालाबाजारी को रोकने के लिए किया गया है। पुरी ने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा कि देश में ऊर्जा आपूर्ति की स्थिति 'काफी संतोषजनक' है। उन्होंने कहा, हमारे पास 60 दिनों से अधिक का कच्चे तेल का भंडार है और प्राकृतिक गैस का भी 60 दिनों से ज्यादा का स्टॉक उपलब्ध है। इसके अलावा रसोई गैस (एलपीजी) की स्थिति भी पूरी तरह सामान्य है। देश में एलपीजी का अधिकतम भंडार 75 से 80 दिनों का है।



# महंगाई ने तोड़ा 16 महीने का रिकॉर्ड, टमाटर-अदरक ने बिगाड़ा रसोई का बजट

**नई दिल्ली।** इस तपती गर्मी में सिर्फ मौसम का पारा ही नहीं चढ़ रहा है, आपके घर का मासिक बजट और रसोई का खर्च भी बढ़ रहा है। शुक्रवार को जारी हुए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित महंगाई के आधिकारिक आंकड़ों ने साफ कर दिया है कि आम आदमी की जेब पर चौतरफा बोझ बढ़ रहा है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, मई में खुदरा महंगाई दर बढ़कर 16 महीनों के उच्च स्तर पर पहुंच गई।?इसकी प्रमुख वजह चांदी और सोने के गहनों के साथ?टमाटर एवं अदरक की कीमतों में तेल उछाल है। अगर खाद्य महंगाई के आंकड़े देखें, तो यह और भी डरावना है। खाद्य महंगाई बीते माह बढ़कर 4.78 फीसदी पर पहुंच गई, जो अप्रैल में 4.20 फीसदी थी।

**महंगाई बढ़ने की सबसे बड़ी वजह–**महंगाई बढ़ने के पीछे सबसे बड़ा हाथ खाने-पीने की चीजों और व्यक्तिगत रखरखाव के खर्च का है। आंकड़ों के मुताबिक, व्यक्तिगत देखभाल, सामाजिक सुरक्षा और अन्य विविध वस्तुओं एवं सेवाओं की श्रेणी में महंगाई में सालाना आधार पर 18.46 फीसदी की रिकॉर्ड बढ़ोतरी हुई है। रेस्टोरेंट-होटल जैसी सेवाएं 5.75 फीसदी और पान-तंबाकू 4.83 फीसदी महंगे हुए?हैं, जिसने आम आदमी का खर्च बढ़ा दिया है।

**इन चीजों ने बढ़ाया संकट**

चांदी के गहने ‒ यहां महंगाई का विस्फोट हुआ है और कीमतें एक साल पहले की तुलना में 155.23 फीसदी महंगी हो चुकी हैं।

टमाटर ‒ रसोई के राजा टमाटर के दाम 48.43 फीसदी चढ़ चुके हैं।

सोने, हीरे और प्लेटिनम के आभूषण ‒ इनकी महंगाई दर भी 40.93 फीसदी पहुंच गई है।

अदरक ‒ चाय का स्वाद कड़वा करते हुए यह 32.49 फीसदी महंगा।

किशमिश-मुनक्का ‒ सूखे मेवे भी 21.97 फीसदी महंगे बिक रहे हैं।

**यहां राहत**

बढ़ती महंगाई के बीच आलू (-23.71त्न), हरी मटर (-11.47), मोटर कार एवं जीप (-7.19त्न), जीरा (-4.59त्न) और मोटर साइकिल-स्कूटर (-3.56त्न) की कीमतों में सालाना आधार पर गिरावट आई है। शहरों से ज्यादा गांवों में बढ़ी महंगाई

बीते माह ग्रामीण महंगाई 4.25 फीसदी पर पहुंच गई, जबकि शहरों में यह 3.53 फीसदी दर्ज की गई। खाद्य महंगाई के मामले में भी गांवों का आंकड़ा 4.85 फीसदी है, जबकि शहरों में 4.66 फीसदी।?ग्रामीण महंगाई बढ़ने से कपड़े, जूते, बाइक, मोबाइल और रोजमर्रा के सामान की खरीदारी कम होगी, जिससे कंपनियों की बिक्री-मुनाफे पर चोट पहुंचेगी।

# टाटा के आईफोन प्लांट पर लटकी तालेबंदी की तलवार

## जहरीले पानी से किसान परेशान, क्या बंद होगी फैक्ट्री?

**नई दिल्ली।** एपल के लिए आईफोन बनाने वाली देश की प्रमुख कंपनी टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स बड़ी मुश्किल में फंस गई है। तमिलनाडु के होसुर स्थित कंपनी के प्लांट पर बंद होने का खतरा मंडरा रहा है। राज्य के प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने आरोप लगाया है कि फैक्टरी से निकलने वाले गंदे पानी ने आसपास के खेतों और कुओं को प्रदूषित कर दिया है। अगर टाटा ने संतोषजनक जवाब नहीं दिया, तो इस प्लांट की बिजली काटकर इसे बंद किया जा सकता है। आइए आसान भाषा में समझते हैं कि पूरा विवाद क्या है और इसका एपल की सप्लाई चेन पर क्या असर पड़ सकता है।




**मामला क्या है और किस प्लांट पर लटकी है तालेबंदी की तलवार–** टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स दक्षिण एशिया में ताइवान की फॉक्सकॉन के बाद एपल की दूसरी सबसे बड़ी सप्लायर है। तमिलनाडु के होसुर स्थित इसी प्लांट में आईफोन के बैक पैनल और अन्य अहम पुर्जे बनाए जाते हैं। आसपास के किसानों ने शिकायत की थी कि फैक्टरी का दूषित पानी उनके खेतों और खुले कुओं में मिल रहा है, जिससे उनकी कृषि भूमि को भारी नुकसान हो रहा है।

**प्रदूषण बोर्ड की जांच में पानी को लेकर क्या चौंकाने वाला खुलासा हुआ–** किसानों की महीनों लंबी शिकायतों के बाद, दिसंबर 2025 से मई 2026 के बीच प्लांट के पांच बार सरकारी निरीक्षण किए गए। 25 मई के नोटिस के अनुसार, जांच में पाया गया कि टाटा ने अपने परिसर के भीतर बने रेनवाटर हार्वेस्टिंग पॉन्ड (वर्षा जल संचयन तालाब) में गंदा पानी छोड़ दिया था। यह तालाब ओवरफ्लो हो गया और गंदा पानी आसपास की कृषि भूमि के खुले कुओं के भूजल में जाकर मिल गया।

**नियामक ने कंपनी को क्या सख्त अल्टीमेटम दिया है?**

तमिलनाडु प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने अपने 25 मई के नोटिस में टाटा से स्पष्टीकरण मांगा है कि नियमों के इस उल्लंघन के आरोप में क्यों न उसकी फैक्टरी की बिजली काट दी जाए और उसे बंद कर दिया जाए,। बोर्ड ने अपने नोटिस में यह भी स्पष्ट किया कि 23 दिसंबर, 2025 को जारी पिछले पत्र के निर्देशों के बावजूद टाटा ने कोई सुधारात्मक कदम नहीं उठाए थे।

**इन गंभीर आरोपों पर टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स ने क्या सफाई दी है?**

इस विवाद पर टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स ने अपना बचाव करते हुए कहा है कि उसने एक मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला से स्वतंत्र जांच कराई है। कंपनी का दावा है कि इस जांच में उसे ÷सभी नियामक मानदंडों का पूरी तरह से पालन करने वाला÷ पाया गया है। टाटा ने कहा कि वह पर्यावरण और स्थानीय समुदायों की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध है और उसने प्रदूषण अधिकारियों को अपना जवाब सौंप दिया है।

**एपल और भारत के आईफोन मैन्युफैक्चरिंग लक्ष्य पर इसका क्या असर होगा?**

यह मामला भारत के ग्लोबल आईफोन मैन्युफैक्चरिंग हब बनने की राह में एक चिंताजनक खबर है। चीन से अपना प्रोडक्शन बाहर ले जाने की एपल की रणनीति में टाटा एक अहम कड़ी है। रिसर्च फर्म काउंटरप्वाइंट के मुताबिक, 2026 में दुनिया भर के 26त्न आईफोन भारत में बनने का अनुमान है, जो चार साल पहले मात्र 6त्न था। हालांकि, हाल के दिनों में एपल की भारतीय सप्लाई चेन कई समस्याओं का सामना कर रही है, जिसमें सितंबर 2024 में इसी होसुर प्लांट में लगी आग और 2023 में पेगाट्रॉन प्लांट की आग जैसी घटनाएं शामिल हैं। पर्यावरण मानकों की अनदेखी किसी भी ग्लोबल सप्लाई चेन के लिए कितनी चुनौतीपूर्ण हो सकती है, होसुर प्लांट का यह मामला इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। अब यह देखना अहम होगा कि प्रदूषण बोर्ड टाटा के जवाब और लैब रिपोर्ट से संतुष्ट होता है या फिर आईफोन के निर्माण को शटडाउन का सामना करना पड़ता है।

# कमजोर मांग से अधिकांश तेल-तिलहन कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली।** (भाषा) मांग बेहद कमजोर रहने के कारण शनिवार को स्थानीय कारोबार में अधिकांश तेल-तिलहनों के दाम गिरावट के साथ बंद हुए जबकि बहुत कम उपलब्धता होने से बिनौला तेल के दाम स्थिर रहे।बाजार के जानकार सूत्रों ने कहा कि आरंभिक कारोबार में अफरा-तफरी के माहौल के बीच शुक्रवार को शिकागो एक्सचेंज में गिरावट का रुख था जो बाद में मामूली सुधार के साथ बंद हुआ था।सूत्रों ने कहा कि मांग बेहद कमजोर रहने के कारण आयातक सोयाबीन, पाम-पामोलीन तेल लागत से नीचे दाम पर बेचने को मजबूर हैं।

इस वजह से अधिकांश तेल-तिलहन कीमतों में गिरावट है।उन्होंने कहा कि आगे के रुख का पता सोमवार को विदेशी बाजारों के रुख पर निर्भर करेगा।तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहे:सरसों तिलहन - 7,675-7,700 रुपये प्रति क्विंटल।मूंगफली - 6,575-7,150 रुपये प्रति क्विंटल।मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) - 15,480 रुपये प्रति क्विंटल।मूंगफली रिफाइंड तेल - 2,460-2,760 रुपये प्रति टिन। सरसों तेल दादरी- 15,650 रुपये प्रति क्विंटल।सरसों पक्की घानी- 2,585-2,685 रुपये प्रति टिन।सरसों कच्ची घानी- 2,585-2,730 रुपये प्रति टिन।सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 15,600 रुपये प्रति क्विंटल।सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 15,550 रुपये प्रति क्विंटल।सोयाबीन तेल डीगम, कांडला- 12,000 रुपये प्रति क्विंटल।सीपीओ एक्स-कांडला- 13,675 रुपये प्रति क्विंटल।बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)- 16,000 रुपये प्रति क्विंटल।पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 15,550 रुपये प्रति क्विंटल।पामोलिन एक्स- कांडला- 14,350 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल।सोयाबीन दाना - 6,975-7,025 रुपये प्रति क्विंटल।सोयाबीन लूज- 6,825-6,900 रुपये प्रति क्विंटल।

# बारिश के बाद आया गिल-राहुल का तूफान



**नई दिल्ली।** भारत ने बारिश के कारण 25-25 ओवर के खेले गए रोमांचक मुकाबले में अफगानिस्तान को 7 विकेट से करारी शिकस्त दी. जीत के लिए मिले 195 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को कप्तान शुभमन गिल ने मोर्चे से अगुआई की. सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा (16) के रनआउट होने के बाद गिल ने ईशान किशन (34) के साथ मिलकर पारी को संभाला. ईशान और श्रेयस अय्यर (12) का विकेट गिरने के बाद बल्लेबाजी करने आए केएल राहुल ने आते ही अफगानी गेंदबाजों पर धावा बोल दिया. राहुल ने महज 19 गेंदों पर 4 चौकों और 3 गगनचुंबी छक्कों की मदद से नाबाद 39 रनों की तूफानी पारी खेली. दूसरे छोर पर डटे कप्तान शुभमन गिल ने 66 गेंदों में 11 चौके और 2 छक्के जड़कर नाबाद 84 रनों की मैच जिताऊ पारी खेली और टीम को 22.5 ओवर में ही 3 विकेट खोकर लक्ष्य तक पहुंचा दिया. अफगानिस्तान के गेंदबाज भारतीय बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने में पूरी तरह नाकाम रहे. केवल राशिद खान और जिया उर रहमान शरीफी को 1-1 सफलता हाथ लगी।

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी अफगानिस्तान की शुरुआत बेहद खराब रही, जब अर्शदीप सिंह और गुरनूर ब्रार ने उनके शीर्ष क्रम को सस्ते में समेट दिया. हालांकि, एक छोर पर विकेटों के पतझड़ के बीच सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज ने तबाही मचाते हुए महज 51 गेंदों पर 8 चौकों और 8 छक्कों की मदद से 102 रनों की शतकीय आतिशबाजी की.मध्यक्रम में कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी (27) और अजमतुल्लाह उमरजई (26) ने कुछ संघर्ष दिखाया, लेकिन भारतीय स्पिनर हर्ष दुबे (3 विकेट) और मध्यम गति के गेंदबाज गुरनूर ब्रार (3 विकेट) की घातक गेंदबाजी के आगे अफगानिस्तान की पूरी टीम 24.5 ओवर में 194 रनों पर ढेर हो गई. भारत की ओर से नीतीश कुमार रेड्डी और अर्शदीप सिंह ने भी दो-दो विकेट चटकाकर विपक्षी टीम की कमर तोड़ने में अहम भूमिका निभाई। इससे पहले, डेब्यूटेंट हर्ष दुबे और गुरनूर बरार ने तीन-तीन झटके देकर प्रभावित किया. जिससे अफगानिस्तान की टीम विकेटकीपर बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज (51 गेंद में 102 रन) के शतक के बावजूद शनिवार को यहां बारिश से प्रभावित पहले वनडे में 24.5 ओवर में 194 रन पर सिमट गई. लगातार बारिश के कारण मैच शुरू होने में चार घंटे 15 मिनट की देरी हुई, लेकिन आसमान साफ होने के बाद बेहतरीन 'ड्रेनेज सिस्टम' (पानी निकासी प्रणाली) से ज्यादा समय बर्बाद नहीं हुआ. इससे मैच को घटाकर 25-25 ओवर का कर दिया गया और उम्मीद के मुताबिक भारत ने टॉस जीतकर विपक्षी टीम को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। टी20 क्रिकेट में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले गुरबाज स्पष्ट सोच के साथ मैदान पर उतरे और उन्होंने अपनी पारी के दौरान आठ चौके और इतने ही छक्के जमाए. शुरुआत में गेंद हवा में थोड़ी स्विंग हो रही थी, लेकिन गुरबाज ने शुरू से ही आक्रामक रुख अपनाया. उन्होंने अर्शदीप की गेंद पर कट लगाकर चौका जड़ा और फिर आगे बढ़कर बाएं हाथ के तेज गेंदबाज की गेंद को सीधे मैदान के ऊपर से छक्के के लिए भेजा. दाएं हाथ के तेज गेंदबाज बरार इससे पहले लंबे समय तक भारतीय टीम के साथ नेट गेंदबाज रहे थे, उन्होंने अपने पहले ओवर में लगातार 145 किमी प्रति घंटा से ज्यादा की रफ्तार से गेंदबाजी की और गेंद को बाहर की ओर स्विंग कराया. इस तरह उन्होंने पदार्पण में 4.5 ओवर में 27 रन देकर तीन विकेट झटके। वहीं पदार्पण करने वाले बांए हाथ के स्पिनर दुबे ने भी 47 रन देकर तीन विकेट अपने नाम किए. अर्शदीप सिंह ने 27 रन और नीतिश कुमार रेड्डी ने 31 रन देकर दो दो विकेट लिए. बरार की शुरुआती कुछ गेंदें फुल लेंथ से बाहर की ओर स्विंग हुई. जिसके बाद उन्होंने अपनी लेंथ को कम करते हुए सलामी बल्लेबाज इब्राहिम जदरान को गलती करने पर मजबूर किया जो हवा में शॉट खेलने की कोशिश में मिड-ऑफ पर कैच आउट हो गए. पंजाब के इस तेज गेंदबाज को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में तुरंत सफलता मिल गई. अर्शदीप के सेदिकुल्लाह अटल को एलबीडब्ल्यू आउट करने के बाद अफगानिस्तान का स्कोर 16 रन पर दो विकेट हो गया. फिर रहमत शाह भी अर्शदीप की गेंद पर पुल शॉट खेलने के प्रयास में आउट हो गए और स्कोर तीन विकेट पर 26 रन हो गया। गुरबाज 14 रन के निजी स्कोर पर आउट हो सकते थे, लेकिन अर्शदीप और भारत ने रिव्यू नहीं लेने का फैसला किया. गुरबाज ने मौके का फायदा उठाते हुए नौंवा वनडे शतक जड़ दिया. उन्होंने अपने आक्रामक खेल से दुबे समेत सभी गेंदबाजों पर दबाव बनाया. दुबे के पहले दो ओवरों में 26 रन बने जिसमें गुरबाज ने उनकी दो शॉर्ट गेंदों पर मिड-विकेट के ऊपर से छक्के जड़े. गुरबाज ने बरार की एक शॉर्ट गेंद पर भी छक्का लगाया और प्रसिद्ध कृष्णा और वाशिंगटन सुंदर जैसे गेंदबाजों की भी जमकर धुनाई की। हालांकि नीतीश कुमार ने सधी हुई गेंदबाजी की और दो विकेट भी लिए।

## रोहित शर्मा ने बतौर ओपनर पूरे किए 16,000 इंटरनेशनल रन



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट के इतिहास में 'हिटमैन' के नाम से मशहूर रोहित शर्मा ने अपने शानदार और सुनहरे करियर में एक और ऐसा चमचमाता अध्याय जोड़ दिया है, जिसे हमेशा याद रखा जाएगा. धर्मशाला के खूबसूरत मैदान पर अफगानिस्तान के खिलाफ खेले गए पहले वनडे मैच में रोहित शर्मा ने एक ऐसा मुकाम हासिल किया, जिसने उन्हें विश्व क्रिकेट के सबसे दिग्गज सलामी बल्लेबाजों की कतार में सबसे आगे लाकर खड़ा कर दिया है. रोहित शर्मा अब इंटरनेशनल क्रिकेट में बतौर ओपनर 16,000 रन पूरे करने वाले भारत के दूसरे और दुनिया के महज सातवें बल्लेबाज बन गए हैं. उनसे पहले भारत के लिए यह कारनामा सिर्फ 'नजफगढ़ के नवाब' यानी वीरेंद्र सहवाग ही कर सके थे. इस बेहद खास और ऐतिहासिक मुकाबले से पहले रोहित शर्मा को इस जादुई आंकड़े तक पहुंचने के लिए सिर्फ 6 रनों की दरकार थी. मैच शुरू होने से पहले बतौर सलामी बल्लेबाज उनके नाम 15,994 रन दर्ज थे. उन्होंने क्रीज पर कदम रखते ही बेहद सधे हुए अंदाज में बल्लेबाजी की और जैसे ही अपना छठा रन पूरा किया, धर्मशाला का मैदान इस ऐतिहासिक पल का गवाह बन गया. रोहित ने यह कीर्तिमान अपनी 384वीं अंतरराष्ट्रीय पारी में हासिल किया. 39 वर्ष की उम्र में भी खेल के प्रति उनकी यह भूख, निरंतरता और फिटनेस वाकई लाजवाब है। बतौर सलामी बल्लेबाज 16,000 अंतरराष्ट्रीय रनों का आंकड़ा पार करना कोई मामूली बात नहीं है. रोहित शर्मा अब दुनिया के उन गिने-चुने दिग्गजों की सूची में शामिल हो गए हैं जिन्होंने क्रिकेट जगत पर राज किया है. इस एलीट क्लब में अब रोहित शर्मा के साथ श्रीलंका के सनथ जयसूर्या, वेस्टइंडीज के क्रिस गेल, ऑस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर, दक्षिण अफ्रीका के ग्रीम स्मिथ, वेस्टइंडीज के डेसमंड हेन्स और भारत के वीरेंद्र सहवाग जैसे महान नाम शामिल हैं।

## एशियन गेम्स 2026 के लिए भारतीय बैडमिंटन टीम का एलान

# पीवी सिंधू और सात्विक-चिराग करेंगे अगुआई

**नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने ऐची-नागोया एशियन गेम्स 2026 के लिए भारतीय बैडमिंटन टीम की घोषणा कर दी है। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और पुरुष युगल की स्टार जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे। बीएआई की चयन समिति ने खिलाड़ियों के हालिया राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन तथा 26 मई तक की बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग के आधार पर टीम का चयन किया है।

पुरुष एकल में भारत के शीर्ष खिलाड़ी लक्ष्य सेन के साथ पिछले एशियन गेम्स के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय और पूर्व विश्व नंबर-1 किदांबी श्रीकांत को भी टीम में जगह मिली है। ये तीनों खिलाड़ी 2023 हांगझोउ एशियन गेम्स में भारत को ऐतिहासिक रजत पदक दिलाने वाली पुरुष टीम का हिस्सा रहे थे। एशियन गेम्स का आयोजन 19 सितंबर से 4 अक्तूबर तक किया जाएगा। भारतीय टीम से पिछले संस्करण के शानदार प्रदर्शन को दोहराने और उससे बेहतर नतीजे देने की उम्मीद है। हांगझोउ एशियन गेम्स में भारत ने बैडमिंटन में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक जीता था।

हाल के अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में शानदार प्रदर्शन के दम पर बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता आयुष शेट्टी, विश्व जूनियर चैंपियनशिप रजत पदक विजेता तन्वी शर्मा और उन्नति हुड्डा को भी टीम में शामिल किया गया है।बीएआई के महासचिव संजय मिश्रा ने कहा कि भारतीय बैडमिंटन अब केवल व्यक्तिगत उपलब्धियों तक सीमित नहीं है, बल्कि हर वर्ग में प्रतिभाओं की गहराई दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि सात्विक-चिराग की शानदार वापसी, लक्ष्य सेन का विश्व के शीर्ष-10 में लौटना और युवा खिलाड़ियों का लगातार बेहतर प्रदर्शन भारतीय बैडमिंटन के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है।

भारतीय बैडमिंटन अब तक एशियन गेम्स के इतिहास में 13 पदक जीत चुका है। इनमें पिछले संस्करण का ऐतिहासिक स्वर्ण पदक भी शामिल है। हालांकि कुल पदकों के लिहाज से भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 1982 के नई दिल्ली एशियन गेम्स में रहा था, जब देश ने पांच कांस्य पदक जीते थे। व्यक्तिगत स्पर्धाओं में पुरुष एकल में लक्ष्य सेन और आयुष शेट्टी, महिला एकल में पीवी सिंधु और उन्नति हुड्डा भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। पुरुष युगल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी/चिराग शेट्टी और हरिहरन अम्साकरुनन/एमआर अर्जुन की जोड़ियां उतरेंगी। महिला युगल में त्रीसा जॉली/गायत्री गोपीचंद और काविप्रिया सेल्वम/सिमरन सिंघी भारत की चुनौती पेश करेंगी। मिश्रित युगल में ध्रुव कपिला और तनिषा क्रास्टो की जोड़ी भारत का प्रतिनिधित्व करेगी।

**एशियन गेम्स 2026**
**भारतीय बैडमिंटन टीम**

पुरुष टीमः लक्ष्य सेन, आयुष शेट्टी, एचएस प्रणय, किदांबी श्रीकांत, थारुन मन्नेपल्ली, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी, चिराग शेट्टी, हरिहरन अम्साकरुनन, एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला। महिला टीमः पीवी सिंधू, उन्नति हुड्डा, देविका सिहाग, तन्वी शर्मा, ईशारानी बरुआ, त्रीसा जॉली, गायत्री गोपीचंद, काविप्रिया सेल्वम, सिमरन सिंघी और तनिषा क्रास्टो।

# पहले मैच में हार से बचा कनाडा, अमेरिका की एकतरफा जीत





**नई दिल्ली।** विश्व कप 2026 की धमाकेदार शुरुआत हो चुकी है। टूर्नामेंट के दूसरे दिन भी दो मैच खेले गए। पहले मैच में कनाडा का सामना बोस्निया से हुआ। इस मैच में सह-मेजबान टीम ने बोस्निया को बराबरी पर रोका। वहीं, अमेरिका ने पराग्वे को हराकर विजयी शुरुआत की। विश्व कप में अब आज यानी तीसरे दिन ग्रुप चरण में कुल पांच मैच खेले जाएंगे।

फीफा विश्व कप 2026 के मुकाबले में सह-मेजबान कनाडा ने दूसरे हाफ में शानदार वापसी करते हुए बोस्निया-हर्जेगोविना के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेला। एक समय पिछड़ने के बावजूद कनाडाई टीम ने हार नहीं मानी और सुपर सब साइल लैरिन के अहम गोल की बदौलत मुकाबले में बराबरी हासिल कर ली। मैच की शुरुआत से ही दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। कनाडा घरेलू दर्शकों के समर्थन के बावजूद शुरुआती बढ़त हासिल नहीं कर सका। इसके उलट 21वें मिनट में बोस्निया-हर्जेगोविना के जोवो ल्युकिक ने गोल दागकर अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। बढ़त मिलने के बाद बोस्निया-हर्जेगोविना ने आत्मविश्वास के साथ खेल जारी रखा और कनाडा को बराबरी का मौका नहीं दिया। ब्रेक के बाद कनाडा ने आक्रामक रवैया अपनाया और लगातार बोस्निया के गोल पर दबाव बनाया। आखिरकार 78वें मिनट में बतौर विकल्प मैदान पर उतरे साइल लैरिन ने शानदार गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। आखिरकार मुकाबला 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ।

सह- मेजबान अमेरिका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फीफा विश्व कप के अपने पहले मैच में पराग्वे को एकतरफा अंदाज में 4-1 से हराया। अमेरिका के लिए फोलारिन बालोगुन ने दमदार प्रदर्शन करते हुए दो गोल दागे। टीम ने शुरुआत से लेकर अंत कर दबदबा बनाए रखा और एकतरफा अंदाज में जीत दर्ज की। पराग्वे की टीम अमेरिका को चुनौती नहीं दे सकी और उसे हार का सामना करना पड़ा। अमेरिका ने इस मैच के पहले हॉफ में ही दबदबा बना लिया था। सातवें मिनट में ही डेमियन बोबाडिला ने गोल दागकर अमेरिका को 1-0 की बढ़त दिलाई। इसके बाद फोलारिन ने अपना कमाल दिखाया। उन्होंने पहले 31वें मिनट में पराग्वे के गोल पोस्ट को भेदा और फिर पहले हॉफ के इंजुरी समय में गोल दागा। इस तरह अमेरिका ने पहले हॉफ तक 3-0 की बढ़त अपने नाम कर ली थी। इसके बाद उसने अंतिम सीटी बजने से पहले चौथा गोल किया। पराग्वे के लिए एकमात्र गोल मॉरिसियो ने 73वें मिनट में दागा। विश्व कप में अब तक चार ही मैच खेले गए हैं। ग्रुप ए में मेक्सिको तीन अंक लेकर पहले और कोरिया तीन अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। चेकिया और दक्षिण अफ्रीका का खाता नहीं खुला है और दोनों टीमें क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर हैं। ग्रुप बी में कनाडा और बोस्निया एक-एक अंकों के साथ पहले और दूसरे नंबर पर हैं। ग्रुप सी में किसी भी टीम का अब तक मुकाबला नहीं हुआ है। ग्रुप डी में अमेरिका तीन अंकों के साथ शीर्ष पर है। वहीं, पहले मैच में हार के बाद पराग्वे चौथे स्थान पर है।

# शुभमन गिल की गलतफहमी का शिकार हुए रोहित शर्मा

**नई दिल्ली।** भारत और अफगानिस्तान के बीच खेले गए बारिश से प्रभावित पहले वनडे में भारतीय टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा रन आउट होकर पवेलियन लौटे। कप्तान शुभमन गिल के साथ तालमेल में हुई चूक के कारण रोहित को अपनी पारी बीच में ही समाप्त करनी पड़ी। आउट होने के बाद उनका निराश चेहरा और प्रतिक्रिया सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है।

**गलत कॉल ने छीनी रोहित की पारी**

भारतीय पारी के छठे ओवर में रोहित शर्मा ने मिड ऑन की दिशा में शॉट खेलकर एक रन लेने का प्रयास किया। उन्होंने बिना शुभमन गिल की ओर देखे दौड़ लगा दी, लेकिन दूसरी ओर मौजूद गिल ने उन्हें रन लेने से मना किया। तब तक रोहित आधी पिच तक पहुंच चुके थे। वापसी के प्रयास में उन्होंने डाइव भी लगाई, लेकिन अफगानिस्तान के विकेटकीपर रहमानुल्लाह गुरबाज ने तेजी दिखाते हुए गिल्लियां बिखेर दीं। इस तरह रोहित 16 गेंदों में 16 रन बनाकर रन आउट हो गए। अपनी पारी में उन्होंने दो चौके और एक छक्का लगाया।

**गुरबाज के तूफानी शतक के बावजूद अफगानिस्तान ढेर**

लगातार बारिश के कारण मैच करीब चार घंटे 15 मिनट की देरी से शुरू हुआ और इसे 25-25 ओवर का कर दिया गया। टॉस जीतकर भारत ने पहले गेंदबाजी चुनी। अफगानिस्तान की ओर से विकेटकीपर बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज ने मात्र 51 गेंदों में 102 रन की विस्फोटक पारी खेली। उन्होंने अपनी शतकीय पारी में आठ चौके और आठ छक्के लगाए, लेकिन बाकी बल्लेबाज उनका साथ नहीं दे सके और पूरी टीम 24.5 ओवर में 194 रन पर सिमट गई।

**पदार्पण करने वाले गेंदबाजों ने किया प्रभावित**

भारतीय टीम के लिए पदार्पण कर रहे तेज गेंदबाज बरार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4.5 ओवर में 27 रन देकर तीन विकेट झटके। उन्होंने लगातार 145 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की रफ्तार से गेंदबाजी कर प्रभावित किया। वहीं बाएं हाथ के स्पिनर दुबे ने भी 47 रन देकर तीन विकेट अपने नाम किए। अर्शदीप सिंह और नीतिश कुमार रेड्डी ने दो-दो विकेट हासिल किए।

**सात विकेट से जीता भारत, सीरीज में बनाई बढ़त**

195 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय बल्लेबाजों ने संयमित प्रदर्शन किया और टीम ने सात विकेट से जीत दर्ज कर तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली।

# लगातार दूसरे आईसीसी खिताब के लिए जोर लगाएगी इंडिया



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला टीम आईसीसी टी20 विश्व कप में रविवार को अपने अभियान की शुरुआत करने उतरेगी। भारत का सामना ग्रुप-1 के मुकाबले में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से होगा। भारत और पाकिस्तान के बीच इस वैश्विक टूर्नामेंट में कोई प्रतिस्पर्धा ही नजर नहीं आती। भारत का रिकॉर्ड इस टीम के खिलाफ बेहद दमदार है, लेकिन हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली टीम चाहेगी कि वो बिना किसी गलती के एकतरफा अंदाज में जीत दर्ज करे।

भारत और पाकिस्तान के बीच टी20 में अब तक 16 मुकाबले खेले गए हैं। भारतीय महिला टीम ने 13 मैचों में जीत दर्ज की है तो वहीं पाकिस्तान ने तीन मैच जीते हैं। अगर टी20 विश्व कप में दोनों टीमों के बीच मुकाबलों की बात करें तो दोनों के बीच आठ बार भिड़ंत हुई है। भारत ने छह मौकों पर जीत दर्ज की है, जबकि पाकिस्तान दो ही मैच जीत सका है भारत और पाकिस्तान के बीच 2024 टी20 विश्व कप में भी मैच खेला गया था जिसमें भारतीय महिला टीम ने छह विकेट से जीता था। हर विभाग में संतुलित भारतीय टीम को पाकिस्तान के खिलाफ सलामी बल्लेबाजों स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा से अच्छी शुरुआत की उम्मीद होगी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फरवरी में 82 रन बनाने के बाद मंधाना ने अगले छह मैचों में 13, 12, 37, 0, 32 और आठ रन बनाए हैं। शेफाली ने जोहानिसबर्ग में 64 रन बनाने के बाद अगले पांच मैचों में 9, 4, 2, 22 और 11 रन बनाए। हरमनप्रीत कौर ने दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड के खिलाफ अर्धशतक लगाकर फॉर्म में वापसी की जो मध्यक्रम के लिए अच्छा संकेत है। जेमिमा रॉड्रिग्स, ऋचा घोष और भारती फुलमाली पर भी रन बनाने की जिम्मेदारी होगी। भारत इस मैच के लिए भारती को प्लेइंग-11 में जगह दे सकता है। पिछले साल वनडे विश्व कप जीतने वाली हरमनप्रीत कौर की अगुआई में भारत की नजरें लगातार दूसरे आईसीसी खिताब पर लगी हैं। पाकिस्तान के खिलाफ भारत का रिकॉर्ड भी बेहतरीन रहा है और टीम अगर इस लय को बरकरार रखती है तो उसे फायदा होगा। भारत अगर पहला मैच जीतती है तो उसका मनोबल बढ़ेगा। भारतीय टीम कठिन ग्रुप में है जिसमें ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका जैसी मजबूत टीमें भी शामिल हैं। भारत के लिए राहत की बात यह है कि जिस टीम ने पिछले साल वनडे विश्व कप जीता था, उस टीम की ज्यादातर खिलाड़ी टी20 विश्व कप टीम का भी हिस्सा हैं। भारतीय टीम प्लेइंग-11 में कोई बड़ा बदलाव करेगी इसकी संभावना कम ही है।

भारतः स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, यास्तिका भाटिया, हरमनप्रीत कौर (कप्तान), जेमिमा रॉड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, भारती फुलमाली, श्रेयंका पाटिल, क्रांति गौड़, रेणुका सिंह।

पाकिस्तानः मुनीबा अली (विकेटकीपर), गुल फिरोजा, आयशा जफर, आलिया रियाज, फातिमा सना (कप्तान), इराम जावेद, नतालिया परवेज, तुबा हसन, डियाना बेग, नाशरा संधू, सादिया इकबाल।

## भारत के खिलाफ मैच से पहले चोटिल हुईं पाक की कप्तान फातिमा

**नई दिल्ली।** महिला टी20 विश्व कप 2026 में भारत और पाकिस्तान के बीच रविवार को होने वाले हाई-वोल्टेज मुकाबले से पहले पाकिस्तान टीम को बड़ी राहत मिली है। टीम की कप्तान फातिमा सना अभ्यास सत्र के दौरान चोटिल हो गई थीं, लेकिन उन्होंने खुद स्पष्ट किया है कि चोट गंभीर नहीं है और वह भारत के खिलाफ मैच के लिए उपलब्ध रहेंगी। शनिवार को पाकिस्तान के अभ्यास सत्र में ओपनर आयशा जफर के एक तेज शॉट से फातिमा सना के दाहिने पैर के घुटने के नीचे चोट लग गई थी। चोट लगने के बाद वह दर्द में नजर आईं और फिजियो तथा साथी खिलाड़ियों की मदद से मैदान से बाहर गईं। हालांकि, मैच से पूर्व आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में फातिमा ने कहा, 'यह आयशा के बल्ले से निकला एक सामान्य शॉट था और गेंद मेरे घुटने के नीचे लगी थी। अब मैं ठीक हूं।' हालांकि चोट के बाद वह अभ्यास सत्र में वापस नहीं लौटीं, लेकिन उनके बयान से पाकिस्तान टीम और प्रशंसकों ने राहत की सांस ली है। हालांकि, टीम मैनेजमेंट को उम्मीद होगी कि उनकी इंजरी ज्यादा गंभीर न हो और पाकिस्तान के टी20 वर्ल्ड कप के ओपनिंग मैच का हिस्सा रहें।

# स्कॉटलैंड ने आयरलैंड को हराया



**नई दिल्ली।** महिला टी20 विश्व कप 2026 का आगाज हो चुका है। आज टूर्नामेंट का दूसरा दिन है। शुक्रवार को खेले गए उद्घाटन मैच में इंग्लैंड ने श्रीलंका को 87 रनों से हराया था। दूसरे दिन टूर्नामेंट का दूसरा मुकाबला मैनचेस्टर में स्कॉटलैंड और आयरलैंड के बीच खेला गया, जिसमें स्कॉटलैंड ने 40 रनों से जीत दर्ज की। अब तीसरा मैच ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेला जा रहा है, जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया है। स्कॉटलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट पर 161 रन बनाए। टीम की जीत की नींव कप्तान कैथरीन ब्राइस और उनकी बहन सारा ब्राइस ने रखी। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 106 रन की साझेदारी की। कैथरीन ब्राइस ने 39 गेंदों में 60 रन की कप्तानी पारी खेली, जबकि सारा ब्राइस 49 रन बनाकर अर्धशतक से चूक गईं। आयरलैंड की ओर से एवा कैनिंग ने तीन विकेट लिए। 162 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आयरलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और 19.2 ओवर में 121 रन पर ऑलआउट हो गई। एमी हंटर ने 39 और ऑर्ला प्रेंडरगास्ट ने 33 रन बनाए, लेकिन उन्हें अन्य बल्लेबाजों का साथ नहीं मिला। स्कॉटलैंड की ओर से किर्स्टी गॉर्डन और कैथरीन फ्रेजर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन-तीन विकेट झटके। कप्तान कैथरीन ब्राइस ने भी दो विकेट हासिल किए। इस मैच को स्कॉटलैंड ने 40 रनों से जीता। महिला टी20 विश्व कप में अपनी पहली जीत दर्ज कर स्कॉटलैंड ने इतिहास रच दिया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सघन पल्स पोलियो अभियान हेतु जिला टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न

**स्वतंत्र भारत जौनपुर।** जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार देर सायं सघन पल्स पोलियो

### 28 जून से प्रारम्भ होगा सघन पल्स पोलियो अभियान, जनपद के 6 लाख से अधिक बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो रोधी खुराक



अभियान-2026 के सफल एवं प्रभावी संचालन हेतु जिला टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न हुई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अवगत कराया कि जनपद में सघन पल्स पोलियो अभियान का शुभारम्भ 28 जून 2026 (रविवार) को बूथ गतिविधियों के साथ किया जाएगा। अभियान के प्रथम दिवस जनपद के समस्त पोलियो बूथों पर शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो रोधी खुराक पिलाई जाएगी। इसके उपरांत 29 जून से 03 जुलाई तक आशा, आंगनबाड़ी एवं एएनएम कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर भ्रमण कर छूटे हुए बच्चों को दवा पिलाई जाएगी तथा 05 जुलाई को बी-टीम गतिविधि संचालित की जाएगी।बैठक में बताया गया कि अभियान के सफल संचालन हेतु जनपद में कुल 1,866 पोलियो बूथ, 1,242 घर-घर भ्रमण टीमें, 105 ट्रांजिट टीमें तथा 52 विशेष टीमें गठित की गई हैं। ये टीमें रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, प्रमुख चौराहों एवं ईंट-भट्ठों जैसे संवेदनशील स्थलों पर विशेष रूप से कार्य करेंगी। अभियान के अंतर्गत 6,06,187 बच्चों को पोलियो रोधी खुराक पिलाने तथा 7,65,825 घरों का भ्रमण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।जिलाधिकारी ने कहा कि पल्स पोलियो अभियान जनस्वास्थ्य से जुड़ा अत्यंत महत्वपूर्ण कार्यक्रम है तथा इसके क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देशित किया कि जनपद का कोई भी शून्य से पांच वर्ष तक का बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहने पाए तथा अभियान की नियमित निगरानी, प्रभावी पर्यवेक्षण एवं शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने पंचायत राज विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग, ग्राम प्रधानों एवं अन्य संबंधित विभागों को अभियान में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही अभियान को प्रभावी बनाने के लिए ब्लॉक स्तर पर समस्त स्वास्थ्य कर्मियों को चिकित्साधिकारियों की देखरेख में बिंदुवार एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किए जाने के निर्देश दिए।

# उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब दर्शन के लिए लगी लंबी कतार



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** कोटार नाथ शिव मंदिर में शनिवार को सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। दर्शन-पूजन के लिए लोगों की लंबी कतार मंदिर परिसर से बाहर लगी रही । मंदिर के मुख्य द्वार पर और ध्वजों से सजावट की गई है। श्रद्धालु हाथों में प्रसाद और पूजन सामग्री लेकर अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सभी ने भक्ति भाव से दर्शन किए।

सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिसकर्मी भी मौके पर तैनात रहे। मंदिर के बाहर प्रसाद और पूजा सामग्री की दुकानें भी लगी रहीं। मंदिर समिति के अनुसार, शनिवार होने के कारण हर सप्ताह की तरह इस बार भी श्रद्धालुओं की संख्या अधिक रही। भक्तों ने सुख-समृद्धि और मंगलकामना के लिए पूजा-अर्चना की।ग्राम प्रधान विनोद सिंह व्यवस्था में लगे रहे

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर स्लोगन, चित्रकला और योगासन प्रतियोगिता का आयोजन

**स्वतंत्र भारत जौनपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयुष विभाग द्वारा जनपद एवं राज्य स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष योग दिवस की थीम स्वस्थ उम्र बढ़ने के लिए योग निर्धारित की गई है। प्रतियोगिताओं का उद्देश्य सभी आयु वर्ग के लोगों को योग से जोड़ना और योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. कमल ने बताया कि राज्य स्तर पर स्लोगन, योग चित्रकला तथा योगासन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को हिंदी भाषा में दो से चार पंक्तियों का स्लोगन प्रस्तुत करना होगा। योग चित्रकला प्रतियोगिता के लिए योग विषय पर 70म56 सेंटीमीटर आकार का हाथ से बनाया गया पोस्टर जमा करना होगा, जबकि योगासन प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को अधिकतम एक मिनट का योगासन वीडियो अपलोड करना होगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागी आयुष विभाग के पोर्टल पर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अपना आवेदन और संबंधित सामग्री अपलोड कर सकते हैं। प्रविष्टियां जमा करने की अंतिम तिथि 17 जून 2026 सायं 5 बजे निर्धारित की गई है। डॉ. कमल ने बताया कि प्रत्येक प्रतियोगिता श्रेणी में पांच-पांच विजेताओं का चयन किया जाएगा।

चयनित प्रतिभागियों को 21 जून से 30 जून 2026 के बीच सम्मानित किया जाएगा। राज्य स्तर पर प्रथम पुरस्कार 21 हजार रुपये, द्वितीय 11 हजार रुपये, तृतीय 5100 रुपये, चतुर्थ 2100 रुपये तथा पंचम पुरस्कार 1100 रुपये निर्धारित किया गया है। आयुष विभाग ने अधिक से अधिक लोगों से प्रतियोगिताओं में भाग लेने की अपील की है।

# खेत बचाओ अभियान के तहत किसानों को दी गई आधुनिक और टिकाऊ खेती की जानकारी



**स्वतंत्र भारत जौनपुर।** कृषि विभाग द्वारा खेत बचाओ अभियान एवं विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत शनिवार को नसीरूद्दीनपुर, मीरपुर, अब्बोपुर, बड़ागांव, विशुनपुर लेबरुआ एवं अमरौना गांवों में किसान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, जैव-उर्वरकों के उपयोग तथा टिकाऊ कृषि पद्धतियों के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में उप परियोजना निदेशक (आत्मा) डॉ. रमेश चंद्र यादव ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि मिट्टी एक जीवित संसाधन है, जिसकी उर्वरा शक्ति को बनाए रखना भविष्य की कृषि और खाद्य सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने किसानों से फसल विविधीकरण, संतुलित उर्वरक उपयोग और आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने की अपील की। कृषि विज्ञान केंद्र, बक्शा के वैज्ञानिकों ने भी किसानों को मृदा स्वास्थ्य, जैव-उर्वरकों और जैविक खेती के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। विशेषज्ञों ने बताया कि जैव-उर्वरकों और सूक्ष्मजीव आधारित उत्पादों के प्रयोग से रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम होती है तथा खेती की लागत घटाने में मदद मिलती है। किसानों को मृदा परीक्षण, हरी खाद के उपयोग और संतुलित पोषण प्रबंधन के बारे में भी विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम के दौरान किसानों को जैव-उर्वरक एवं जैव-नियंत्रक उत्पाद ट्राइकोडर्मा वितरित किए गए तथा तकनीकी साहित्य भी उपलब्ध कराया गया। संवाद सत्र में किसानों ने अपनी समस्याएं विशेषज्ञों के सामने रखीं और समाधान प्राप्त किया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान सहित बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया। किसानों ने मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, जैविक खादों और जैव-उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देकर प्राकृतिक एवं लाभकारी खेती अपनाने का संकल्प लिया।

# लेखपाल संघ ने दी आंदोलन की चेतावनी, जिला अध्यक्ष के संबद्धीकरण पर जताया विरोध



**स्वतंत्र भारत सेवराई ।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ, गाजीपुर ने तहसील सेवराई में कार्यरत एवं संघ के जिला अध्यक्ष जनक कुमार यादव को भूलेख कार्यालय, कलेक्ट्रेट गाजीपुर से संबद्ध किए जाने का कड़ा विरोध किया है। यह संबंध में लेखपाल संघ ने तहसील प्रसार में धरना प्रदर्शन करते हुए अपनी मांगों को लेकर पत्रक सौंपा। संघ ने स्थानांतरण आदेश को शासन की मंशा और पूर्व में जारी दिशा-निर्देशों के विपरीत बताते हुए तत्काल निरस्त करने की मांग की है। संघ का कहना है कि शासन द्वारा पूर्व में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि लेखपाल मूल रूप से फील्ड कर्मचारी हैं और उन्हें किसी भी परिस्थिति में कार्यालयी पटल से संबद्ध नहीं किया जाना चाहिए। इसके बावजूद जनक कुमार यादव का संबद्धीकरण किया गया है, जिससे क्षेत्रीय कार्य प्रभावित होंगे। लेखपाल संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि जिले की अधिकांश तहसीलों में स्वीकृत पदों के सापेक्ष लेखपालों की संख्या पहले से ही कम है। कई लेखपाल अतिरिक्त हलकों का कार्यभार संभाल रहे हैं, जिससे उन पर कार्य का दबाव बढ़ गया है। ऐसे में एक अनुभवी लेखपाल को फील्ड से हटाकर कार्यालय से संबद्ध करना जनहित के विपरीत है। संघ ने यह भी कहा कि जनक कुमार यादव वर्तमान में उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ, गाजीपुर के जिला अध्यक्ष हैं और उन पर जिले भर के लेखपालों की समस्याओं के समाधान तथा संगठनात्मक दायित्वों का निर्वहन करने की जिम्मेदारी है। संघ का दावा है कि शासन द्वारा संगठन के पदाधिकारियों को पद पर रहते हुए स्थानांतरण एवं संबद्धीकरण से संरक्षण प्रदान किया गया है। लेखपाल संघ ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि तीन दिनों के भीतर संबद्धीकरण आदेश निरस्त नहीं किया गया तो चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जाएगा। प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत लेखपाल सरकारी व्हाट्सएप समूहों से बाहर निकलेंगे, आय, जाति, निवास एवं वरासत संबंधी कार्य बंद करेंगे तथा तहसील स्तर पर कार्य बहिष्कार और हड़ताल करेंगे। मांग पूरी नहीं होने पर 18 जून से जिला मुख्यालय पर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की जाएगी संघ ने कहा है कि आंदोलन के दौरान उत्पन्न होने वाली परिस्थितियों की पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। वहीं प्रशासन से जनहित, कर्मचारी हित और शासन की नीतियों को ध्यान में रखते हुए सकारात्मक निर्णय लेने की अपेक्षा जताई गई है। इस मौके पर झिंगुरी राम,सुनील राम, शेषनाथ कुशवाहा, छोटे लाल,धर्मेंद्र यादव,जीत लाल चौधरी,जितेंद्र कुशवाहा,वसीम खान,अमरेंद्र कुमार,पवन कुमार, अरविंद राज पीयुष सिंह,अजित कुमार, सिद्धनाथ उपाध्याय सहित लेखपाल मौजूद रहे।


# एमएलसी श्याम नारायण सिंह ने प्रबुद्ध जनों को किया, सम्मानित



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** मिर्जापुर/सोनभद्र विधान परिषद सदस्य श्याम नारायण सिंह उर्फविनीत सिंह ने प्रबुद्ध जनों से मुलाकात कर उनका सम्मान किया और क्षेत्रीय समस्याओं पर चर्चा की।अर्श हॉस्पिटल बरौधा में आयोजित कार्यक्रम में एमएलसी श्याम नारायण सिंह ने उपस्थित बुद्धिजीवियों और समाजसेवियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने उन्हें एक ज्ञापन भी सौंपा, जिसमें स्वास्थ्य, शिक्षा और बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं का उल्लेख किया गया।

एमएलसी ने कहा कि प्रबुद्ध वर्ग समाज की दिशा तय करता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि ज्ञापन में उठाए गए बिंदुओं को शासन तक पहुंचाकर शीघ्र समाधान कराने का प्रयास किया जाएगा।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, शिक्षक और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने समाजहित में मिलकर काम करने का संकल्प लिया।इस दौरान हॉस्पिटल के प्रबंधक अनुसूचित मोर्चा जिला उपाध्यक्ष डॉक्टर महा नारायण भारती, मंडल अध्यक्ष मिथिलेश सिंह, दिनेश अग्रहरी, इंद्र कुमार सिंह, तारा चंद्र अग्रहरी, राजकुमार, सुनील पटेल आदि मौजूद रहे।

# जनगणना 2027 मड़िहान तहसील, 2 हफ्ते पहले पूरा हुआ काम



**स्वतंत्र भारत राजगढ़ (मिर्जापुर)।** भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण में मड़िहान तहसील ने समय से पूर्व कार्य पूर्ण कर जनपद में मिसाल कायम की है। तहसील के अंतर्गत आने वाले विकासखंड राजगढ़ ने जनगणना कार्य में प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि पटेहरा विकासखंड दूसरे स्थान पर रहा। तहसीलदार आशीष कुमार पांडे के कुशल नेतृत्व और प्रशासनिक सूझबूझ के चलते 20 जून की निर्धारित अंतिम तिथि से करीब 2 सप्ताह पूर्व ही 22 मई से शुरू हुआ प्रथम चरण का कार्य पूरे तहसील क्षेत्र में सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। 207 एच एल बी में 236 कर्मियों ने संभाला मोर्चा जनगणना चार्ज अधिकारी व तहसीलदार मड़िहान आशीष कुमार पांडे की देखरेख में मड़िहान आंशिक क्षेत्र के 207 हाउस लिस्टिंग ब्लॉक (भ्स्ठ) में कुल 34 सुपरवाइजर एवं 202 प्रगणकों की नियुक्ति की गई थी। फील्ड अफसर के रूप में एआरपी अशोक सिंह, सहायक अध्यापक अभिषेक सिंह एवं अमित विश्वकर्मा कोट को तहसील प्रशासन द्वारा जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इन अफसरों ने फील्ड में प्रगणकों को आ रही दैनिक समस्याओं का तत्काल निराकरण कर कार्य में गति बनाए रखी। प्रशासनिक टीमवर्क बना सफलता का आधार पूरे अभियान का संचालन नायब तहसीलदार राहुल मिश्रा व अपर चार्ज अधिकारी के मार्गदर्शन में हुआ। खंड शिक्षा अधिकारी राजगढ़ संजय यादव के निर्देशन में शिक्षकों की टीम ने भीषण गर्मी के बावजूद पूरे मनोयोग से लक्ष्य को निर्धारित समय से पूर्व हासिल किया। खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त करने पर पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा,पूरी टीम ने कठिन परिश्रम कर जनपद में राजगढ़ का नाम रोशन किया है। खासकर महिला शिक्षिकाओं का योगदान सराहनीय रहा, जिन्होंने विषम परिस्थितियों में भी निर्बाध रूप से कार्य पूर्ण किया।द्वितीय चरण की तैयारियां शुरूतहसीलदार आशीष कुमार पांडे ने प्रथम चरण की सफलता पर सभी कर्मियों का आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने आगामी फरवरी 2027 में होने वाले द्वितीय चरण की जातिगत जनगणना के लिए अभी से कमर कसने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में सामने आई कुछ व्यावहारिक एवं स्थलीय कमियों को दूर करने हेतु तहसील में सहयोगी के रूप में नियुक्त लेखपाल मनीष को विशेष जिम्मेदारी दी गई है, ताकि द्वितीय चरण और अधिक सुचारु रूप से संपन्न हो सके। मड़िहान तहसील में केवल दो विकासखंड राजगढ़ और पटेहरा आते हैं, जिनमें आपसी स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के चलते यह उपलब्धि हासिल हुई है। तहसील प्रशासन की इस कार्यकुशलता की पूरे जनपद में चर्चा है।

# विधायक का जन्मदिन बढ़नी नगर में धूमधाम से मनाया गया



**स्वतंत्र भारत बढ़नी, सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विनय वर्मा के जन्मदिन के अवसर पर बढ़नी नगर स्थित पीडब्ल्यूडी डाक बंगला परिसर में एक सादगीपूर्ण लेकिन उत्साहपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान नगर के राजनीतिक, व्यापारी एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े गणमान्य लोगों की उपस्थिति में केक काटकर विधायक का जन्मदिन मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने विधायक विनय वर्मा के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। वक्ताओं ने अपने संबोधन में विधायक के जनसेवा कार्यों, क्षेत्र के विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता तथा जनता के बीच उनकी लोकप्रियता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विधायक विनय वर्मा लगातार क्षेत्र के विकास और जनसमस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। जन्मदिन समारोह के दौरान आपसी सौहार्द और उत्साह का माहौल देखने को मिला। उपस्थित लोगों ने केक काटने के बाद एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर प्रदीप कमलापुरी, विजय जायसवाल, संजय मित्तल, जावेद आलम, विजय पाठक, कन्हैया मित्तल, भानू सिंह, विवेक गुप्ता, चंदी बाबा, दिलीप पांडे, दुर्गेश पांडे सहित नगर के अनेक राजनीतिक, व्यापारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अनियंत्रित बाइक सवार गिरकर घायल

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के गजरिया बाण सागर नहर पर शुक्रवार की दोपहर बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने घायल युवक को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुड़पेली लेकर आये जंहा पर चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद अन्यत्र के लिए रेफर कर दिया है थाना क्षेत्र के फुलियारी गांव निवासी तेरसु का 18 वर्षीय चनज गुड्डू बाइक से पिपरा बाजार आया था की वापस घर लौटते समय बाइक सवार युवक गजरिया बाण सागर नहर पर अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने घायल युवक को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुड़पेली लेकर आये जंहा पर चिकित्सक मनीष कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया है बाइक सवार युवक ने हेलमेट नही पहना हुआ था।

# आकाशीय बिजली की चपेट में आने से युवक की मौत, तीन महिलायें झुलसी

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मुड़पेली गांव में शनिवार की दोपहर बारिश के दौरान दो स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने से किशोर

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर एसडीएम ने घायलों का जाना हाल

की मौत हो गई युवक और तीन महिलाये झूलस गया मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने एम्बुलेंस सेवा 108 से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में भर्ती कराया है सूचना पर पहुंची पुलिस ने किशोर के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैं। किशोर के परिजनों में कोहराम मच गया है घायलों का हाल जानने के लिए एसडीएम लालगंज ने स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचकर लिया है थाना क्षेत्र के परसिया मुड़पेली गांव निवासी 25 वर्षीय अजय कुमार अपने साथ



गांव निवासी 15 वर्षीय राजाराम के साथ बाइक से मुड़पेली गांव स्थित अदवा बैराज घूमने आये थे की उसी दौरान गरज चमक के साथ बारिश होने लगी की युवक व किशोर दोनों महुआ के पेड़ के नीचे रुक गए की आकाशीय बिजली गिरने से किशोर राजाराम की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि युवक झूलस कर बिहोश हो गया इसी प्रकार मुड़पेली गांव में आकाशीय बिजली गिरने से कच्चे मकान के अंदर बैठी 55 वर्षीय रमदेइया व बहु 27 वर्षीय रीता पत्नी पवन व रीता पत्नी विजय झुलस गई मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने एम्बुलेंस सेवा 108 से झूलसे युवक व महिलाओ को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक विवेक खरे द्वारा घायलो का उपचार किया जा रहा है मृत किशोर के परिजनों में कोहराम मच गया है । सूचना पर पहुंची पुलिस ने किशोर के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है सूचना मिलने पर उपजिलाधिकारी लालगंज अजीत कुमार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया पहुंचकर घायलों का हाल जाना है बेहतर उपचार के लिए चिकित्सक को निर्देश दिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की आकाशीय की चपेट में आने से किशोर की मौत हुई है शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है झूलसे युवक को तीन महिलाओ का उपचार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

# लंबित मामलों के निस्तारण हेतु एडीएम ने दिया, निर्देश



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमंडगंज थाना परिसर में आयोजित थाना समाधान दिवस में एडीएम वित्त, राजस्व विनोद कुमार सिंह ने फरियादियों की समस्या सुनी।इस दौरान कुल 16 प्रार्थना पत्र आए जिसमें एक प्रार्थना पत्र का मौके पर निस्तारण किया गया। एडीएम ने पूर्व में थाना समाधान दिवस पर दिए गए अधिकतर प्रार्थना पत्रों का निस्तारण नही किए जाने पर नाराजगी जताई। एडीएम ने संबंधित राजस्व निरीक्षक व लेखपालों को प्रार्थना पत्रों के त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया। एडीएम ने भूमि विवाद से संबंधित मामलों में लापरवाही नही बरतने का सख्त निर्देश देते हुए लेखपालों को मौके पर पहुंचकर मामले का निस्तारण कराने का निर्देश दिया। क्षेत्र के मड़वा धनावल गांव निवासी रामकली ने गड़बड़ा गोकुल गांव में भूमि पर अतिक्रमण व जबरन निर्माण कार्य कराने का विपक्षी पर आरोप लगाते हुए प्रार्थना पत्र दिया एडीएम ने प्रभारी निरीक्षक व संबंधित लेखपाल को मामले की जांच कर निस्तारण कराने का निर्देश दिया। देवरी उत्तर गांव निवासी लालता प्रसाद ने विपक्षी पर जबरन टीनशेड लगाकर भूमि पर कब्जा करने का आरोप लगाया। इस दौरान चंद्रगढ़ गांव निवासी निशा देवी के प्रार्थना पत्र का मौके पर निस्तारण किया गया।इस दौरान नायब तहसीलदार राजीव यादव, प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार,राजस्व निरीक्षक श्रीकृष्ण मिश्र, लेखपाल संजीव उपाध्याय, कृष्ण चंद्र मिश्र, राघवेन्द्र सिंह,प्रभात दुबे,पंकज दुबे आदि मौजूद रहे।

# मारपीट करने वाले चार नामजद व कुछ अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मतवार गांव निवासी इंद्र कुमार ने शनिवार को थाने में तहरीर देकर मारपीट करने वाले चार नामजद व कुछ अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है दी गई तहरीर में युवक ने बताया है की गत 12 जून को करीब दस बजे अपने रिस्तेदार के साथ बोलोरो से मध्य प्रदेश के सीधी जा रहे थे की देवरी तिराहे के पास मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिला के गढ़वा थाना क्षेत्र के बहेरी गांव निवासी आनंद, हेमराज, उपेंद्र व भूपेंद्र गुर्जर व कुछ अज्ञात मिलकर देशी कहा राड, पाइप ईट पत्थर लेकर जानलेवा हमला किये जिससे सिर में कई जगह फट गया है तथा शरीर में अन्य जगह भी चोटे आई है गाली गलौज व जान से मारने की धमकी दिए है जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घायल युवक को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भेज दिया जंहा पर चिकित्सक विवेक खरे द्वारा उपचार के बाद सिर में गंभीर चोट को देखते हुए सीटी स्कैन कराने के लिए मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की युवक के साथ मारपीट करने वाले चार नामजद व कुछ अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**

स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***

फोन : 0522-4043151

swatantrabharat77@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।

आरएनआई रजि. नं 2012/57 डाक पंजीयन सं. एस.एस.पी./एल.डब्ल्यू./एन.पी./313/2012-14
लखनऊ, रविवार, 14 जून 2026

# लेबनान संघर्ष से होर्मुज में सेवा शुल्क तक

## अराघची ने यूएस को गिना दीं समझौते की शर्तें



**तेहरान।** पश्चिम एशिया संघर्ष का कूटनीतिक हल खोजने की कोशिशें कामयाब होती नजर आ रही हैं। अमेरिका और ईरान की ओर से शांति समझौते को लेकर सकारात्मक प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। इस बीच ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि अमेरिका और ईरान के बीच प्रस्तावित समझौते में तेहरान के परमाणु कार्यक्रम, प्रतिबंधों में राहत और होर्मुज जलडमरूमध्य की स्थिति समेत कई महत्वपूर्ण मुद्दों को शामिल किया जाएगा।

ईरान की सरकारी मीडिया इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ब्रॉडकास्टिंग (आईआरआईबी) के अनुसार अब्बास अराघची ने कहा कि यह समझौता दो चरणों में होगा। उन्होंने बताया कि पहले चरण में परमाणु मुद्दे पर चर्चा नहीं हुई और इसे दूसरे चरण के लिए टाल दिया गया है।

ईरानी विदेश मंत्री ने कहा कि अगर समझौते में शामिल प्रावधानों का पालन नहीं किया गया तो अंतिम समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किए जाएंगे। अराघची ने कहा, समझौते में सबसे पहले अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी हटाने का जिक्र किया गया है। उन्होंने कहा, अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों से टोल वसूलना संभव नहीं है, लेकिन सेवा शुल्क लिया जाएगा। ईरान को मुआवजा देने की योजना भी इसमें शामिल है। विदेश मंत्री ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य अब भी ईरान और ओमान की संप्रभुता के तहत है। उन्होंने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य का भविष्य अतीत जैसा नहीं होगा। उन्होंने संकेत दिया कि इसके प्रबंधन को लेकर ईरान और ओमान जल्द ही एक संयुक्त बयान जारी करेंगे।

परमाणु कार्यक्रम के मुद्दे पर उन्होंने कहा, इस चरण में हमने परमाणु मुद्दों पर चर्चा नहीं की। हालांकि, संवर्धित परमाणु सामग्री को लेकर हमारी स्थिति स्पष्ट है कि अगर इसे कम करने की प्रक्रिया होगी तो वह ईरान के भीतर ही होगी, किसी अन्य देश में नहीं।

अराघची ने कहा, प्रारंभिक समझौते का मसौदा दो पृष्ठों का है। इसके अनुसार ईरान की कोई भी जब्त की हुई संपत्ति फ्रीज नहीं रह सकती। उन्होंने कहा कि इस समझौते में वॉशिंगटन और तेहरान के बीच तनाव के अन्य प्रमुख मुद्दों को भी शामिल किया जाएगा। इनमें अमेरिका की ओर से यह लिखित आश्वासन भी होगा कि वह ईरान की संप्रभुता का सम्मान करता है।

## रूस से तेल खरीद पर भारत को फिनलैंड का समर्थन

**हेलसिंकी।** रूस से तेल खरीदने के मामले में भारत को फ़िनलैंड से अप्रत्याशित समर्थन मिला। फ़िनलैंड की विदेश मंत्री एलिना वाल्टोनन ने कहा कि नई दिल्ली ने यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद पश्चिमी देशों द्वारा तय की गई तेल की कीमत की सीमा (प्राइस कैप) के दायरे में रहकर ही काम किया है। फ़िनलैंड में कुलतारंता टॉक्स के दौरान एक पैनल चर्चा में बोलते हुए फ़िनिश मंत्री ने कहा कि पश्चिमी देशों की प्राइस कैप व्यवस्था का मकसद कभी भी देशों को रूस से कच्चा तेल खरीदने से पूरी तरह रोकना नहीं था। इस चर्चा में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने वाल्टोनन और यूएई की सहायक विदेश मंत्री लाना नुसेबेह के साथ हिस्सा लिया था। वाल्टोनन ने कहा कि भारत के बचाव में यह कहा जा सकता है कि उसने प्राइस कैप के तहत तेल खरीदा है।



जल पर तैरती सुंदरता, मानो सफेद बादल धरती पर उतर आए हों। (फोटो : प्रणव कुकरेती)

## ब्रिटेन में भारतीय मूल के व्यक्ति को 34 साल की जेल

**लंदन।** ब्रिटेन में भारतीय मूल के व्यक्ति को अपहरण, टॉर्चर और रेप के अपराधों का दोषी पाए जाने के बाद शुक्रवार को 34 साल की जेल

■ किडनैपिंग और रेप के मामले में दोषी करार

की सजा सुनाई गई। आइलवर्थ क्राउन कोर्ट में चली सुनवाई के बाद 34 साल के गगनदीप सिंह को फरवरी में रेप के दो मामलों, गैर-कानूनी रूप से बंधक बनाने, इरादतन गंभीर शारीरिक चोट पहुंचाने और अपहरण का दोषी पाया गया था।

उसे 34 साल की सजा काटनी होगी, जिसमें 28 साल जेल में बिताने होंगे और उसके बाद कड़ी पाबंदियों के साथ छह साल की बढ़ी हुई लाइसेंस अवधि होगी। जब तक वह कम से कम 18 साल या जेल की सजा का दो-तिहाई हिस्सा पूरा नहीं कर लेता, तब तक उसे पैरोल देने पर विचार नहीं किया जा



सकता। सुनवाई के दौरान बताया गया कि 24 साल की पीड़ित महिला को पश्चिमी लंदन के हैनवेल में एक घर ले जाया गया, जहां उसे लंबे समय तक प्रताड़ित किया गया। जांच की अगुवाई करने वाली मेट्रोपॉलिटन पुलिस की नॉर्थ वेस्ट रेप एंड सीरियस सेक्सुअल ऑफेंस यूनिट की डिटेक्टिव कॉन्स्टेबल सीतारा अब्दुल ने कहा, इस मामले में पीड़ित ने जिस क्रूरता का सामना किया, उसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा, आगे आकर और हमलावर को सजा दिलाने में हमारी मदद करके उसने बहुत हिम्मत दिखाई है। उस पर जिस बेरहमी से नियंत्रण रखा गया था, उससे उसे अपनी जान का डर सताने लगा था। कोर्ट को बताया गया कि महिला को तब शक हुआ जब जून 2024 में उससे थाईलैंड से यूके तक एक सूटकेस लाने के लिए कहा गया, जिसमें अनजान चीजें थीं। उसने मना कर दिया लेकिन जब वह बर्मिंघम एयरपोर्ट पहुंची तो उसे एक कार में बिठाकर नकाबपोश लोग लंदन ले गए, जहां सिंह ने दो बार उसका रेप किया।

## बलूचिस्तान में पाक सेना ने की दो की हत्या, छह लापता

**क्वेटा (बलूचिस्तान)।** बलूचिस्तान में आम लोगों के खिलाफ हिंसा की घटनाएं लगातार जारी हैं। मानवाधिकार संगठनों ने शुक्रवार को दावा किया कि पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने दो और नागरिकों की गैर-न्यायिक हत्या कर दी है। जबकि छह अन्य लोगों को जबरन गायब कर दिया गया है। मानवाधिकार संगठन बलोच यकजेहती कमेटी (बीवाईसी) के अनुसार, 19 वर्षीय किसान शबीर अहमद का गोलियों से छलनी शव आठ जून को वाशुक जिले के बसीमा इलाके में मिला। वह एक महीने से अधिक समय से लापता था। बीवाईसी ने बताया कि शबीर को 27 अप्रैल को कथित तौर पर जबरन उठाया गया था। उसके परिवार को उसकी स्थिति या ठिकाने के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई थी। संगठन ने इस घटना की निंदा करते हुए कहा कि यह बलूचिस्तान में जबरन गायब किए जाने और बाद में शव मिलने की लगातार सामने आ रही घटनाओं का हिस्सा है। एक अन्य मामले में, पुलिस कांस्टेबल शाह हुसैन (26 वर्षीय) की पिछले महीने पंजगुर जिले के तस्प इलाके में कथित तौर पर हत्या कर दी गई। बीवाईसी के अनुसार, शाह को 29 अक्तूबर 2025 को जबरन गायब किया गया था। बाद में तीन नवंबर को रिहा किया गया था। संगठन का आरोप है कि इस दौरान उन्हें अवैध हिरासत में रखकर प्रताड़ित किया गया।

■ मानवाधिकार संगठनों ने किया खुलासा


## 'भारतीय जहाजों पर हमला बर्दाश्त नहीं'

**वॉशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच रविवार को होने वाले संभावित समझौते से ठीक पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप का एक बड़ा और

■ ट्रंप ने ईरान पर फोड़ा ठीकरा

■ बातचीत से पहले तेहरान पर लगाए बड़े आरोप

बेहद आक्रामक बयान सामने आया है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर ईरान को कड़ी चेतावनी दी है और धोखाधड़ी का आरोप भी लगाया। इसके साथ ही उन्होंने होर्मुज जलडमरूमध्य के पास भारतीय जहाजों पर हुए ड्रोन हमले का जिक्र करते हुए ईरान को आड़े हाथों लिया। बीते दिनों होर्मुज में भारतीय जहाजों पर हुए हमले को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने बड़ा दावा किया। अपने पोस्ट में एक बेहद चौंकाने वाला खुलासा करते हुए उन्होंने बताया कि बीती रात ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे भारतीय जहाजों को निशाना बनाने की कोशिश की थी। ट्रंप ने जोर देते हुए कहा कि बीती रात होर्मुज जलडमरूमध्य से निकल रहे भारतीय जहाजों पर ईरान ने जो ड्रोन हमला किया था, जिसे पूरी तरह नाकाम कर दिया गया। ट्रंप इस हमले को लेकर ईरान को जिम्मेदार बताते हुए कहा कि भारतीय जहाजों पर हमला अब बर्दाश्त नहीं। ईरान को अपनी हरकतें सुधारनी होंगी और वह भी बहुत जल्द। राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान द्वारा मीडिया में लीक की गई शर्तों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि ईरान ने फेक न्यूज को जो शर्तें लीक की हैं, उनका उस समझौते से दूर-दूर तक कोई लेना-देना नहीं है जो लिखित में तय हुआ है। उन्होंने कहा कि ईरान ने डील



को लेकर जो भी कमजोर और दयनीय बयानबाजी की है, वह सच्चाई से बिल्कुल परे है। इसके अलावा ईरान की कूटनीति पर तीखा हमला करते हुए ट्रंप ने कहा कि ईरान बेहद धोखेबाज है और उसके साथ बातचीत में ईमानदारी जैसी कोई चीज नहीं होती। उन्होंने ईरान के रवैये को बेहद शर्मनाक बताया है। गौरतलब है कि इससे पहले ईरान की सरकारी मीडिया ने दावा किया था कि वह समझौते के तहत होर्मुज जलडमरूमध्य पर अपना नियंत्रण नहीं छोड़ेगा। अब डोनल्ड ट्रंप के इस जवाबी और तीखे हमले ने साफ कर दिया है कि रविवार को होने वाले समझौते से पहले दोनों देशों के बीच कूटनीतिक जंग और ज्यादा हिंसक और आक्रामक मोड़ ले चुकी है।

## पीओके में अब तक 46 प्रदर्शनकारियों की मौत

**मुजफ्फराबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में बीते 4 दिनों से चल रहे आंदोलन में अब तक 46 प्रदर्शनकारियों की

■ शरणार्थी सीटें खत्म करने के लिए आंदोलन, पाकिस्तानी सेना का विरोध

मौत हो गई है। सूत्रों के मुताबिक, चार दिनों में 1100 से ज्यादा लोगों की भी गिरफ्तारी हुई है। दरअसल, पीओके में विधानसभा की 12 आरक्षित सीटों लेकर विवाद चल रहा है। ये सीटें उन शरणार्थियों के लिए आरक्षित हैं जो जम्मू-कश्मीर से पाकिस्तान के अन्य हिस्सों में जाकर बसे थे। पीओके सुप्रीम कोर्ट ने 7 जून को आरक्षण खत्म करने की मांगों को खारिज कर दिया और कहा कि संवैधानिक संशोधन सरकार से छीनी जाने वाली कोई रियायत नहीं है। इस फैसले के बाद जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी (जैक) इन सीटों को खत्म करने की मांग को लेकर आंदोलन कर रही है। इस वजह से मुजफ्फराबाद, मीरपुर में बाजार, स्कूल, कॉलेज और दफ्तर बंद हैं। नेटबंदी भी जारी है। इससे घाटी बाहरी दुनिया से कटी हुई है। इससे प्रदर्शनकारियों का जोश कम नहीं हुआ है। उनमें नाराजगी और बढ़ गई है।

### अमेरिका के वरिष्ठ अधिकारी का बड़ा दावा

## ईरान कभी परमाणु हथियार नहीं बनाएगा

**वॉशिंगटन।** पश्चिम एशिया की राजनीति में एक बार फिर बड़ा मोड़ आता दिखाई दे रहा है। अमेरिका ने दावा किया है कि

■ समझौते की उम्मीद बढ़ी

प्रस्तावित समझौते के तहत ईरान ने अनिश्चितकाल तक परमाणु हथियार विकसित न करने और न ही उन्हें हासिल करने की प्रतिबद्धता जताई है। ट्रंप प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी के इस बयान ने ऐसे समय में नई चर्चा छेड़ दी है, जब लंबे समय से ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर वैश्विक स्तर पर तनाव बना हुआ है। यदि यह समझौता अंतिम रूप लेता है, तो यह न केवल अमेरिका-ईरान संबंधों में बल्कि पूरे पश्चिम एशिया के सामरिक समीकरणों में बड़ा बदलाव ला सकता है। पश्चिम एशिया की राजनीति में एक बार फिर बड़ा मोड़ आता दिखाई दे रहा है। अमेरिका ने दावा किया है कि प्रस्तावित समझौते के तहत ईरान ने अनिश्चितकाल तक परमाणु हथियार विकसित न करने और न ही उन्हें हासिल करने की प्रतिबद्धता जताई है। ट्रंप प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी के इस बयान ने ऐसे समय में नई चर्चा छेड़ दी है, जब लंबे समय से ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर वैश्विक स्तर पर तनाव बना हुआ है। यदि यह समझौता अंतिम रूप लेता है, तो यह न केवल अमेरिका-ईरान संबंधों में बल्कि पूरे पश्चिम एशिया के सामरिक समीकरणों में बड़ा बदलाव ला सकता है। अमेरिकी अधिकारी के अनुसार प्रतिबंधों में ढील सीधे तौर पर ईरान की कार्रवाई से जुड़ी होगी। यदि ईरान परमाणु कार्यक्रम से जुड़े अपने वादों को पूरा करता है और निरीक्षण प्रक्रिया में सहयोग करता है, तभी उसे आर्थिक लाभ मिलेंगे। अमेरिका का कहना है कि समझौते को इस तरह तैयार किया गया है कि दोनों पक्षों को एक साथ लाभ मिले। यानी पहले सत्यापन होगा और उसके बाद ही प्रतिबंधों में राहत दी जाएगी।

## अमेरिकी हमले में ट्रेन डी अरागुआ गैंग का सरगना ढेर

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि अमेरिका ने एक सैन्य अभियान में कुख्यात आपराधिक संगठन ट्रेन डी आरगुआ के

■ यूएस में हिंसा और नशे के लिए जिम्मेदार था

सरगना हेक्टर रस्टेनफोर्ड गुएरो फ्लोरेस को ढेर कर दिया है। ट्रंप ने कहा कि यह कार्रवाई वेनेजुएला के सहयोग से की गई। अमेरिका पहले ही ट्रेन डी अरागुआ को आतंकवादी संगठन घोषित कर चुका है। उसके ऊपर पचास लाख डॉलर का इनाम था। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि सप्ताह की शुरुआत में वेनेजुएला में गैंग के एक ठिकाने पर यह सैन्य कार्रवाई की गई थी। गुरेरो फ्लोरेस पर न्यूयॉर्क की एक संघीय अदालत में आपराधिक साजिश रचने, आतंकवादियों को समर्थन देने और अन्य गंभीर अपराधों के आरोप लगाए गए थे। अमेरिकी विदेश विभाग ने उसकी गिरफ्तारी से जुड़ी जानकारी देने वालों के लिए 50 लाख डॉलर तक के इनाम की घोषणा की थी। अपने सोशल मीडिया पोस्ट में ट्रंप ने कहा, ट्रेन डी अरागुआ के आतंकवादियों के लिए अब वेनेजुएला या दुनिया के किसी भी हिस्से में सुरक्षित ठिकाना नहीं बचा है। मेरे नेतृत्व में हम इन खूंखार हत्यारों और ड्रग माफियाओं को कहीं भी खोज निकालेंगे और उन्हें उनके अंजाम तक पहुंचाएंगे।

## राष्ट्रपति ट्रंप पर ईरान का जोरदार पलटवार

**तेहरान।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका और ईरान के बीच आरोप-प्रत्यारोप का नया दौर शुरू हो गया है। इस बार विवाद

■ भारतीय नाविकों की मौत को लेकर अमेरिका पर लगाए गंभीर आरोप

के केंद्र में भारतीय नाविकों की मौत और होर्मुज जलडमरूमध्य में हुए जहाजों पर हमले हैं। ईरान ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस दावे को सिरे से खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने भारतीय नाविकों को ले जा रहे जहाजों पर हमलों के लिए ईरान को जिम्मेदार ठहराया था। ईरान ने इसे बेबुनियाद आरोप बताते हुए उल्टा अमेरिका पर ही भारतीय जहाजों को निशाना बनाने का आरोप लगाया है। इस घटनाक्रम ने क्षेत्रीय तनाव के साथ-साथ भारत से जुड़े मानवीय पहलू को भी चर्चा के केंद्र में ला दिया है।

ईरान के भारत स्थित दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी बयान में कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति का आरोप पूरी तरह निराधार है। दूतावास ने दावा किया कि एक सप्ताह से भी कम समय में अमेरिका ने तीन भारतीय जहाजों पर हमला किया, जिसमें तीन भारतीय नाविकों की जान चली गई। ईरान ने कहा कि ट्रंप का बयान असली मुद्दे से लोगों का ध्यान हटाने की कोशिश है। ईरानी पक्ष ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए अमेरिका पर क्षेत्र में तनाव बढ़ाने का आरोप लगाया। इस बयान के बाद दोनों देशों के बीच जुबानी जंग और तेज हो गई है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने भारतीय नाविकों की मौत पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भारतीय नागरिकों की जान जाना बेहद दुखद है और इसके लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। बघाई ने अमेरिका की कार्रवाई को सशस्त्र लूट और राज्य प्रायोजित समुद्री डकैती करार दिया। उन्होंने भारतीय जनता और मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना भी व्यक्त की। ईरान का कहना है कि समुद्री मार्गों की सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय कानूनों का सम्मान सभी देशों की जिम्मेदारी है।

## उत्तर कोरिया पर अमेरिका की सख्ती बढ़ी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने उत्तर कोरिया को निर्यात किए जाने वाले कुछ चिकित्सा उपकरणों पर नियंत्रण और कड़ा कर दिया है। अमेरिकी वित्त विभाग ने ऐसे मेडिकल उपकरणों की सूची जारी की है, जिनके उत्तर कोरिया निर्यात के लिए अब विशेष सरकारी अनुमति लेना जरूरी होगा। अमेरिकी वित्त विभाग के ऑफिस ऑफिस ऑफ फॉरेन एसेट्स कंट्रोल ने गुरुवार को यह सूची जारी की। इसके तहत अब कुछ चिकित्सा उपकरण सामान्य लाइसेंस के दायरे से बाहर कर दिए गए हैं। पहले सामान्य लाइसेंस के तहत कुछ कृषि उत्पादों, दवाओं और चिकित्सा उपकरणों के निर्यात की अनुमति थी। ओएफएसी के अनुसार, सूची में शामिल उपकरणों को उत्तर कोरिया भेजने से पहले विशेष स्वीकृति प्राप्त करनी होगी। यह नियम गुरुवार से प्रभावी हो गया है।

### पर्यावरण संरक्षण

### मच्छरों की आबादी घटाने के लिए गूगल ने निकाली गजब तरकीब

## बीमारी वाली प्रजातियों के खात्मे की बनाई योजना

**वॉशिंगटन।** मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों पर नियंत्रण के लिए अमेरिका में एक अनोखी योजना सामने आई है। तकनीकी कंपनी गूगल ने अमेरिकी पर्यावरण संरक्षण एजेंसी (ईपीए) से फ्लोरिडा और कैलिफोर्निया में करोड़ों नर मच्छरों को छोड़ने की अनुमति मांगी है। इन मच्छरों को इस तरह तैयार किया गया है कि वे जंगली मादा मच्छरों के साथ प्रजनन तो करें, लेकिन उनकी संतानों का विकास न हो सके।

वैज्ञानिकों का मानना है कि इससे समय के साथ स्थानीय मच्छर आबादी में बड़ी गिरावट आ सकती है। अमेरिकी फेडरल रजिस्टर में प्रकाशित आवेदन और उससे जुड़ी जानकारी के अनुसार यह प्रस्तावित परीक्षण अमेरिका में मच्छर नियंत्रण के लिए एक नई जैविक रणनीति की व्यवहारिकता को परखने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

फ्लोरिडा और कैलिफोर्निया जैसे राज्यों में गर्म मौसम और स्थिर जल स्रोत मच्छरों के प्रजनन के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करते हैं।




गूगल जिन नर मच्छरों को छोड़ना चाहता है, उनमें वोल्बाकिया नामक बैक्टीरिया मौजूद है। यह सूक्ष्मजीव पृथ्वी पर पाई जाने वाली लगभग आधी कीट प्रजातियों में स्वाभाविक रूप से पाया जाता है और मनुष्यों या अन्य कशेरुकी (वर्टिब्रेट्स) जीवों को संक्रमित नहीं करता। वैज्ञानिकों ने केवल नर मच्छरों को छोड़ने की योजना बनाई है क्योंकि नर मच्छर खून नहीं चूसते और इंसानों को नहीं काटते। वे पौधों के रस पर जीवित रहते हैं और उनका मुख्य उद्देश्य मादा मच्छरों के साथ प्रजनन करना होता है। जब वोल्बाकिया से संक्रमित नर मच्छर किसी ऐसी जंगली मादा के साथ प्रजनन करता है जिसमें वही बैक्टीरिया नहीं होता, तो अंडों का विकास नहीं हो पाता। वैज्ञानिक इस प्रक्रिया को साइटोप्लाज्मिक इनकम्पैटिबिलिटी कहते हैं। सरल शब्दों में बैक्टीरिया की असंगति भ्रूण बनने की प्रक्रिया को रोक देती है।

**दुनिया के अन्य देशों में मिले उत्साहजनक परिणाम**

इस तकनीक का सबसे मजबूत प्रमाण सिंगापुर और चीन जैसे देशों में हुए परीक्षणों से मिला है। सिंगापुर में तीन वर्षों तक चले एक अध्ययन में डेंगू फैलाने वाले मच्छरों की स्थानीय आबादी में 90 प्रतिशत से अधिक की कमी दर्ज की गई। कई क्षेत्रों में डेंगू संक्रमण के मामलों में भी 70 से 90 प्रतिशत तक गिरावट देखी गई। चीन में इसी तकनीक से एशियाई टाइगर मच्छर की आबादी को लगभग समाप्त करने में सफलता हासिल की।

बाजार दर्पण




विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
विराम खण्ड, राम भवन के सामने
गोमती नगर लखनऊ
मोबाइल: 9415016089